ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 15 जून 2024
वर्ष 2, अंक 295, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी 2
11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा 14

## टैंकर से टकराने के बाद डंपर में लगी आग, जिंदा जले ड्राइवर और हेल्पर

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

- औरैया में बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर हुआ हादसा, लगा लंबा जाम

**अमृत विचार** : बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार दोपहर टैंकर से रगड़कर आगे निकला डंपर डिवाइडर से टकराकर आग का गोला बन गया। इस हादसे में क्लीनर व चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस एवं दमकल ने आग पर काबू पाया। देरी से पहुंचने पर यूपीडा एवं डायल 112 के कर्मचारियों से ग्रामीणों की झड़प भी हुई।

अछल्दा मोहम्दाबाद रोड से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर दोपहर करीब 3 बजे मैनपुरी से खाली डंपर भिंड जा रहा था। आशा गांव के पास डिवाइडर में लगे पौधों पर पानी डाल रहे टैंकर से डंपर रगड़ गया। इसके बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया जिससे डंपर में आग लग गई। आग लगने से हेल्पर भदौरिया (50) निवासी भरौली भिंड मध्यप्रदेश तथा चालक शिष्यपाल उर्फ सोनू (40) निवासी मौरारा भिंड मध्यप्रदेश डंपर की केबिन में फंस गए। कुछ देर में हेल्पर जलते हुए नीचे गिरा तो ग्रामीणों ने कंबल ओढ़ा कर आग बुझा दी, लेकिन चालक जलते केबिन में ही फंसकर रह गया। करीब एक घंटे बाद पहुंची दमकल ने आग बुझाकर चालक के शव को बाहर निकाला। गंभीर रूप से झुलसे हेल्पर को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां उसकी भी मौत हो गई। घटनास्थल पर देरी से पहुंचने पर आक्रोशित ग्रामीणों की यूपीडा कर्मियों एवं डायल 112 कर्मियों के साथ झड़प हो गई। घटनास्थल पर पहुंचे सीओ महेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी भूपेन्द्र राठी, थाना प्रभारी अशोक कुमार उपाध्याय, यूपीडा के प्रभारी केएस सिन्हा व कल्लू सिंह ने जाम खुलवाया।

## थोक महंगाई मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% पर

### सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर


नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.26 प्रतिशत थी। मई 2023 में यह शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रहा।

### चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

**मुंबई।** निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी, जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 0.78 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी।




### एक नजर

#### स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 28 जून तक बढ़ाई गईं

**लखनऊ।** भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश में कक्षा एक से आठ तक के सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 17 जून से बढ़ाकर 28 जून तक कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने आदेश जारी करते हुए कहा कि 25 जून से शिक्षक विद्यालय पहुंचकर व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। बच्चों की पढ़ाई 28 जून से शुरू होगी। इसके लिए प्रातः 7:30 से 10:30 बजे का समय निर्धारित किया गया है जबकि शिक्षकों को दिन में डेढ़ बजे तक स्कूल में रुकना होगा।

#### कॉर्बेट का ढिकाला जोन 14 नवंबर तक बंद

**रामनगर।** विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट पार्क का ढिकाला पर्यटन जोन शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद हो गया है। अब ढिकाला जोन 15 नवंबर को पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। वन अधिकारियों के अनुसार, 15 जून 2023 से 14 जून 2024 तक ढिकाला में 4.32 लाख पर्यटक पहुंचे और 26 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। कॉर्बेट के निदेशक डॉ. धीरज पांडेय ने बताया कि कि हर वर्ष मानसून के दौरान ढिकाला पर्यटन जोन सुरक्षा के मद्देनजर 15 जून से 14 नवंबर तक के लिए बंद कर दिया जाता है। बारिश में नदी-नालों के उफान पर आने से पार्क में जाने वाले सभी मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाते हैं इसलिए मानसून में यह जोन बंद रहता है।

# राम मंदिर पर आतंकी हमले की मिली धमकी, बढ़ाई गई सतर्कता

### इससे पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल फोन पर मिल चुकी है धमकी

- आतंकी संगठन जैश ने जारी किया है धमकी का वीडियो

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : राम मंदिर पर आतंकी हमले का आडियो वायरल होने के बाद अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। किसी प्रकार का हलचल न मचने पाए इसे लेकर सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा को लेकर अतिसंवेदनशील राम जन्मभूमि पर पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल पर हमले की धमकी मिल चुकी है।

सोशल मीडिया के साथ मीडिया में शुक्रवार को एक आडियो वायरल हुआ है। जिसमें आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े किसी आमिर नामक शख्स की ओर से मस्जिद की जमीन पर मंदिर का निर्माण किए जाने का हवाला देते हुए बदला लेने की बात कही जा रही है। मामला चर्चा में आने के बाद अयोध्या में सुरक्षा तथा ख़ुफ़िया एजेंसियों के फ़ोन घनघनाने लगे। मुख्यालय से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से मामले की जानकारी ली गई। अयोध्या में सतर्कता के साथ रामजन्मभूमि समेत अन्य मठ-मंदिरों पर जांच व तलाशी का कार्य पूर्व की भांति चलता रहा।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या के अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद की धमकी को गंभीरता से लिया गया है। अयोध्या में पहले से मौजूद एटीएस, एसटीएफ, सीआरपीएफ, एसएसएफ की टीम को और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खुफिया विभाग को सतर्क किया गया है। रेलवे, स्टेशन, बस स्टेशन पर तैनात फोर्स को सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, अयोध्या के एसएसपी ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हालांकि धमकी दिए जाने पर कुछ भी बोलने से इन्कार किया है। अयोध्या पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि धमकी देने वाला संगठन चाहे लश्करे तैयबा हो या जैश ए मोहम्मद, अथवा फिर इनके अब्बा। जो भी इधर नजर उठाएगा, वह सीधा जहन्नुम जाएगा।

### कुछ दिन पूर्व इंस्टाग्राम पर पोस्ट हुई थी धमकी, निकली थी शरारत

कुछ दिन पूर्व राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई थी, डायल 112 को फोन किया गया था। तब भी पुलिस ने सतर्कता के तहत जांच शुरू कराई थी। कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के बलुआ तकिया निवासी एक 16 वर्षीय किशोर की पहचान की गई थी। इसी लड़के की ओर से मुंबई के ताज होटल और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को उड़ाने की धमकी भी दी गई थी। पड़ताल में धमकी देने वाला लड़का मानसिक मंदित मिला था।

> इस तरह के थ्रेट के लिए निर्धारित एसओपी के अंतर्गत जांच होती है। अयोध्या एसएसपी मामले को देख रहे हैं। जो भी तथ्य सामने आएगा उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। - **अमरेंद्र सेंगर**, एडीजी, लखनऊ जोन

> अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न एरिया में विभाजित करते हुए वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। हर जोन में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। जिला पुलिस के अलावा पीएसी की भी कई कंपनियां पहले से ही तैनात हैं।
> -**राज करण नैय्यर**, एसएसपी अयोध्या



## कुवैत से 45 भारतीयों के शव लेकर पहुंचा वायुसेना का विमान

कोच्चि, एजेंसी

- 31 शव कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए, 14 को ले जाया गया दिल्ली
- केरल के सीएम विजयन, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने दी श्रद्धांजलि

कुवैत की एक बहुमंजिला इमारत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले 45 भारतीय कामगारों का शव लेकर वायुसेना का विमान शुक्रवार को भारत पहुंचा। इनमें से 31 लोग दक्षिणी राज्यों से थे जिनके शवों को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारने के बाद शेष 14 शवों को दिल्ली ले जाया गया।

हवाई अड्डे पर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुवैत से भारतीयों के शव लेकर आया भारतीय वायुसेना का विमान शुक्रवार को 10.30 बजे कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। वायुसेना के सी-130जे परिवहन विमान से लाए गए 45 में से 31 शवों को यहां उतारा गया। इसके बाद विमान अन्य शवों को लेकर दिल्ली रवाना हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कुवैत अग्निकांड में मारे गए दक्षिण राज्यों के 31 लोगों में केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है। मुख्यमंत्री विजयन ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि प्रवासी भारतीय केरल की जीवन रेखा हैं और अग्निकांड में इतनी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की मौत देश के लिए एक बड़ी आपदा के समान है। यह मृतकों के परिजनों के लिए कभी पूरी न होने वाली क्षति है। कुवैत सरकार ने इस हादसे के बाद प्रभावी कार्रवाई की और भारत सरकार ने भी अच्छे तरीके से सहयोग किया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उचित कदम उठाने की जरुरत है।

पर्यटन एवं पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी भी मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कोच्चि हवाई अड्डे पर मौजूद थे। मृतकों के शवों को लाने वाले वायुसेना के विमान में आए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और तमिलनाडु के अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री के एस मस्थान ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।



कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए कुवैत हादसे में मृत भारतीयों के शव। ● एजेंसी

## बांदा और मिर्जापुर के चकबंदी अधिकारी निलंबित, मैनपुरी में भी कई पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अन्य लापरवाह अधिकारियों की भी रिपोर्ट मुख्यमंत्री ने मांगी

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने भ्रष्टाचार व कार्य में लापरवाही के आरोप में बांदा के चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप और मिर्जापुर के चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मैनपुरी के अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। जल्द ही मुख्यमंत्री कार्यालय को अन्य लापरवाह अधिकारियों की भी रिपोर्ट सौंपे जाने की तैयारी है।

बांदा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धारा-27 व 52 के अंतर्गत लक्षित ग्राम उमरेंहडा का कार्य पूरा न करने, ग्राम बहिंगा में सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर सृजित चकों की त्रुटियों का निराकरण कर कार्य आगे बढ़ाने के बजाय ग्राम को सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर प्रत्यावर्तित करने, सीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से न्यायालय न चलाने और ग्राम उमरेंहडा के गाटा संख्या-1331 का रकबा बन्दोबस्त से अधिक बढ़ाने पर चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप को निलंबित किया गया है। मिर्जापुर में ग्राम नवैया की चक संख्या-950 आदि से मृतक शेषनरायन सिंह की वरासत बिना जांच चार बार अलग-अलग आदेश जारी करने और वाद संख्या-174, धारा-12 में बिना दस्तावेज परीक्षण और जांच के नामान्तरण आदेश पारित करने पर चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलंबित किया गया है। वहीं मैनपुरी में चकबंदी अधिकारी मो. साजिद, चकबंदीकर्ता काली चरण और रविकांत, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और अजय कुमार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मैनपुरी के ही उप संचालक चकबंदी, एडीएम एफआर रामजी मिश्र को कारण बताओ नोटिस दी गई है।

## चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की दैनिक निर्धारित सीमा समाप्त

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार गढ़वाल आयुक्त/अध्यक्ष चारधाम यात्रा प्रशासन ने ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारधाम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित की गई सीमा को समाप्त कर दिया है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि यात्रा की शुरुआत में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने पर चारधाम के दर्शन के लिए निश्चित संख्या में ही श्रद्धालुओं को अनुमति दी जा रही थी। वर्तमान में भीड़ सामान्य होने के बाद यह निर्धारित संख्या की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भौतिक रूप से मौजूद होकर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष जहां शुरुआती माह में 12,35,517 श्रद्धालु पहुंचे थे, वहीं इस वर्ष 19,64,912 श्रद्धालु पहुंचे हैं। यह पिछले वर्ष की अपेक्षा डेढ़ गुना अधिक है।

## ट्रेन के पहियों से उठी चिंगारी व धुएं से मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- कई यात्री ट्रेन रुकने से पहले ही कोच से कूदकर हुए घायल
- लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट के पहियों के ब्रेक-शू हुए थे जाम

**अमृत विचार** : लखनऊ से चंडीगढ़ जा रही सुपरफास्ट ट्रेन (15011) के पहियों में चंदक रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले चिंगारियां उठीं और धुआं निकलने लगा। धुआं कोच में भरने लगा तो घबराए यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। कई यात्री ट्रेन रुकने से पहले ही कूद गए। इससे वे चोटिल हो गए। इस दौरान देहरादून से लखनऊ जा रही वंदे भारत को भी रोकना पड़ा।

चंदक के स्टेशन मास्टर अमित कुमार ने बताया कि लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट शुक्रवार सुबह नौ बजे मुज्जमपुर नारायण स्टेशन पर पहुंची। चंदक रेलवे स्टेशन से करीब डेढ़ किमी पहले ट्रेन की गति धीमी होते ही यात्री कूदने लगे। कुछ देर बाद ट्रेन रुकते ही सभी यात्री नीचे उतर गए और आग लगने की आशंका में जंगल की ओर दौड़े। सूचना के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच की तो पता चला कि ट्रेन के पहियों से धुआं निकल रहा है। स्टेशन मास्टर ने बताया कि ब्रेक शू जाम होने की वजह से चिंगारी और धुआं उठा था।

## गृहमंत्री ने की जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर हमले समेत हाल में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शाह ने 16 जून को एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को गृहमंत्री को जम्मू-कश्मीर के हालात और वहां आतंकवादी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों के चार स्थानों पर हमला किया है, जिसमें नौ तीर्थयात्रियों के अलावा एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई, जबकि सात सुरक्षाकर्मियों समेत अन्य लोग घायल हो गए।

**कल होगी उच्च स्तरीय बैठक**

## सिक्किम में भूस्खलन से 6 की मौत, कई लापता

गंगटोक, एजेंसी

- लगातार बारिश के चलते सड़क ढहने से कई पर्यटक फंसे
- तीस्ता नदी में जलस्तर बढ़ने से आसपास के तमाम घर ढहे

सिक्किम का उत्तरी इलाका लगातार हो रही बारिश के कारण एक बार फिर से बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में गया है। बारिश जनित घटनाओं में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है तथा कई अन्य लोग लापता हैं।

गुरुवार सुबह से देर रात तक जारी बारिश के चलते भारी तबाही हुई है। सड़क ढहने से कई पर्यटक फंस गए हैं। तिस्ता नदी में जल बढ़ने से आसपास के घर ताश की पत्तों की तरह ढह गए। इस बीच, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने जिला प्रशासन को तुरंत राहत और बचाव के सारे प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक अंबीथांग (रंगरंग के पास) तीन लोग लापता हो गए हैं। पक्षेप (मंगन के पास) दो लोग लापता हो गए हैं, जबकि एक शव बरामद हुआ। इसी तरह से गेयथांग (जंगु) में तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नामपथांग (पेंटोक, मंगन के पास) कई घर क्षतिग्रस्त हो गए व सड़क अवरुद्ध हो गई। ब्रिंगबोंग ओपी के पास में दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया।

## सिम के लिए शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं : ट्राई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उसने इन सीमित संसाधनों का कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल या लैंडलाइन नंबर खरीदने के लिए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। ट्राई ने इस महीने राष्ट्रीय नंबरिंग योजना के संशोधन पर एक परामर्श पत्र जारी किया और सिफारिशों का मसौदा तैयार करने के लिए हितधारकों से टिप्पणियां मांगीं। ट्राई ने कहा कि हमारे ध्यान में आया है कि कुछ मीडिया हाउस ने रिपोर्ट की है कि ट्राई ने मोबाइल और लैंडलाइन नंबरों के लिए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। यह अटकलें बिल्कुल गलत है।

## सीबीआई जांच की याचिका पर केंद्र-एनटीए से मांगा जवाब

### नीट-यूजी : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह में जवाब देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। नीट-यूजी को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। पीठ हितेन सिंह कश्यप द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



- गर्मी की छुट्टियों के बाद 8 जुलाई को सभी लंबित व जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगी कोर्ट

पीठ ने कहा कि अन्य लंबित याचिकाओं के साथ ही इस जनहित याचिका पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी, जब सर्वोच्च अदालत गर्मी की छुट्टियों के बाद बैठेगी। पीठ संक्षिप्त सुनवाई के दौरान उस समय अप्रसन्न हो गई जब एक वकील ने सीबीआई जांच के लिए अपने मामले को मजबूत बनाने के लिए राजस्थान के कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने का जिक्र किया। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि यहां अनावश्यक भावनात्मक दलीलें नहीं दें। सीबीआई जांच का आदेश देने के लिए पेश दलीलों पर पीठ ने कहा कि कोई आदेश पारित करने से पहले एनटीए का जवाब आवश्यक है। वकील ने कहा कि यह 24 लाख छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला है। इस पर पीठ ने कहा कि हम समझते हैं। हम इन सबके प्रति सजग हैं।

### खामियां मिलीं तो तय की जाएगी जवाबदेही : प्रधान

**नई दिल्ली।** नीट को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही तय की जाएगी। जिन छह केंद्रों पर परीक्षा के प्रश्नपत्र गलत तरीके से वितरित किए गए थे और उम्मीदवारों को समय की बर्बादी के लिए कृपांक दिया गया था, उनके खिलाफ कार्रवाई पर प्रधान ने कहा कि हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। जवाबदेही तय की जाएगी।

### सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पांच मई को आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी), 2024 से संबंधित विवाद को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं की जांच के लिए उन्हें अपने पास स्थानांतरित करने का शुक्रवार को फैसला किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका पर यह फैसला किया।



# नेपाल के सामने लगातार चौथी जीत दर्ज करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

**किंग्सटाउन (सेंट विन्सेंट), एजेंसी**

**मुकाबला : सुबह 5 :00 बजे**



तीन जीत के साथ सुपर 8 में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी मैच में शनिवार को नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा।

टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। अब तक कागिसो रबादा, मार्को यानेसन और ओटनील बार्टमैन ने तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्किया का अच्छा साथ निभाया है जबकि स्पिनर विभाग में दारोमदार अनुभव केशव महाराज के कंधों पर रहा है। महाराज ने पिछले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 20वां ओवर करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई थी। दक्षिण अफ्रीका को साथ ही उम्मीद होगी कि क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स, कप्तान एडेन मार्कराम और ट्रिस्टन स्टब्स की मौजूदगी वाला उसका शीर्ष क्रम सुपर आठ चरण से पहले लय हासिल करने में सफल रहेगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे से खेला जाएगा।

# कोहली की फॉर्म पर रहेगी नजर, बारिश का अंदेशा

**लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी**



भारत टी-20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है।

भारत पहले ही सुपर 8 में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। आरसीबी की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी-20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक' भी शामिल है। शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है। ऋषभ और सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा।

**मुकाबला : रात 8 :00 बजे**

दूसरी तरफ कनाडा ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रन की जीत के साथ अपनी क्षमता दिखाई है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन जैसे खिलाड़ी विरोधी टीम को हैरान करने में सक्षम हैं। हालांकि कनाडा के बल्लेबाजों के लिए भारत की मजबूत टीम को हराना आसान नहीं होगा। मैच में हालांकि बारिश का खलल पड़ने की आशंका है। यह टूर्नामेंट के आयोजकों के लिए चिंता की स्थिति है। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।



**मुकाबला : सुबह 6 :00 बजे**

## बाहर हुई न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

**तारोबा।** टी–20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान की पापुआ न्यू गिनी पर जीत ने न्यूजीलैंड को सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नयी टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।

# पीएनजी को हराकर सुपर 8 में अफगानिस्तान

## अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फारूकी ने झटके तीन विकेट, पापुआ न्यू गिनी की पूरी टीम को 95 रनों पर समेटा



पापुआ न्यू गिनी खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद एक दूसरे को बधाई देते मोहम्मद नबी व गुलबदिन। ● एजेंसी

**20** जून को अपने पहले सुपर 8 मुकाबले में भारत से बारबडोस में भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

**49** रन की शानदार पारी 36 गेंद में नाबाद खेलकर गुलबदिन नैब ने टीम को दिलाई जीत, नबी ने बनाए 16 रन

**तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी**

फजलहक फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हराकर पहली बार टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (16 रन पर तीन विकेट) और नवीन (चार रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई।

इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुलबदिन नैब ने 36 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। अफगानिस्तान सुपर आठ चरण में पहला मैच 20 जून को बारबडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी।

राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारूकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारूकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई। अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं। पीएनजी की ओर से किपलिन डोरिगा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज टोरी ऊरा (11) और एलेई नाओ (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

## टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 1 | 3 | 3.081 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -2.098 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| युगांडा (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.425 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

## स्कोर बोर्ड

**पापुआ न्यू गिनी 95/10 (19.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टोनी ऊरा बोल्ड नवीन उल हक | 11 | 18 | 1/0 |
| असद रन आउट (फारुकी/गुरबाज) | 3 | 2 | 0/0 |
| सियाका कैच गुरबाज बोल्ड फारुकी | 0 | 1 | 0/0 |
| सेसे बाऊ कैच गुरबाज बो फारुकी | 0 | 1 | 0/0 |
| हिरी हिरी बोल्ड नवीन उल हक | 1 | 3 | 0/0 |
| चैड सोपर रन आउट (नूर/राशिद) | 9 | 26 | 0/0 |
| किप्लिन डोरिगा पगबाधा नूर | 27 | 32 | 2/0 |
| नॉर्मन वानुआ रन आउट (राशिद) | 0 | 7 | 0/0 |
| आलेई कैच राशिद बोल्ड फारुकी | 13 | 19 | 2/0 |
| जॉन करिको नाबाद | 4 | 7 | 1/0 |
| सेमो कमेया रन आउट (गुरबाज) | 2 | 3 | 0/0 |

अतिरिक्त : 25, गेंदबाज : फजलहक फारूकी 4-0-16-3, मोहम्मद नबी 1-0-9-0, नवीन उल हक 2.5-0-4-2, राशिद खान 4-0-25-0, नूर अहमद 4-0-14-1, अजमतउल्लाह उमरजई 2-1-5-0, करीम जनत 2-0-10-0

**अफगानिस्तान 101/3 (15.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज बोल्ड नाओ | 11 | 7 | 1/1 |
| इब्राहिम जदरान बोल्ड कमेया | 0 | 7 | 0/0 |
| गुलबदीन नईब नाबाद | 49 | 36 | 4/2 |
| अजमतउल्लाह उमरजई बोल्ड वानुआ | 13 | 18 | 1/0 |
| मोहम्मद नबी नाबाद | 16 | 23 | 1/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाज : आलेई नाओ 4-0-26-1, सेमो कमेया 3-0-16-1, चैड सोपर 2.1-0-19-0, नॉर्मन वानुआ-3-0-18-1, जॉन करिको 3-0-15-0

## खेल डायरी

### प्रणय की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

**सिडनी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। वहीं समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।

### अदिति की अच्छी शुरुआत संयुक्त 11वें स्थान

**बेलमोंट (अमेरिका)।** अदिति अशोक मेइजर एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन से संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में पांच बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। मौजूदा सत्र में यह अदिति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल है। उन्होंने फरवरी में थाईलैंड में होंडा एलपीजीए में भी 68 का स्कोर बनाया था और प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर रहीं थी। कैलीफोर्निया की एलिसन ली ने पहले दौर में 65 के स्कोर से बढ़त बना ली है। पांच अंडर 67 के स्कोर से नौ खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

### वियतनाम मास्टर्स में पुखराज को मिली बढ़त

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां एशियाई डेवलपमेंट टूर के नैम ए बैंक वियतनाम मास्टर्स में बढ़त बना ली है। पहले दौर में 64 का स्कोर बनाने वाले पुखराज का इस 85 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट में दो दिन के बाद कुल स्कोर 11 अंडर है। गिल ने दूसरे स्थान पर चल रहे इंडोनेशिया के जोनाथन विजोनो (68-67) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है जो नौ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के लिए कट एक अंडर पर तय दिया है और 52 खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहे। अन्य भारतीयों में सुनहित बिश्नोई (70-69) संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे।

### एचआईएल के लिए शुरू किया पंजीकरण

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी राष्ट्रीय लीग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसका आठ साल बाद दोबारा आयोजन किया जाएगा और यह पुरुष तथा महिला दोनों वर्ग में होगी। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में आठ पुरुष और छह महिला टीम हिस्सा लेंगी और इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 30 जून है। हॉकी इंडिया ने लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं जो दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाली है। इस विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंजूरी दे दी है।

### चेन्नईयिन एफसी ने कियान से किया करार

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को उभरते हुए भारतीय फॉरवर्ड कियान नासिरी से करार की घोषणा की जो मोहन बागान के लिए खेलते थे। ईस्ट बंगाल के महान फुटबॉलर जमशीद नासिरी के 23 वर्षीय बेटे ने 2019 में मोहन बागान के साथ सीनियर पेशेवर पदार्पण किया था। क्लब ने कहा कि कियान से तीन साल का अनुबंध किया है जिससे वह 2027 तक क्लब से जुड़े रहेंगे। कियान ने सीनियर पदार्पण के बाद मोहन बागान के लिए 69 मैच खेलकर नौ गोल दागे।

### जीव, रंधावा लॉरी मैचप्ले के दूसरे दौर में

**हर्टफोर्डशर (इंग्लैंड)।** जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा ने यूरोप में लीजेंड्स टूर ऑफ सीनियर्स के पॉल लॉरी मैचप्ले टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। जीव ने पॉल स्ट्रीटर को हराया जबकि रंधावा ने थॉमस गोगेले को शिकस्त दी। जीव दूसरे दौर में कीथ होर्ने से भिड़ेंगे जबकि रंधावा को मैलकम मैकेंजी का सामना करना है जिन्होंने पहले दौर में 2006 राइडर कप कप्तान इयान वूसनैम को हराया।

# यूक्रेन से हारी भारतीय तीरंदाजी टीम

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी**

**ओलंपिक क्वालीफायर**

दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई। पांचवें वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में बाई मिली थी जिससे उसे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के लिए एलिमिनेशन दौर में दो जीत की दरकार थी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करेगी।

विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यूक्रेन की वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोतारेंको की तिकड़ी से 3-1 की बढ़त गंवाकर 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गई। यूक्रेन की टीम विश्व रैंकिंग में भारत से 10 पायदान नीचे है। पुरुष टीम की क्वालीफाइंग स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें 46 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी क्योंकि सिर्फ तीन कोटे दाव पर लगे होंगे। व्यक्तिगत कोटा हासिल करने की स्पर्धा रविवार को होंगी। 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में 80 से ज्यादा देशों के 300 से अधिक रिकर्व तीरंदाज हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम हालांकि अब भी रैंकिंग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। क्वालीफिकेशन नियम में नये संशोधन के अनुसार क्वालीफायर से कट हासिल नहीं करने की स्थिति में विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में शीर्ष दो देश ओलंपिक से पहले कट हासिल कर लेंगे।

# इंग्लैंड की रिकार्ड जीत, सुपर 8 की उम्मीद



कश्यप का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते मार्क वुड। ● एजेंसी

**नॉर्थ साउंड, एजेंसी**

आदिल रशीद चार विकेट, मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर के तीन-तीन विकेटों की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्वकप के 28वें मैच (ग्रुप-सी) में ओमान को रिकार्ड 101 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा।

इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसके गेंदबाजी कप्तान के फैसले सही साबित करते हुए बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को 13.2 ओवर में मात्र 47 के स्कोर पर समेट दिया। ओमान का कोई भी खिलाड़ी इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका और ओमान के बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटे। केवल शोएब खान (11) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने 11 रन देकर चार विकेट लिए। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने 12-12 रन देकर तीन-तीन विकेट झटके। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और कप्तान जॉस बटलर की सलामी जोड़ी 47 रनों के लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के लिए पारी की तूफानी अंदाज में शुरुआत की। हालांकि इस दौरान फिल सॉल्ट तीन गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हो गए। अगले ही ओवर में विल जैक्स भी (5) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। जॉस बटलर ने आठ गेंदों में नाबाद 24 रनों की पारी खेली। जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 3.1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## स्कोर बोर्ड

**ओमान 47/10 (13.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रतीक अठावले कैच सॉल्ट बोल्ड आर्चर | 5 | 3 | 1/0 |
| कश्यप कैच लिविंगस्टन बोल्ड वुड | 9 | 16 | 0/1 |
| आकिब इल्यास कैच जैक्स बोल्ड आर्चर | 8 | 10 | 1/0 |
| जीशान मकसूद कैच आउट वुड | 1 | 5 | 0/0 |
| खालिद कैल स्टंप बटलर बोल्ड रशीद | 1 | 3 | 0/0 |
| अयान खान बोल्ड वुड | 1 | 5 | 0/0 |
| शोएब कैच बटलर बोल्ड आर्चर | 11 | 23 | 1/0 |
| मेहरान कैच मोईन अली बोल्ड रशीद | 0 | 2 | 0/0 |
| फय्याज बट बोल्ड रशीद | 2 | 7 | 0/0 |
| कलीमउल्लाह बोल्ड रशीद | 5 | 5 | 1/0 |
| बिलाल खान नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 4, गेंदबाज : रीस टॉप्ली 3-0-12-0, जोफ्रा आर्चर 3.2-1-12-3, मार्क वुड 3-0-12-3, रशीद 4-0-11-4

**इंग्लैंड 50/2 (3.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बोल्ड बिलाल | 12 | 3 | 0/2 |
| जॉस बटलर नाबाद | 24 | 8 | 4/1 |
| जैक्स कैच प्रजापति बोल्ड कलीमउल्लाह | 5 | 7 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 8 | 2 | 2/0 |

अतिरिक्त : 1, गेंदबाज : बिलाल खा 2-0-36-1, कलीमउल्लाह 1-0-10-1, फय्याज बट 0.1-0-4-0

# पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी




**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के दिग्गज लियोनेल मेसी व्यस्त कार्यक्रम और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। अर्जेंटीना की अंडर-23 कोच माशचेरानो से बातचीत में मेसी ने कहा कि हम दोनों ने मौजूदा हालात को समझते और अभी ओलंपिक के बारे में सोचना मुश्किल है। यह दो-तीन महीने लगातार क्लब से दूर रहने जैसा होगा और सबसे बड़ी बात यह है कि मैं अब ऐसी उम्र में नहीं हूं कि हर चीज में हिस्सा बन सकूं। यह बहुत मुश्किल फैसला था, लेकिन मेरे करियर के इस मुकाम पर अहम है कि मैं अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखूं। उन्होंने कहा कि कोपा अमेरिका के बाद मुझे अपने क्लब इंटर मियामी के लिए भी खेलना है और इतने अधिक समय तक खेल से दूर रहना आसान नहीं है। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूँ। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था।

## दिमित्रियोस से ईस्ट बंगाल ने किया करार



**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के आगामी सत्र के लिए शुक्रवार के यूनान के स्ट्राइकर दिमित्रियोस दियामनताकोस को अनुबंधित करने की घोषणा की। यह अनुभवी 31 वर्षीय खिलाड़ी 2022 से केरल ब्लास्टर्स के लिए खेल रहा था। दिमित्रियोस ने क्लब से अनुबंध के बाद प्रेस विज्ञप्ति में कहा सभी जानते हैं कि ईस्ट बंगाल एशिया में सबसे अधिक प्रशंसकों वाले क्लब में से एक है। मैं उनके सामने खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा मैं अपनी टीम को हमारे लक्ष्य हासिल करने में मदद करने और हमारे समर्थकों को खुशी देने की पूरी कोशिश करूंगा। कोलकाता में मिलते हैं।

## पेरिस ओलंपिक में एकल व युगल स्पर्धा खेलेंगे सिनर



**रोम।** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में इटली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली टेनिस महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचकर इस हफ्ते पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे सिनर (22 वर्ष) के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। सिनर ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपनी झोली में डाला था। 2024 में उनका जीत का रिकॉर्ड 33-3 रहा है जिसमें उन्होंने तीन खिताब हासिल किए। महासंघ ने कहा कि इटली के युगल मुकाबले में वह लोरेंजो मुसेटी के साथ जोड़ी बनाएंगे। पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन महिला फाइनल में हारने वाली जैस्मीन पाओलोनी भी इटली के लिए खेलेंगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

पूरे दिन तेज धूप और उमस रहेगी। दोपहर में लू चलेगी।

| 44.5° | 35.8° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 06:58 |

## एक नजर

### अधिकारियों ने लिया पौशालाओं का जायजा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** भीषण गर्मी के मद्देनजर शुक्रवार को मप्र सीमा अंतर्गत तीर्थक्षेत्र में अधिकारियों ने पेयजल और पौशालाओं की व्यवस्था का जायजा लिया। नायब तहसीलदार हिमांशु शुक्ला व सीएमओ विशाल सिंह ने पौशालाओं का निरीक्षण किया। कई कई जगह खामियां मिलने पर कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई गई। घड़ों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने कर्मचारियों को ताकीद की कि दिनभर राहगीरों और श्रद्धालुओं को पानी मुहैया कराएं। पौशाला बंद नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि इस संबंध में शुक्रवार को ही 'अमृत विचार' में तीर्थक्षेत्र में पानी के संकट का सामना कर रहे श्रद्धालु शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया गया था।

### लू लगने से किसान की मौत

**मऊ (चित्रकूट)।** खप्टिहा गांव निवासी एक किसान की लू लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि 70 वर्षीय किसान राजकरन पुत्र रामजतन की बुधवार देर शाम अचानक तबीयत खराब हुई। इनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इलाज के बाद उन्हें घर ले गए कि गुरुवार दोपहर फिर तबीयत बिगड़ गई। डॉक्टर के पास ले जाते कि रास्ते पर दम तोड़ दिया।

# बकरीद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न हो, अन्यथा होगी कार्रवाई: डीएम

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने की शांति समिति के साथ बैठक, दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



शांति समिति की बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह आदि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को गंगा दशहरा और बकरीद आदि पर्वों के संबंध में पीस कमेटी के साथ बैठक की। उन्होंने आगाह किया कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं होनी चाहिए।

डीएम ने लोगों से अपील की कि वे हमेशा की तरह शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएं। उन्होंने सभी एसडीएम और सीओ को क्षेत्रों में भ्रमण करते रहने के निर्देश दिए। ईओ को ईदगाह व नमाज अदा करने के स्थलों के आसपास सफाई आदि कराने को कहा। निर्देश दिए कि ऐसे स्थलों को चिह्नित कर विशेष निगरानी रखी जाए, जहां पर सामूहिक रूप से कुर्बानी दी जाती हो, कुर्बानी दिये जाने वाले स्थलों पर गढ्डा खोदकर अपशिष्ट को वहीं ढक दिया जाए, ताकि इधर-उधर बिखरने न पाए। उन्होंने कहा कि परंपरागत ढंग से चली आ रही व्यवस्थाओं के अतिरिक्त नई स्थलों पर कोई काम न करें। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्बाध विद्युत आपूर्ति और मुख्य चिकित्साधिकारी को चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की तैनाती और एंबुलेंस की व्यवस्था

- शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की
- ईदगाह व आसपास दिए साफ-सफाई के आदेश

सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। एसपी ने आगाह किया कि अफवाहों से दूर रहें। शांतिभंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम सौरभ यादव, सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, ईओ लालजी, जिला सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद अर्चन, कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार के सर्वेश त्रिपाठी, पेश इमाम काजी मोहम्मद लतीफ, राजेश सिंह, छोटेलाल निषाद, मोहम्मद नसीम, मुजीब खान आदि मौजूद रहे।

### बिना जाने न करें किसी पोस्ट को शेयर

एसपी ने कहा कि किसी के द्वारा की गई पोस्ट को बिना जाने समझे सोशल मीडिया पर वायरल या शेयर न किया जाए और आगे न बढ़ाया जाए। खुले में कुर्बानी न हो और सार्वजनिक स्थल पर कोई भी धार्मिक कार्य न किया जाए।

### रामघाट पर दुरुस्त रखें सुरक्षा व्यवस्था

डीएम ने इस मौके पर गंगा दशहरा की तैयारियों पर चर्चा की। कहा कि रामघाट व अन्य घाटों पर जहां स्नानार्थी होते हैं, पर्याप्त बैरीकेडिंग कराई जाए। आवश्यकता के मुताबिक जाली भी लगाई जाए। किसी को गहरे पानी में न जाने दिया जाए। इस संबंध में संकेतक बोर्ड भी लगाएं।

# चित्रकूट मुख्यालय में हफ्तों से हो रही प्रदूषित पानी की आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- पूर्व सांसद ने कमिश्नर से मिलकर की शिकायत

**अमृत विचार।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने शुक्रवार को कमिश्नर बालकृष्ण त्रिपाठी से मुलाकात कर बांदा और चित्रकूट में गहराते बिजली संकट और प्रदूषित जलापूर्ति की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। पूर्व सांसद ने जिला मुख्यालय कर्वी में प्रदूषित जलापूर्ति की भी बात बताई।

मिश्र ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में कमिश्नर को पत्र भी दिए। कमिश्नर को बताया कि दोनों जिलों में कई हफ्ते से बिजली आपूर्ति की स्थिति खराब है। कई कई घंटे बिजली न रहने से लोगों की हालत खराब हो रही है। बताया कि जिला मुख्यालय कर्वी में कई हफ्ते से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों व पाठा में भयंकर जल संकट उत्पन्न हो गया है। बांदा नगर व अन्य क्षेत्रों में भी पानी की समस्या है। अधिकारी बार बार कहने के बाद भी नहीं सुनते। पूर्व सांसद ने बताया कि उन्होंने कमिश्नर से कर्वी में पटेल तिराहे से सीआईसी व मिशन अस्पताल के आसपास चौड़ीकरण के नाम पर पुराने रिहायशी मकान व दुकानों को तोड़ने की योजना पर भी ध्यान आकृष्ट करने अनुरोध किया। बताया कि बताया कि हवाई अड्डे तक एक्सप्रेसवे, बाईपास स्वीकृत है और ऐसे में इस चौड़ीकरण का कोई औचित्य नहीं है। इससे लोगों में आक्रोश पनप रहा है। उन्होंने बताया कि कमिश्नर से इस पर उचित कार्रवाई का अनुरोध किया।

## भाभी से झगड़े से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाई

**राजापुर (चित्रकूट)।** ग्राम पंचायत भभेट के राजेश निषाद का पुत्र मान सिंह (22) का गुरुवार को किसी बात पर घर में झगड़ा हो गया था और उसकी भाभी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने गई थी।

बताया जाता है कि इस पर क्षुब्ध मान सिंह ने गुरुवार रात में फांसी लगा ली। मृतक के पिता ने बताया कि मान सिंह की 20 मई को शादी हुई थी। पुत्र और उसकी भाभी से कुछ कहासुनी के साथ झगड़ा हो गया था। वह थाने में रिपोर्ट दर्ज करने की धमकी दे रही थी जिससे डर कर पुत्र ने आत्महत्या कर ली है। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# खाद्य विभाग के अफसर बन ठग रहे चार युवक दबोचे गए

- रेस्टोरेंट मालिक ने दी कोतवाली में तहरीर

**चित्रकूट।** खाद्य विभाग के अधिकारी बनकर रेस्टोरेंट, ढाबों में अवैध वसूली कर रहे चार युवकों को एक रेस्टोरेंट मालिक ने धर दबोचा। खाद्य विभाग के अधिकारियों और पुलिस को सूचना दी। समाचार भेजे जाने तक पुलिस इनसे पूछतांछ में जुटी थी।

शुक्रवार को चार युवकों द्वारा शहर में ढाबों-होटलों, रेस्टोरेंट में चार युवकों द्वारा खुद को खाद्य विभाग की टीम बताकर ठगा जा रहा था। इस दौरान ये युवक पुरानी कोतवाली के पास स्थित राजदरबार होटल पहुंचे। होटल मालिक जावेद खान ने बताया कि ये लोग उसके यहां विभाग का आडीटर बताकर जानकारी मांगने लगे। इन लोगों के हावभाव से जब उसको शक हुआ तो उसने इनको बैठा लिया और खाद्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। जब मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि विभाग से इनका कोई ताल्लुक नहीं है तो पुलिस को बुलाकर चारों को उसके सुपुर्द कर दिया गया। उसने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि आरोपियों का उनके विभाग से कोई लेना देना नहीं है।



मानिकपुर जंक्शन में खाद्य पदार्थों की चेकिंग करते अधिकारी। अमृत विचार

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की, सैंपल लिए

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** जंक्शन स्टेशन में शुक्रवार को हेल्थ आफीसर आनंद कुमार सोनी ने असिस्टेंट हेल्थ आफीसर एके पोद्दार के साथ खाद्य पदार्थों की नियमित चेकिंग की। कैंटीनों वा स्टालों में पदार्थों की शुद्धता एवं गुणवत्ता जांची। कैंटीन मालिकों को हिदायत दी कि किसी भी हालत में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह रूटीन चेकिंग है। एक नंबर से लेकर पांच नंबर तक के प्लेटफार्मों की स्टालों का नमूना व सैंपल लिया गया। यह चेकिंग हर माह की तरह उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार थी। बताया कि इस दौरान कैंटीनों में बिक रही खानपान सामग्री की गुणवत्ता, एक्सपायरी डेट आदि देखी गई।

## नलकूप पर पानी पीने में युवक को पीटा

**मौदहा।** दबंग के ट्यूबवेल पर पानी पीने की सजा दलित युवक को अपना सिर फुड़वा कर भुगतना पड़ा। दबंग ने युवक के सिर पर डंडा मारकर लहूलुहान कर दिया।

सिसोलर थाना के ग्राम लेवा निवासी जयप्रदीप पुत्र मुन्नू प्रसाद कोरी ने सिसोलर थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि वह गांव के अज्जू सिंह गौतम के ट्यूबवेल में पानी पी रहा था। तभी अज्जू ने उसके सिर पर डंडा मारकर लहूलुहान कर दिया और गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष थाने आया था तो मामले की जानकारी के लिए दूसरे पक्ष को भी बुलाया था। लेकिन दूसरा पक्ष नहीं आया, जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

# आज से 21 जून तक होंगे जागरूकता कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- इस बार की थीम है, योगः स्वयं एवं समाज के लिए

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 जून से 21 जून तक योग संबंधी विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में हुई तैयारी बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इसकी कार्ययोजना बना लें। इस बार के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगः स्वयं एवं समाज के लिए है।

डीएम ने बताया कि योगाभ्यास के कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, महाविद्यालय, स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्रमुख दार्शनिक स्थलों आदि में होंगे। डीएम ने बीएसए को निर्देशित किया कि 19 जून से विद्यालय खुलेंगे। शिक्षक 20 और 21 को बच्चों को योगाभ्यास कराएं और फोटो भी अपलोड करें। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि इसमें प्रतिभाग करें। डीएम ने कहा कि योग सप्ताह का उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब लोग योग को जीवन शैली में अपनाएंगे। डीएम ने बताया कि 15 जून को कार्यक्रम की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी पार्क में होगी। 16 को रंगोली, 18 जून को गणेश बाग में योगाभ्यास, 19 जून को रामघाट पर कार्यक्रम और 21 जून को स्टेडियम में समापन किया जाएगा। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम उमेश चंद्र निगम आदि रहे।

# जिला अस्पताल में बनेगा रैनबसेरा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- डीएम, एसपी ने किया रैन बसेरे का भूमि पूजन
- मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को मिलेगी सुविधा



रैन बसेरा के लिए भूमि पूजन करते डीएम अभिषेक आनंद और एसपी अरुण कुमार।

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में जल्द ही तीमारदारों के रुकने के लिए सुविधा होगी। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने नीति आयोग के तहत बनने वाले रैन बसेरा का शुक्रवार को भूमि पूजन व शिलान्यास किया। डीएम ने कहा कि इसके बन जाने से दूरदराज से मरीजों को लेकर आने वाले परिजनों की रुकने की दिक्कत खत्म हो जाएगी।

गौरतलब है कि नीति आयोग ने जिले में विभागों में विकास कार्यों के लिए लगभग सात करोड़ रुपये दिए हैं। इसके तहत ही यह रैन बसेरा बनाया जा रहा है। इसकी लागत 18.15 लाख रुपये होगी। डीएम ने इस मौके पर कहा कि अभी जिला अस्पताल में मरीजों को लेकर आने वाले तीमारदारों को रुकने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यह रैन बसेरा दूरदराज से मरीज को लेकर आने वाले उनके परिजनों के लिए होगा। रैन बसेरा बन जाने से किसी को असुविधा नहीं होगी। लोग रात में यहां रुक सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. भूपेश द्विवेदी, प्रभारी चिकित्साधीक्षक वंदना श्रीवास्तव, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# पानी की बोतलें खरीदने से पहले जांचें गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** गर्मी चरम पर है। ऐसे में तमाम लोग अपना उल्लू भी सीधा कर रहे हैं। बाजार में गला तर करने के लिए बोतलों में पानी बिक रहा है तो तमाम उत्पादों के मिलते जुलते नामों से भी बोतलें बाजार में हैं। सेहत से खिलवाड़ न हो, लोगों में जागरूकता जरूरी है।

भीषण गर्मी में शहर में गुमटी, दुकानों में शीतल पेय और ठंडे पानी की बोतलें बिक रही हैं। मशहूर उत्पादों के नाम से मिलते जुलते नाम से इनकी नकलें भी बाजार में हैं। इनमें न तो मानकों का ध्यान रखा जाता है और न स्वास्थ्य का। सबसे ज्यादा बिक्री मिलते जुलते नामों वाली पानी की बोतलों की हो रही है। नामी उत्पादों की बजाय इनमें ज्यादा फायदा होने की वजह से गुमटियों में ये बिक भी धड़ल्ले से रही हैं। तीर्थक्षेत्र में तो ये हर गुमटी और दुकानों में दिख जाएंगी। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि पानी की बोतलें खरीदने से पहले उसकी मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट और अन्य जरूरी बातें देखें। इसके अलावा मशहूर विश्वसनीय कंपनी की बोतलें ही खरीदें।

### जांच की जा रही है: फूड इंस्पेक्टर

इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर सुमित पांडेय ने बताया कि इस तरह की शिकायतें मिल रही हैं। जांच की जा रही है। विभाग समय समय पर इस संबंध में छापेमारी की जाती है और कार्रवाई भी होती है।

## दोस्त के घर मिला युवक का शव

**हमीरपुर।** शहर के रमेड़ी मोहल्ले में गुरुवार शाम से लापता युवक का शव उसी के दोस्त के घर मिलने से सनसनी मच गई। अत्यधिक शराब पीने से मौत होने की आशंका जताई गई है।

रमेड़ी छंगा चौराहा निवासी कल्लू कुटार (30) पुत्र शिवराम नशे का आदी था। उसकी पड़ोसी जीसस से दोस्ती थी। जीसस भी नशे का लती बताया जा रहा है। गुरुवार देर शाम को दोनों को शराब पीते हुए पड़ोसियों ने देखा था। इसके बाद कल्लू जीसस के घर में ही सो गया। सवेरे जब जीसस के परिजनों की नींद खुली तो उन्होंने कल्लू को ऊपर वाले कमरे में किनारे पड़ा देखा। उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही थी। कल्लू की मौत की पुष्टि होते ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## सार-संक्षेप



एसओ पहाड़ी रहे श्याम प्रताप सिंह को विदाई देते लोग। अमृत विचार

### प्रभारी निरीक्षक को दी भावभीनी विदाई

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** करीब नौ माह की पारी खेलकर स्थानांतरित प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल को शुक्रवार को लोगों ने भावभीनी विदाई दी। श्याम प्रताप को रैपुरा थाने की जिम्मेदारी मिली है। विदाई समारोह में प्रभारी थानाध्यक्ष विपिन कुमार मिश्र, सब इंस्पेक्टर अवधनारायण, सुरेश सिंह, हरिश्चंद्र मिश्रा, किशन कुमार, हेड कांस्टेबिल प्रेमनारायण, अखिलेश यादव, शेष नारायण, नारेंद्र सिंह, सुनील सिंह, धर्म सिंह, दीपू सिंह, विपुल मिश्रा, पत्रकार बंशीलाल साहू, संजय मिश्रा, शिवसंपत करवरिया आदि मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों के वक्तव्यों पर लगे लगाम: अजय



अजय अग्रहरि।

**चित्रकूट।** दो दिवसीय दौरे पर चित्रकूट आए अखिल भारतीय राष्ट्रीय अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अग्रहरि समाज के गुजरात प्रभारी अजय अग्रहरि ने राजनीतिक पार्टियों के आलाकमान को सलाह दी कि वे जनप्रतिनिधियों के वक्तव्यों पर लगाम लगाएं अन्यथा विधानसभा चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने कौशांबी जिले के निवर्तमान सांसद पर सर्व वैश्य समाज को अपमानित करने का आरोप भी लगाया। दावा किया कि उनके इस तरह के बयान की वजह से ही वहां भाजपा को वहां से सीट भी गंवानी पड़ी। आरोप लगाया कि पार्टी के कई जनप्रतिनिधि सर्व वैश्य समाज का उत्पीड़न एवं शोषण कर रहे हैं। इसे वैश्य समाज कभी भी माफ नहीं करेगा।

### रक्तदान का संकल्प लेने की अपील

**मऊ (चित्रकूट)।** खप्टिहा निवासी और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता अंकित द्विवेदी पंद्रह बार से अधिक रक्तदान कर कइयों की जिंदगी बचा चुके हैं। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर युवा रक्तदानी ने लोगों को प्रेरित किया कि वे ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें। बताया कि विश्वविद्यालय के सीनियर विकास पांडेय, संतोष पांडेय और अखंड से रक्तदान की प्रेरणा मिली। वह साल भर में दो से तीन बार रक्तदान करते हैं। अपील की सभी लोगों को यह संकल्प करना चाहिए कि रक्तदान करके जिंदगियां बचाएंगे।

### दहेज हत्या के आरोपी को दबोचा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चौकी प्रभारी गौरव तिवारी ने दहेज हत्या के आरोपी मुकेश कुमार पुत्र जागेश्वर प्रसाद उर्फ करवरिया निवासी अमानपुर कपसेठी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह और अतुल परिहार शामिल रहे।

**हालात** कई-कई दिन नहीं होती जलापूर्ति, लोगों को दूर से ढोना पड़ता है पानी

# भीषण गर्मी में मऊ के कई मोहल्लों में पानी के लिए हाहाकार

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- अधिकारियों से की गई शिकायतें, नहीं हुई सुनवाई
- कहा, गुहार लगाकर थक चुके मिले सिर्फ आश्वासन





ठूंठ बने नल। बंद पड़ा नल और नीचे गंदगी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पंचायत मुख्यालय के कई मुहल्लों में भीषण गर्मी में पानी के लिए हाहाकार मचा है। लोगों का कहना है कि कई कई दिन नल नहीं आता, जिससे पेयजल के लिए भटकना पड़ता है।

ब्राह्मण टोला निवासी अंकित त्यौंथा और विष्णुकांत पांडेय ने बताया कि उनके मोहल्ले में कई दिन से पानी की भारी समस्या है। वहीं यमुना रोड निवासी मेराज अहमद ने बताया कि यमुना रोड के कई इलाकों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कई बार संबधित अधिकारियों को बताया लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। पानी न होने से दैनिक कार्य जहां प्रभावित हो रहे हैं तो वहीं प्यास बुझाने के लिए आरओ का पानी खरीदना पड़ता है। सभी लोग पानी खरीद भी नहीं सकते हैं। इन लोगों ने बताया कि मऊ में आरओ पाइप लाइन भी कई जगहों पर बिछाई जा चुकी है जिसमें कभी पानी आता है तो कभी नहीं आता लेकिन बिल समय से आता है। नल ठूंठ बने हैं तो कई जगहों पर नलों के नीचे गंदगी है सो अलग। लोग गुहार लगा लगाकर थक चुके हैं लेकिन सिर्फ और सिर्फ आश्वासन मिलता है। हालात ये हैं कि लोग इस चिलचिलाती गर्मी में नहाने के लिए यमुना नदी जाते हैं।

### बिजली व्यवस्था धड़ाम

पानी के साथ बिजली आपूर्ति भी लोगों की दिक्कत का सबब बनी है। खटवारा में रैपुरा फीडर से दिन भर कटौती के आरोप लग रहे हैं है। इससे इस इलाके लोग परेशान रहते हैं। क्षेत्र के ही अनिल द्विवेदी, राजेश शुक्ला, संतोष, राजा और अरविंद आदि ने बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

### लोगों ने जताया रोष



डा. मेराज अहमद।



राजा त्यौंथा।



अमित तिवारी।



अहसान अली।

डा. मेराज अहमद ने कहा है कि पूरी नगर पंचायत के लोग पानी की समस्या झेल रहे हैं। अगर ऐसे ही रहा तो आने वाले समय में बहुत दिक्कत होगी। ब्राह्मण टोला निवासी राजा त्यौंथा कहते हैं कि दिन रात पानी के लिए हाहाकार है। रात रात भर जाग कर नल आने का इंतजार करते हैं। अमित तिवारी ने रोष जताया कि भीषण गर्मी में पानी का संकट बहुत बड़ा है। कभी पानी आता है तो कभी नहीं आता। दो दिन से तो बिल्कुल नहीं आ रहा है। अहसान अली ने भी नाराजगी जताई कि जलापूर्ति का कोई समय नहीं है। शुक्रवार के दिन तो अक्सर पानी नहीं आता। अजीत त्रिपाठी का कहना था कि पानी की समस्या मऊ नगर पंचायत में काफी दिनों से है। दो दिन से मऊ यमुना रोड के आसपास जलापूर्ति ठप है।

### लो वोल्टेज की दिक्कत

जिला मुख्यालय कर्वी अंतर्गत रौली गांव में लोग लो वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। लोगों ने बताया कि एक महीना बीत जाने के बाद भी लो वोल्टेज की समस्या नहीं दूर की जा सकी है। धर्मेंद्र द्विवेदी, अनूप द्विवेदी, विजय तिवारी, बाबूराम प्रजापति आदि ने इस संबंध में ध्यान देने का अनुरोध जिम्मेदारों से किया है।

## 31 अगस्त तक मछलियों के शिकार पर प्रतिबंध

**चित्रकूट।** जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक आनंद ने नदियों और तालाबों में 31 अगस्त तक मछलियों के शिकार पर पाबंदी लगाने के आदेश दिए हैं। डीएम ने आगाह किया कि ऐसा करने पर उप्र मत्स्य अधिनियम 1948 के अंतर्गत दंड दिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि मत्स्य आखेट के लिए प्रतिबंध का आदेश जिले की सीमा में आने वाले सभी तालाबों, जलाशयों और नदियों की जल धाराओं पर प्रभावी होगा। कोई भी व्यक्ति 31 अगस्त तक प्रजननशील मछलियों का शिकार नहीं करेगा। 30 सितंबर तक मत्स्य जीरा तथा अंगुलिका (दो से 10 इंच तक की छोटी मछली) न तो पकड़ेगा और न बेचेगा। विस्फोटक पदार्थ अथवा कृषि रक्षा एवं व्यापारिक कार्य में प्रयुक्त होने वाले विषैले रसायन से मछली नहीं मारेगा। बताया कि इन आदेशों के उल्लंघन पर अवरोधक सामग्री, मत्स्य जीरा एवं मछलियां जब्त कर ली जाएंगी।

# रक्तदान से बड़ा नहीं है कोई दान इससे नहीं आती कमजोरी: डीएम

## शिविर में जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों व समाजसेवियों ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता,बांदा


रक्तदान करतीं जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व रक्तदाता दिवस पर जिलाधिकारी ने मंडलीय चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर केवल शुभारंभ किया, बल्कि रक्तदान को महादान बताते हुए स्वयं भी रक्तदान किया। उनके अलावा पैलानी तहसीलदार, भूतपूर्व सैनिक और बैंक कर्मियों व अन्य समाजसेवियों ने शिविर में रक्तदान करते हुए महादानी बने। रक्तदान करने वाले महादानियों के साथ पूर्व में रक्तदान करने वाले लोगों को डीएम ने उपहार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसमें कोई कमजोरी नहीं आती।

विश्व रक्तदाता दिवस पर शुक्रवार को मंडलीय जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद डीएम ने रक्तदान को महादान बताते हुए रक्तदान किया।

शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। शिविर में रक्तदान करने वाले तहसीलदार पैलानी विकास पांडेय, भूतपूर्व सैनिक अतुल तिवारी तथा प्रशांत द्विवेदी तथा अन्य पूर्व में रक्तदान करने वाले एचडीएफसी बैंक के केसी पांडेय, अरूण पांडेय, मनीष मिश्रा. शीश नारायण मिश्रा, अमित सेठ भेलू, बसंत गुप्ता आदि को डीएम ने उपहार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। गोष्ठी में उन्होंने कहा कि लोग अपनी स्वेच्छा से अधिक से अधिक रक्त दान करें। यदि हम रक्तदान करते हैं तो समझो किसी को जीवनदान देने में सहभागिता निभाते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान कर हमें परोपकार का कार्य करना चाहिए। कभी धर्म, जाति एवं वर्ग के आधार पर नहीं, बल्कि मानवता के नाते रक्तदान करना चाहिए। सीएमओ डा.एके श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्तदान करने से पांच बीमारियों की अग्रिम जांच हो जाती है। इनमें एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, सी मुख्य रूप से शामिल हैं।

रक्तदान करने वाले व्यक्ति को हृदय व मस्तिष्क घात का खतरा करीब 90 प्रतिशत तक कम हो जाता है। इस मौके पर सीएमएस डा.आरती गुप्ता, सीएमएस महिला अस्पताल डा.सुनीता सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अजय कुमार समेत डा.अरशद व कृष्ण कुमार अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## तालाब खोदाई की सुस्त रफ्तार पर डीएम का चढ़ा पारा

**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुक्रवार को शहर के छाबी तालाब का निरीक्षण करते हुए तालाब खुदाई कार्य का अवलोकन किया। तालाब खोदाई की धीमी प्रगति पर उन्होंने कार्यदाई संस्था अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। छाबी तालाब अवशेष खोदाई कार्य को जल्द पूरा कराने के निर्देश कार्यदाई संस्था अधिकारियों को दिए। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी नीलम चैधरी व सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला को प्रतिदिन तालाब खोदाई कार्य का निरीक्षण करते हुए काम पूरा कराने को कहा। निर्देश दिए कि बारिश से पहले तालाब के खोदाई कार्य सहित पिचिंग व फिनिशिंग का कार्य प्रत्येक दशा में पूरा कराएं। तालाब के किनारे पौधरोपण कराने को कहा। सदर तहसील क्षेत्र हटेटी पुरवा स्थित अस्थायी गौशाला निरीक्षण के दौरान गौशाला में 76 गौवंश पाये गये। उन्होंने गौवंशों के लिए छाया, चारा व पेयजल का निरीक्षण करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गौशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। गौशाला के पीछे खाली भूमि पर हरे चारे की व्यवस्था कराने को कहा। पालिका ईओ को शहर में विचरण करने वाले गौवंशों को गौशालाओं में भेजने के निर्देश दिए।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

## जलापूर्ति न होने से बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- जरैली कोठी के बाशिंदों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला जरैली कोठी में पानी की गंभीर समस्या को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष अपना विरोध व्यक्त किया और प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस भीषण गर्मी में पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे लोगों को निजात दिलाए जाने की मांग की।

शहर के मोहल्ला जरैली कोठी के तमाम लोगो ने जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि मोहाल के ऊंचाई वाले स्थान पर पानी की आपूर्ति न के बराबर होती है। कभी-कभी तो यह आपूर्ति पूरी तरह ठप रहती है। परेशानहाल लोगों को पानी के लिए इधर, उधर भटकना पड़ता है। कुल मिलाकर सुबह से लेकर शाम तक पानी के लिए मोहालवासी परेशान रहते हैं। उनका आरोप है कि इस बारे में संबंधित विभाग से कई बार मांग की जा चुकी है कि जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाए, लेकिन अब तक विभाग द्वारा इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि पानी की आपूर्ति पूरे फोर्स के साथ की जाए तो ऊंचाई वाले भाग पर रह रहे मोहालवासियों को आसानी के साथ पानी उपलब्ध हो सकेगा। ज्ञापन देने में कांग्रेस के जिला सचिव केशवपाल, नंदू, श्वेताभ श्रीवास्तव, ओमप्रकाश पांडेय, संतोष कुमार, नागेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव, विजय सिंह, विक्रम सिंह, शिवराम, योगेश आदि मौजूद रहे।

## बाइक को बचाने में कार पलटी, आधा दर्जन लोग घायल

**अतर्रा।** प्रयागराज से अस्थि विसर्जित कर वापस लौट रहे श्रृद्धालुओं से भरी ईको गाड़ी बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। मौके में मौजूद राहगीरों ने सभी को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी अपने घर चले गए।

मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिला के टेहरका से अस्थियां विसर्जित करने के बाद हरगोविंद (50), जानकी (65), गिरजा प्रसाद (55), आस्था (15), शिवानी (12), हरगोविंद की पत्नी द्रौपदी (45), कृपाराम साहू (62) व शांति (70) कार से प्रयागराज गये हुए थे। गाड़ी हरगोविंद चला रहा था। शुक्रवार की दोपहर लौटते वक्त कस्बेके बदौसा रोड पर तहसील के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार सड़क किनारे पलट गई। सभी वाहन में फंस गए और चीखने चिल्लाने लगे। राहगीरों ने दौड़कर घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

## एक नजर

### संदिग्ध हालात में बुजुर्ग महिला की मौत

**बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र के राजनगर निवासी भागवती (70) पत्नी स्व .जीतेंद्र श्रीवास्तव की गुरुवार को शाम घर पर अचानक हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे सीएचसी नरैनी में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई रामकिशोर ने बताया कि भागवती के कोई संतान नही थी। उसने भतीजी राधा को गोद ले लिया था। उसी के घर बांदा के बंगाली पुरवा मोहल्ले में रहती थी। पिछले वर्ष वह फरवारी माह में नरैनी आ गई थी। तब से वह यही रह रही थी। वह बीमार रहती थी।

### महिला ने ट्रेन से कटकर जान दी

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के पुलिस लाइन साहब तालाब निवासी 38 वर्षीय माया पत्नी ज्ञानेद्र कुमार गुरुवार की भोर घर से लापता हो गई। सुबह घरवालों की नीद खुली तो देखा माया घर पर नहीं थी। परिजनो ने उसकी खोज की लेकिन पता नही चला। शाम को उसने केन पुल के पास ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर ली। शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पति ने उसकी पहचान की। मृतका के पुत्र राज ने बताया कि उसके पिता हलवाई गिरी का काम करते हैं। मां माया का पांच साल से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

### नो इंट्री पर भी गुजरते हैं भारी वाहन

**अतर्रा।** नो इंट्री के बावजूद यातायात पुलिस द्वारा नगर में बालू से भरे वाहन निकल जाने पर कस्बे वासियों में आक्रोश। कस्बे में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए लगी नो इंट्री के बावजूद यातायात पुलिस द्वारा वाहनों को सुविधा शुल्क लेकर छोड़े जाने पर कस्बे वासियों में पुलिस की कार्यशैली पर तरह-तरह की सवाल उठा रहे हैं बालू से भारी वाहनों के कारण नगर में जाम लगने से लोगों में आक्रोश दिख रहा है कस्बे के लोगों ने प्रशासन से सख्ती से नियमों के पालन की मांग उठाई है। गौरतलब है कि सुबह 7 से रात 9 बजे तक कस्बे में नो इंट्री लगी हुई है।


पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करतीं थानाध्यक्ष सविता श्रीवास्तव। अमृत विचार

## सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, बदौसा

**अमृत विचार।** बकरीद व गंगा दशहरा को लेकर थाना परिसर में थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक उपस्थित दोनों ही वर्गों के लोगों को त्योहारों के मद्देनजर शासन द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष ने खबरदार किया कि त्योहारों पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

थाना परिसर में गुरुवार को थानाध्यक्ष सविता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बकरीद और गंगा दशहरा को लेकर शासन द्वारा जारी निर्देशों से लोगों को अवगत कराया। कहा कुर्बानी खुले व सार्वजनिक स्थान नहीं होगी। किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी हरगिज नहीं करें। सार्वजनिक स्थान में कुर्बानी करने पर पूरी तरह से मनाही है। घरों के अंदर कुर्बानी करें। बड़ी पालीथिन बिछाकर उसमे ब्लड और कचरा इकट्ठा कर उसे गड्ढे में निस्पादित करें। नालियों में ब्लड और कचरा बिल्कुल नहीं बहाया जायेगा। किसी भी दशा में ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सुअर न पहुंचने पाएं। मौलानाओं और धर्म गुरुओं से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए उन्होंने बकरीद की नमाज का समय व स्थान की जानकारी ली। चेतावनी दी कि त्योहारों पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले को बक्सा नहीं जायेगा। बैठक में पंकज गुप्ता ने बताया कि शीतल बाबा मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र जाप व गंगा दशहरा में शोभा यात्रा मंदिर से चल कर रामजानकी मंदिर तक जायेगा। नगर भ्रमण के बाद भगवान भेले, गणेण प्रतिमा, कार्तिके की मूर्तियों की स्थापना होगी। 17 जून को भंडारा होगा। बैठक में उप निरीक्षक गुलाब यादव समेत ब्रह्मदेव गोस्वामी, रामनारायण सरोज, संगम लाल उपाध्याय व कांस्टेबिल अनुराग यादव, अभय यादव और कस्बे के विजय यादव, संतोष कुशवाहा, शैलेंद्र कुशवाहा, पंकज गुप्ता, पारस गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह खटीक, अजीजुल हक प्रधान दुबरिया, जियाउल्ल हक, विनोद गांधी प्रधान बरछा (ब), शरीफ खान प्रधान मढवारा, इस्माइल खान, शहनवाज खान, रमाशंकर सैनी, अजय यादव, हरीओम बाजपेयी, विक्की गुप्ता, आनंद स्वरुप गौतम, अहसान अली, अजय गुप्ता, पारश गुप्ता, आनंद मिश्रा, दयानंद गुप्ता, राहुल तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सरकारी जमीन हुए अवैध कब्जों पर गरजा पालिका का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** नगर पालिका व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने शहर के वार्ड नंबर-14 (स्वराज कालोनी) स्थित पार्क की पैमाइश करते हुए यहां हुए अतिक्रमण को जेसीबी से ढहा दिया गया। प्रशासन के बुलडोजर ने पलक झपकते ही अवैध तीन कच्चे मकानों को जमींदोज कर डाला।


अवैध कब्जों को ढहाता पालिका का बुलडोजर। अमृत विचार

नगर पालिका व पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम गुरुवार को वार्ड नंबर-14 (स्वराज कालोनी) पहुंची। नाप कराने के बाद पालिका की जमीन पर अवैध तीन कच्चे मकानों को गिरवा दिया। सिटी मजिस्ट्रेट व ईओ ने अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी। कहा कि दोबारा अतिक्रमण किया तो जेल भेजेंगें। गौरतलब है कि स्वराज कॉलोनी में पालिका के पार्क के आसपास कई लोगों ने अवैध रूप से कच्चे व पक्के मकान बना लिए हैं। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नीलम चैधरी ने तीन दिन पहले अवैध कब्जे करने वालों को चेतावनी दी थी। खुद अतिक्रमण न हटवाने पर गुरुवार को वह बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची। नापजोख कराने के बाद अवैध बने तीन कच्चे घरों को ढहवा दिया। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला व पुलिस टीम भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि धनपत, किशोरी व चुन्नू ने नगर पालिका की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। चेतावनी के बाद भी नहीं हटवाया जा रहा था। ईओ नीलम चैधरी ने कहा कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हड़ताल पर गए अधिवक्ता

संवाददाता, अतर्रा

- एसीजेएम न्यायालय का संचालन न होने पर जताया आक्रोश

**अमृत विचार।** एसीजेएम न्यायालय का संचालन न होने से अधिवक्ता संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने पत्र जारी करते के बताया कि एसीजेएम न्यायालय के संचालन हेतु नई तहसील स्थित संघ भवन बिल्डिंग को दो वर्ष पूर्व हैंडओवर कर दिया गया था। बिल्डिंग के साथ ही डेस्क आदि की अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई थी। तत्कालीन जिला जज द्वारा बिल्डिंग हैंडओवर करते हुए शीघ्र न्यायालय संचालन का आश्वासन दिया गया था, लेकिन दो वर्ष बाद भी अब तक एसीजेएम न्यायालय का संचालन नही हो सका है। जिससे अधिवक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

शुक्रवार से कलमबंद हड़ताल की घोषणा करते हुए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया है कि सारे मानकों को पूरे किए जाने के बावजूद एसीजेएम न्यायालय के संचालन में हीलाहवाली बरती जा रही है। जिसको लेकर अधिवक्ता अब अनिश्चितकालीन न्यायिक कार्य से विरत होकर लड़ाई जारी रखेंगे। श्री राठौर ने बताया कि वह अधिकारियों के हित में अधिवक्ता लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। ताकि लोगों को सस्ता व सुलभ न्याय मिल सके, लेकिन लंबे समय से मांग पूरी नहीं हो रही है। जिसको लेकर अधिवक्ता अब शांत नहीं बैठेंगे। उन्होंने जल्द ही अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी की बैठक कर आंदोलन को तेज करने की बात कही है। इस दौरान अधिवक्ता संघ के महासचिव राजेंद्र जाटव, पूर्व अध्यक्ष अरविंद पांडेय, शिवनंदन यादव, सूरज बाजपेई, सुशील गुप्ता, शिव मूर्ति मिश्रा, विनय मिश्रा, श्याम बाबू गुप्ता, विपिन कुमार मिश्रा, नंदकिशोर कुशवाहा, विवेक बिंदु तिवारी, मनोज द्विवेदी आदि ने जल्द से जल्द न्यायालय संचालन कराए जाने की मांग की है।

## साहब! सफाई न होने से घरों में भर जाता है गंदा पानी

संवाददाता, नरैनी

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की नालियां कस्बे वासियों के लिए नासूर बन कर रह गई है। जिसकी शिकायत मोहल्ले वासियों ने तत्कालीन उपजिलाधिकारी से कई बार मौखिक और लिखित रूप से शिकायत की लेकिन अफसर ताना शाही के चलते कोई सुनने को तैयार नही है।

नगर पंचायत नरैनी के मोहल्ला शास्त्री नगर में प्रमुख समस्या नाली में जल निकासी की है। इस मोहल्ले में दो दशक पूर्व बरसात व घरों की पानी निकासी हेतु नगर पंचायत द्वारा नालिया खुदवाई गई थी। विसंगतिया यह रही कि ठेकेदार ने कहीं मजदूरों से तो कहीं पर जेसीबी मशीन से नालिया खुदवाई गई। शास्त्री नगर में जेसीबी द्वारा नाली खुदवाये जाने के दौरान कहीं पर गहरी और कहीं पर कम खुदाई की गई। जिससे पानी का बहाव आज करीब 10 वर्ष से रुका हुआ है। आगे कई जगहों में नाली भी अवरुद्ध है। इस समस्या को लेकर कई बार तत्कालीन अधिकारियों से मोहल्ला वासियों की झड़प भी हुई मगर परिणाम शून्य रहा। यह नालियां आज भी गंदगी से बजबजाती हुई ऊपर तक भरी है।

## पक्षियों के लिए पेड़ों पर लटकाए पात्र

- भाजपा नेता ने पक्षियों को बचाने की शुरू की पहल

**तिंदवारी।** मौसम विभाग ने चार दिनों का अलर्ट जारी किया है। गर्मी अपने पूरे शबाब पर है। लोग बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इंसान का ही कर्तव्य है कि वह खुद के लिए जतन तो करे ही, अपने आस-पास के प्राणियों खासकर पशु-पक्षियों के लिए भी सब इंतजाम करे कि कोई भी दाना-पानी के अभाव में दम न तोड़े। झुलसाने वाली धूप में कोई पक्षी प्यासा न रहे। भीषण गर्मी में मूक पक्षियों के लिए जीव दया का भाव रखते हुए कस्बे के समाजसेवी व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी सभी को प्रेरणा दे रहे हैं। उन्होंने कस्बा स्थित घर में पेड़ों पर पक्षियों के लिए जलपात्र रखकर उनके लिए पेयजल और दाना की व्यवस्था की। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से पात्रों में पानी और दाना रखा। बताया कि पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते हैं। उन्होंने बताया कि साल्ट और एनर्जी पक्षियों की किडनी के फंक्शन के लिए जरूरी है।


पक्षियों के दाना-पानी के लिए पात्र टांगते आनंद स्वरूप द्विवेदी। अमृत विचार

इसकी पूर्ति खनिज-लवण युक्त पानी से हो सकती है। गर्मी में अपने घरों के बाहर, छतों पर पानी के बर्तन रखें और हो सके तो छतों पर पक्षियों के लिए छाया की व्यवस्था भी करें। पक्षियों के शरीर में इलेक्ट्रोलाइट की मात्रा संतुलित रहे, इसके लिए पानी मे गुड़ की थोड़ी मात्रा मिलानी चाहिए।

तैयारी — भीषण गर्मी के चलते बाजार पर पड़ रहा बुरा असर, कीमतों में लगातार हो रहा इजाफा

## हर नस्ल के बकरे आए हैं मंडी में बिकने के लिए

कार्यालय संवाददाता,बांदा


जामा मस्जिद के बाहर बकरों की खरीददारी करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रमजान के 65 से 70 दिनों बाद ईद-उल-अजहा यानि बकरीद मनाई जाती है। इस साल बकरीद 17 जून सोमवार को मनाई जाएगी। यह दिन कुबार्नी का होता है। इस्लाम में इस दिन दी जाने वाली कुर्बानी को बलिदान का प्रतीक माना जाता है। शहर की जामा मस्जिद के बाहर और शहर कोतवाली के सामने बकरों का सबसे बड़ा बाजार सज गया। यहां मंडल समेत सीमावर्ती मध्य प्रदेश से व्यापारी और खरीददार दोनों पहुंच रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण मंडी में मौजूद व्यापारियों के लिए बकरों की देखभाल करना बेहद मुश्किल साबित हो रहा है।

बकरीद से पहले शहर के अलग-अलग मोहल्लों में बकरों का बाजार सज गया है। मंडल भर से व्यापारी शहर में बकरे बेचने के लिए पहुंच रहे हैं। जैसे-जैसे बकरीद करीब आ रही है, बकरों की कीमत में भी इजाफा हो रहा है। 17 जून सोमवार को बकरीद का पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर बकरे की कुर्बानी कराई जाती है। इसको लेकर बाजार में हर नस्ल के बकरों की बिक्री इस बार भी मंडी में हो रही है। मंडल मुख्यालय समेत सीमावर्ती मध्य प्रदेश के जिलों के लोग भी यहां बकरे बेचने और खरीदने आ रहे हैं। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद शहर की जामा मस्जिद और शहर कोतवाली के सामने बकरा बाजार में देशी के साथ अच्छी नस्ल के बकरों की दिन भर खरीद फरोख्त होती रही। छोटे-बड़े हर साइज के बकरों की यहां बड़ी मांग है।

बकरा व्यापरी जलील अहमद ने बताया कि बकरीद को महज कुछ ही दिन रह गए हैं। इस बार वह बाजार में 40 से 50 बकरे लेकर आये हैं। लेकिन बाजार की हालत बहुत खराब है। गर्मी के कारण बकरों के साथ जनजीवन अस्त-व्यस्त है। बकरों को स्वस्थ रखने के लिए चना, गेहूं और हरे पत्ते खिला रहे हैं। इन सभी की कीमत भी काफी बढ़ गई है। गर्मी के कारण दोपहर में बहुत कम खरीदार नजर आते हैं। शाम को बाजार में माहौल अच्छा होता है।

### बरबरा के साथ देशी नस्ल के बकरों की मांग

मंडी में खरीददार इस्माइल ने बताया कि बीते 35 वर्षों से वह बरबरा नस्ल के बकरे को प्रमुखता देते आए हैं। बरबरा नस्ल के साथ देशी बकरों की मांग ज्यादा रहती है। हर कोई विशेष योजना के साथ बकरे खरीदने आता है। इस बार गर्मी ज्यादा है, जिस वजह से सभी चाह रहे हैं कि जल्दी कुर्बानी का बकरा खरीद लिया जाये। बकरीद से पहले बकरे की देख रेख करना, उसको पालना अच्छा माना जाता है। इसलिए सभी कोशिश करते हैं कि जैसे ही बाजार में बकरों की अच्छी नस्ल मौजूद हो तभी खरीद लिए जाएं।

## नशे ने ले ली ट्रक चालक की जान

**बांदा।** हमीरपुर के मनकीकला गांव निवासी संजय (30) पुत्र रमेश सिंह ट्रक चलाता था। वह गुरूवार की शाम खाली ट्रक लेकर गिरवां खदान बालू भरने जा रहा था। तभी नशा अधिक होने पर वह पैगबंरपुर के पास ट्रक खड़ा कर पुलिया पर लेट गया। वही पर खलासी पवन यादव भी लेट गया। रात करीब ग्याहर बजे जब संजय नही उठा तो पवन ने पानी का छींटा मारा इसके बाद एंबुलेस को सूचना दी। एंबुलेस ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। खलासी पवन और वाहन मालिक के भाजे गोरे सिंह ने बताया कि संजय ट्रक लेकर मोरम खाली करने बबेरू गया था। लौटते समय उसने पवन को भी घर से लिवा लिया। रास्ते में शराब पी। नशा अधिक होने से उसकी मौत हो गई।


भंडारा में कन्या भोज में शामिल कन्याएं। अमृत विचार

## भंडारे में हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

**ओरन।** बिसंडा ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर गांव में चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर आयोजित विशाल भंडारा और कन्या भेज में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे।

सिंहपुर गांव में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा में कथाव्यास आचार्य डा.गणेशदत्त त्रिपाठी ने भागवत कथा के महत्म और उसके श्रवण से होने वाले कल्याण के बारे में कथाओं के माध्यम से जानकारी दी। बताया कि इसके श्रवण से मानव का कल्याण निश्चित है। साथ ही भजनों पर भक्त भी जमकर झूमे और कथा का आनंद लिया। ज्ञात रहे गांव के सत्यदेव महाराज के प्राचीन मंदिर में प्रतिवर्ष गांव और क्षेत्र के लोगों के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। भागवत कथा के विश्राम पर भंडार संपन्न हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

# लू और तेज धूप की चपेट में आने से एक और मौत

## एक माह में 20 से ज्यादा मौतें, 40 साल का रिकार्ड टूटा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- तीन दिन तक हीटवेव को लेकर जारी की गई थी एडवाइजरी
- **जनपद पथरीला होने के कारण गर्मी का एहसास अधिक**

**अमृत विचार।** लू व तेज धूप के चलते ग्राम पसवारा निवासी एक ग्रामीण की मौत हो गई। एक माह के अंदर 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

शुक्रवार को पूरा जिला तेज धूप और बढ़ते तापमान से तप उठा। कोतवाली महोबा के ग्राम पसवारा निवासी भवानीदीन (32) ईट भट्टे में काम करने गया था। शुक्रवार को लौटते समय उसे लू लग गई। परिवार के लोगों ने उसका देशी उपचार किया, लेकिन आराम लगता न देख उसे जिला अस्पताल पहुचाया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पिछले तीन दिनों तक हीटवेव को लेकर एडवाइजरी जारी की गई थी। इस दौरान गर्मी पूरे शबाब पर रही, जिससे लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। एक पखवाड़ा पहले झांसी से मानिकपुर मालगाड़ी लेकर जाते समय लोको पायलट महोबा आने पर भीषण की गर्मी के चलते बेहोश हो गया था, जिसे उसके साथी द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। इसी तरह गुरुवार को जनपद प्रतापगढ़ के ग्राम कुर्रही निवासी दीपक सिंह ट्रक लेकर गिट्टी लेने पत्थर मंडी कबरई के उटियां गांव के प्लाट पर गया था। ट्रक खड़ा करने के बाद भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने से चालक बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई। इसी तरह एक माह के अंदर गर्मी की चपेट में आने से करीब बीस लोगों की मौत हो चुकी है।

शहर के मोहल्ला बड़ीहाट निवासी इस्माईल अंसारी (75), मकनियापुरा निवासी रामेश्वर साहू (76) बताते हैं कि भीषण गर्मी और गर्म हवाएं एक माह तक करीब पांच दशक से नहीं चली और न इतनी अधिक गर्मी पड़ी। जनपद चारो तरफ से पहाड़ों से घिरा होने के कारण यहां पर पहाड़ों के तपने से गर्मी और तापमान अधिक रहता है। पिछले तीन दिनों से जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और आसमान से बरस रही आग ने पिछले 40साल के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। बुजुर्ग बताते हैं कि मई जून में जिले में गर्मी तो खूब पड़ती है, लेकिन इस साल लगातार एक माह से पड़ रही तेज गर्मी और लू के थपेड़ों से लोगों का बुरा हाल है। गर्मी से बचने के लिए तरह तरह के जतन कर रहे हैं, लेकिन गर्मी से राहत नही मिल पा रही है। गौरतलब है कि महोबा जनपद पथरीला होने के कारण यहां गर्मी के मौसम में पहाड़ से तप जाने से मौसम गर्म रहता है। अत्याधिक गर्मी आठ से दस दिन ही पड़ती है, लेकिन इस साल करीब एक माह से बढ़ते तापमान ने दशकों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।

# प्रदेश स्तरीय फुटबाल में तीन खिलाड़ी चयनित

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- **19 से 26 जून तक मऊ में आयोजित होगी प्रदेशस्तरीय फुटबाल चैंपियनशिप**

**अमृत विचार।** प्रदेश स्तरीय फुटबाल चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2024 के लिए मण्डल स्तरीय टीम के खिलाड़ियों के चयन के लिए गुरुवार को बांदा स्टेडियम में चयन प्रक्रिया प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मंडल स्तर के फुटबाल खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए चयनकर्ताओं को ताली बजाने के लिए मजबूर कर दिया। अंडल 19 बालक प्रदेश स्तरीय फुटवाल चैम्पियनशिप में महोबा जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन होने से उनके माता पिता व फुटबाल प्रेमियों की खुशी की लहर दौड़ गई है।

जिला फुटबाल एसोसिएशन महोबा के महासचिव जाहिद अली ने बताया कि अंडर 19 बालक वर्ग प्रदेश स्तरीय फुटबाल चैम्पियन शिप के लिए 16 फुटबाल खिलाड़ियों को बांदा स्टेडियम में आयोजित मंडलीय प्रतियोगिता के माध्यम से चयनकर्ताओं ने चयन किया, जिसमें महोबा के फुटबाल खिलाड़ी प्रिंस


खिलाड़ियों के चयनकर्ता। अमृत विचार

कुमार, आशीष वर्मा और प्रियांशु का चयन इस प्रतियोगिता के लिए किया गया है। बताया कि अंडल 19 बालक वर्ग प्रदेश स्तरीय फुटबाल चैम्पियन शिप 2024 का आयोजन 19 से 26 जून तक जिला मऊ स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में मैनेजर के रुप में महोबा के आयुष सिह सेंगर का भी चयन किया गया है। टीम चयन की भूमिका में चित्रकूट स्टेडियम के बाबू अख्तर हुसैन, मडल सचिव जाहिद अली ने निभाई।

# तलाकशुदा पत्नी ने पिता-पुत्री को पिटवाया

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** एक तलाकशुदा पति द्वारा फोन किए जाने से नाराज होकर पूर्व पत्नी अपने परिजनों व परिचितों के साथ मिलकर उसके घर पहुंच गई और गालीगलौज करते हुए उसकी जमकर मारपीट शुरू कर दी। पिता की मारपीट देख उसे बचाने पहुंची पुत्री को भी मारा पीटा, जिससे दोनो लोग बुरी तरह से घायल हो गए। घायल पिता पुत्री को परिजनों और मोहल्ले वासियों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर पीड़ित द्वारा मारपीट करने वालों के खिलाफ महोबा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शहर के मोहल्ला समदनगर निवासी लल्लू ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि एक साल पहले उसका और उसकी पत्नी का तलाक हो गया था और दोनो इसी मोहल्ले में अलग अलग मकान में रहने लगे और उसकी बारह साल की पुत्री अपने पिता के साथ ही रहती है। उसने बताया कि वह सबकुछ भुलाकर अपनी पत्नी और बच्ची के साथ नई जिंदगी शुरू करने के लिए उसे फोन किया और गुजरात चलने की बात कही, जिस पर वह


जिला अस्पताल में इलाज को आए घायल पिता-पुत्री। अमृत विचार

- **पीड़ित ने पत्नी व उसके परिचितों के खिलाफ पुलिस से की कार्रवाई की मांग**

भड़क गई और फोन पर ही गाली गलौज शुरु कर दी और काल काट दी। इसके बाद उसने फिर से उसे फोन किया तो उसने फिर से गाली गलौज करते हुए मारपीट किए जाने की धमकी देते हुए फोन काट दिया। पीड़ित द्वारा कई बार फोन लगाया गया, लेकिन काल रीसिव नहीं हुई।

शिकायती पत्र में बताया कि उसने एक बार फिर से काल किया तो पत्नी की एक परिचित ने फोन उठाया और वह भी गाली गलौज करने लगी, जिस पर उसने फोन काट दिया और थोड़ी देर बाद उसकी तलाकशुदा पत्नी अपने परिजनों व परिचितों के साथ उसके घर पहुंची गई और अभद्रता करते हुए लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी, लोगों द्वारा पिता की पिटाई देख उसकी बारह साल की पुत्री बिट्टों पिता को बचाने पहुंची तो उक्त लोगों ने उसकी भी बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुन मोहल्ले वासी वहां पहुंच गए और बीच बचाव कर घायल को उपचार के लिए इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। पीड़ित नेमामले से संबन्धित शिकायती पत्र शहर कोतवाली पुलिस को देरक पूर्व पत्नी आशा, साहिल, परवीन, मनु, पूजा सहित अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# मंदिर के पास भूमि समतल कराने के विरोध में हंगामा


बेलाताल में ग्रामीणों से बात करते एसडीएम अनुराग प्रसाद। अमृत विचार

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

- **पुलिस फोर्स के साथ एसडीएम मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों को समझाकर शांत किया**

**अमृत विचार।** ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर बेलासागर तालाब तट पर मंदिरों के समीप जेसीबी मशीन द्वारा सैकड़ों ट्राली मिट्टी डलवाई जा रही है। इससे मंदिरों को क्षति पहुंचने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने हंगामा किया। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन पर पुलिस बल के साथ पहुंचे एसडीएम ने सबको समझा-बुझाकर शांत किया। बजरंग दल ने एसडीएम को विरोध में ज्ञापन दिया।

ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर अवैध कब्जा जाने का आरोप लगाया है। उधर मिट्टी डाले जाने से पास बने मंदिरों का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है। सूचना पर पहुंचे बजरंग दल के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और ग्रामीणों के साथ मिलकर उप जिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद को शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान द्वारा डलवाई जा रही मिट्टी के कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

ग्राम डयोढ़ीपुरा निवासी कमलेश विश्वकर्मा, ग्राम पंचायत सदस्य कैलाश, प्रेम नारायण, भूपेंद्र, भगवान दास, अशोक, सहित एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कस्बा जैतपुर के श्रीनगर मार्ग पर ओने की पट्टी के पास ग्राम समाज की भूमि है और उसकी के समीप बेलासागर तालाब की तलहटी के पास सैकड़ो वर्ष पुराने शंकर भगवान, ग्वाल बाबा का मंदिर स्थापित है, जहां पर ग्राम प्रधान जेसीबी से मिट्टी डालकर जमीन को समतल कराने में उतारु है, इससे मंदिरों को नुकसान हो रहा है। बताया कि मिट्टी डालकर देव स्थल दबने लगे हैं साथ ही ग्रामीणों के पूर्वजों की समाधि स्थल भी मिट्टी डालकर उनको जमीदोज कर दिया है। ज्ञापन मे बताया कि इसकी शिकायत ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया था, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई, इसके बाद बजरंग दल महोबा जिलाध्यक्ष मयंक तिवारी को भी दूरभाष पर सूचना दी गई, जिस पर बजरंग दल कार्यकर्ता विवादित स्थल पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन पर उप जिलाधिकारी कुलपहाड़, थाना प्रभारी कुलपहाड़ अर्जुन शिंग, लेखपाल रामबाबू च पुलिस चौकी इंचार्ज शेरे आलम का समस्त स्टाफ मौके पर पहुंचा।

# नए कानूनों के प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक हुई**

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा सचिव की अध्यक्षता में शुक्रवार को लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा नामिका अधिवक्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारतीय संसद द्वारा पारित तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबन्ध में जानकारी दी गई। साथ ही नए कानून के संबन्ध में प्रचार प्रसार किए जाने पर चर्चा की गई।

जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महोबा जेपी यादव के आदेशानुसार भारतीय संसद द्वारा पारित तीन नये आपराधिक कानूनों के संबन्ध में अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तेन्द्र पाल ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता


बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 तीन नये कानून भारतीय संसद द्वारा पारित किये गये हैं, जो कि पुराने कानूनो का स्थान लेंगे। उपरोक्त तीनो नये कानून एक जुलाई 2024 से प्रभावी जो जायेगें और उसी दिन से से होने वाले अपराधां की विवेचना, जाँच व विचारण नये कानूनों के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने नये कानूनां द्वारा विचारण को जल्द से जल्द पूर्ण किये जाने पर बल दिया गया।

उन्होंने कहा कि विवेचना मे फोरेंसिक साक्ष्य के संकलन पर बल दिया गया है, जिससे कि वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर आपराधिक मामलो का निस्तारण किया जा सके, साथ ही भगोडे. अभियुक्तां का विचारण उनकी अनुपस्थिति मे किये जाने का भी प्राविधान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि नये आपराधिक कानूनां के सम्बन्ध मे व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा, जिससे कि आम नागरिकों को भी नये कानून के बारे जानकारी हो सके। चीफ, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल रामऔतार सिंह द्वारा भी विस्तृत रूप से नये कानूनां के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नये कानूनां मे झूठे परिवाद लाने पर लगाम लगाने की कोशिश की गयी है, अब परिवाद पर संज्ञान लेने से पहले अभियुक्त को भी सुनवाई का अवसर दिया जायेगा। बैठक मे डिप्टी रामनरेश यादव, असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा, योगेन्द्र सिंह, सुनील कुमार शुक्ला, संदीप कुमार मिश्रा, महेन्द्र कुमार बादल आदि उपस्थित रहे।

# योग सप्ताह आज से 21 तक, तय की रूपरेखा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- **कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में प्रचार पर दिया गया जोर**

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बैठक संपन्न हुईं। बैठक मे 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की कार्ययोजना बनाई गई। बैठक में बताया कि योग स्वयं एवं समाज के लिए एवं जनमानस को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 15 से 21 जून तक योग सप्ताह बनाया जाएगा, जिसकी रुपरेखा बनाई गई।

बैठक में जिला स्तरीय होम्योपैथिक एवं आयुर्वेद के समस्त चिकित्सालायों व योग वेलनेस, हेल्थ वेलनेस सेंटर के सभी चिकित्साधिकारियों व योग प्रशिक्षकों को निर्देश दिए गए कि योग सप्ताह में चिन्हित स्थानों में जाकर जनमानस को योग प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास कराया जाए एवं 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जनमानस को प्रचार प्रसार द्वारा उत्साहित किया जा रहा है। आयुष कवच एप पर योगाभ्यास की फोटो एवं प्रतिभागियों का विवरण अपलोड किया जाए। जिले के गैर सरकारी योग संस्थाओं पंतजलि, गायत्री परिवार, ब्राम्हकुमारी, भारतीय योग संस्थान व जिले में संचालित सभी नियमित चल रही योग कक्षाओं के प्रतिनिधियों को बुलाकर योग दिवस को सफल बनाने पर सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

# बेरोजगारों को रोजगार दिलाने की कवायद तेज

**महोबा।** उत्तर प्रदेश खादी ग्रामोद्योग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत जिले के बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने की कवायद तेज कर दी गई है।

आरक्षित वर्ग महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, दिव्यांग और भूतपूर्व सैनिकों से जुड़े लोगों को ब्याज रहित दस लाख रुपये का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। इससे जिले के बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रामऔतार यादव ने बताया कि 18 से 50 आयु तक के पुरुष व महिला अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रमाण पत्रों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# जिला अस्पताल में 18 ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- **एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने किया शिविर का उद्घाटन एसपी ने बढ़ाया उत्साह**

**अमृत विचार।** विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर शुक्रवार को जिला अस्पताल में स्थित ब्लड बैंक कक्ष में बृहद स्वैच्छिक शिविर का आयोजन किया गया, जहां पर 18 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। रक्तदान करने वालों में कई ऐसे लोग पहुंचे जिन्होंने कई बार रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के अलावा जरूरतमंदों को भी रक्त देकर कई लोगों की जान भी बचाई।

शुक्रवार को विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने फीता काट कर


रक्तदान के दौरान मौजूद एसपी अपर्णा गुप्ता व एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर।

किया। शिविर में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने रक्तदानियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इस पुनीत कार्य को करने से लोगों नया जीवन मिलता है। एमएलसी ने रक्तदान के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं दस बार से अधिक रक्तदार करने वालों को सम्मानित भी किया। रक्तदाताओं को प्रतीक चिह्न एवं उपहार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। विधायक ने कहा कि रक्तदान करने से कभी भी शरीर में रक्त कम नही होता है, बल्कि तेजी से नए खून का संचार होता है। आपके रक्तदान से किसी भी जान बच सकती है, जिससे जीवन भर उनके परिजनों की दुआएं मिलती है। रक्तदान शिविर में पहुंचकर 25 लोगों ने रक्तदान केंद्र पर पहुंचकर पंजीयन कराने के बाद जांच कराई, जिसमें से 18 लोग रक्तदान करने के पात्र पाए गए। रक्तदान करने वालों में दिनेश कुमार, कीरत सिंह, धीरेंद्र कुमार मिश्रा, आनंद कुमार सोनी, सागर अग्रवाल, दिलीप कुमार, ज्योति गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, महेंद्र चौरसिया, डॉ. राजेश कुमार भट्ट, रिषभ अग्रवाल, मनीष जैदिका, प्रवीण कुमार आदि रहे।

# कबीर की भक्ति पर कल किया जाएगा प्रसारण

**महोबा।** आकाशवाणी छतपुर से 16 जून को सुबह 7:20 से कबीर की भक्ति पर कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

उक्त जानकारी देते हुए पूर्व प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी ने बताया कि कबीर की भक्ति विषय पर उनके द्वारा वार्ता की जाएगी, । वार्ता के क्रम में कबीर की ज्ञान मार्गी भक्ति पर प्रकाश डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि यह वार्ता हिन्दी और इतिहास विषय के अलावा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र छात्राएं ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

पूर्व प्रवक्ता डॉ. एलसी अनुरागी ने सभी लोगों ने इस कार्यक्रम का प्रसारण का भागीदार बनने की अपील की है।

बकरीद 17 को | व्यापारियों, खरीदारों से खचाखच भरा रहा पशु बाजार

# बकरों की कीमत 40 हजार तक, एमपी तक से आए खरीदार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** 17 जून को ईद उल अजहा का त्योहार मनाया जाना है। इस पर्व पर मुस्लिम समुदाय के ज्यादा तक घरों में कुर्बानी की जाती है, जिसको लेकर शहर के शुक्रवारी पशु बाजार में शुक्रवार को बकरों की सबसे ज्यादा बिक्री की गई। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश से भी खरीदार आए। बकरा व्यापारियों द्वारा कई किस्म के बकरों की बाजार सजाई गई, जिसे देख लोगों ने जमकर बोली लगाई। शुक्रवार को एक बकरा 30 हजार रुपये में बेंचा गया। इस दफा सात हजार से लेकर चालीस हजार तक के बकरे बाजार में आए, लेकिन कुर्बानी के लिए लोग अच्छा और सस्ता बकरा खरीदने में घंटों बाजार की खाक छानते रहे। तब कहीं जाकर उन्हें मनपसंद बकरा मिल सका।

पशु बाजार में गुरुवार की देर शाम से बकरों को वाहनों में लादकर व्यापारी पहुंच गए। शुक्रवार की सुबह से ही कुर्बानी के लिए बकरा खरीदने वालों की भीड़ उमड़ी जो देर शाम तक लगी रही, जिससे पशु बाजार बकरों, व्यापारियों, खरीददरों के अलावा वाहनों से खचाखच भरा नजर आया।

वहीं बाजार समिति ने भी भारी भीड़ को देखते हुए पहले से इंतजाम कर लिए गए थे और आए हुए व्यापारियों की रसीद काटने के साथ साथ बिना इंट्री फीस के बाजार के अंदर आने वालों को पकड़कर उनका चालान किया गया। वहीं जगह कम पड़ने पर बड़े वाहनों को साइड मे कराकर मंडी समिति के लोगों के लिए जगह बनवाई। बाजार के इस बार दूर दूर से व्यापारी बकरों को लेकर आए।

शहर के पशु बाजार में ईद उल अजहा (बकरीद) त्योहार में कुर्बानी के लिए शुक्रवार को बकरों की आखिरी बाजार होने कारण लोगों का भारी हुजूम उमड़ा। पशु बाजार में शहर के अलावा जिले की सीमा से सटे मध्यप्रदेश के छतरपुर, लवकुश नगर, गढ़ी मलहरा, नौगांव सहित अन्य जगहों से मुस्लिम समुदाय के लोग बकरा खरीदने के लिए पहुंचे, जिसके चलते बकरा व्यापारियों ने ऊंचे दामों पर बकरों को बेंचा गया। त्योहार से पूर्व लगाई गई पशु बाजार में लोगों ने कुर्बानी के लिए जमकर बकरों की खरीदारी की और उन्हें घर ले गए।



शुक्रवार बाजार में लगी भीड़ व बाजार के बाहर खड़े बकरे। अमृत विचार

## खानपान के दुकानों में लगी रही भीड़

शहर की शुक्रवारी बाजार में लोगों की आमद अधिक होने के कारण चाय, नाश्ता सहित अन्य खानपान के दुकानदारों ने भी जमकर बिक्री की। ज्यादा भीड़ के चलते आसपास निवासी करने वाले छोटे मोटे दुकानदारों ने भी सड़क किनारे ठेलिया लगाकर, समोसे, बिलयानी, चाय, गुटखा और पानी की बोतल व पानी पाउच लगाकर बेंचा और मुनाफा कमाया। भीड अधिक होने के कारण कुछ ही घंटों में दुकानों में रखा खानपान का सामान खत्म हो गया, जिससे दुकानदारो ने घर की महिलाओं और परिजनों को दुकान पर ही बुलाकर जल्दी जल्द खाने का सामान बनवाया और इसके बाद फिर से बिक्री शुरु कर दी। शाम तक भीड होने के कारण दुकानदारों की जमकर बिक्री हुई। गर्मी के चलते लोगों ने सबसे ज्यादा पानी और कोल्डड्रिंक खरीदी।


भीड़ के चलते सड़क पर लगा जाम। अमृत विचार

## सड़क पर भीड़ लगने से उत्पन्न हो गई जाम की स्थिति

बकरीद अनकरीब होने के कारण शुक्रवार को पशु बाजार परिसर हाउस फुल नजर आया, बाजार में लोगों को पैर रखने तक की जगह नही मिली। व्यापारी अपने बकरों को रस्सियों से बांधकर उनके चारो तरफ अपने साथ लाए लोगों को खड़ा दिया, जिससे उनका कोई भी जानवर इधर से उधर न हो सके। पशु बाजार में बकरा व्यापारियों और खरीदारों की भीड़ तहसील रोड से लेकर पुराने प्राइवेट बस स्टैंड सड़क तक लगी रही। सुबह से दोपहर तक मार्ग में जाम की स्थिति पैदा हो गई। सड़क किनारे व्यापारियों के वाहन खड़े होने के कारण चार पहिया और बाइक चालकों को सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ा।

## ईद उल अजहा की नमाज का समय निर्धारित

शहर में ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज ईदगाह के अलावा कई मस्जिदों पेश इमाम द्वारा पढ़ाई जाती है, जिसका समय निर्धारित करते हुए शाही मस्जिद में सुबह सात बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह में 7:15 बजे, जामा मस्जिद में साढ़े सात बजे नमाज होगी, जबकि मगरियापुरा की मस्जिद में 7:45 और चौसियापुरा की मस्जिद में सुबह आठ बजे नमाज अदा की जाएगी। शहर-ए-काजी आफाक हुसैन ने सभी मुस्लिमोंसे ईदगाह में नमाज अदा करने की अपील है।

# धूप की तपन से बदन और आंखों में जलन

## भीषण गर्मी में एसी-कूलर भी फेल, लू से नहीं मिली राहत, अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बढ़ते तापमान से हर कोई अब परेशान है। तेज धूप से सिर्फ गर्मी ही नहीं त्वचा के साथ आंखें भी चुभ रही हैं। लोगों को चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पंखे और कूलर से भी बेकार साबित हो रहे है। अस्पताल मरीजों से भरे हैं। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है तो लू ने भी लोगों को बेहाल किया।

जून के दूसरे सप्ताह में पहली प्री मानसून की बारिश के इंतजार के बीच भीषण गर्मी से जिले के लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे से धूप के तेवर दिखने लगे। सड़कों पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। दोपहर की तेज धूप से बचाव के लिए लोगों ने गमछे व छाते का सहारा लिया, लेकिन राहत नहीं मिली। इस गर्मी से पंखे कूलर भी बेकार साबित हो रहे हैं, रात में सोना दुश्वार हो गया है। शुक्रवार को राहगीरों से लेकर घरों, बसों और दुकानों में बैठे लोग परेशान दिखे। सुबह 10 बजे के बाद से लोग घरों से बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलते दिखे।



बिक्री के लिए दुकान में रखे कूलर। अमृत विचार



जिला अस्पताल में लू की चपेट में आकर भर्ती मरीज। अमृत विचार

### मांग बढ़ी, एसी-कूलर का स्टॉक घटा

- शहर में इलेक्ट्रॉनिक सामानों के विक्रेता ऊदल ने बताया कि मांग बढ़ने के चलते स्टॉक समाप्त होने को है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर लोग एसी खरीद रहे हैं। कई वर्षों की तुलना में इस बार पंखा, कूलर व एसी की बिक्री में लगभग तीन गुना की वृद्धि हुई है।

### पशुओं को छाया वाले हवादार स्थान पर रखें

- पशु चिकित्सकों के अनुसार ऐसे में पशुओं में पानी व नमक की कमी, भूख कम होने एवं कम दूध उत्पादन जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। इसलिए पशुओं को गर्मी से बचाने का प्रयास करें। चिकित्सकों ने दुधारू पशुओं को दोपहर से शाम पांच बजे तक छाया वाले तथा हवादार स्थान पर रखने की सलाह दी है। पशुओं को दिन में चार से पांच बार ताजा पानी पिलाना आवश्यक है।

### ताजा, संतुलित और पौष्टिक आहार लें

- कुरारा सीएचसी अधीक्षक डॉ.सुनील जायसवाल ने बताया कि यदि किसी जरूरी काम से निकल भी रहे हैं तो सिर ढक कर निकलें। पानी समय- समय पर पीते रहें। इस समय ताजा, संतुलित और पौष्टिक आहार लें। रात के समय हल्का भोजन करें। पेय पदार्थों का अधिक सेवन अधिक करें।

### गर्मी से ऐसे करें बचाव

- तेज धूप में जाने से बचें, दोपहर 12 से 3 बजे तक घर के अंदर ही रहें।
- घर से बाहर निकलते समय सिर पर कैप या कपड़ा रखें।
- आंखों को धूप से बचाव के लिए काले रंग का चश्मा लगाएं।
- थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहे, पीने के पानी की बोतल साथ में रखें।
- ज्यादा देर धूप में न रहें, धूप से आते ही ठंडा पानी कतई न पिएं।
- शरीर को ज्यादा से ज्यादा ढकने वाले सूती कपड़े ही पहनें।
- मौसमी फल तरबूज, खरबूजा, ककड़ी, खीरा का सेवन ज्यादा करें।
- कोई समस्या आए तो फौरन अस्पताल में चिकित्सक की सलाह लें।

### लू की चपेट में आने से ईंट भट्ठा मजदूर की मौत

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के नारायच गांव निवासी रामबाबू (55) शुक्रवार दोपहर बाद मदारपुर रोड पर स्थित पारस ईंट भट्ठा से काम करके वापस अपने घर आ रहा था, तभी वह लू की चपेट में आ गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसकी हालत देखकर परिजनों ने उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## 23 जून को आएगा मानसून अभी नौ दिन गर्मी करें सहन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- कुरारा क्षेत्र में 46.2 डिग्री रहा अधिकतम तापमान

**अमृत विचार।** मौसम के पूर्वानुमान के मुताबिक आगामी 23 जून से मानसून आने की संभावना जताई है। अभी जनपदवासियों को नौ दिन और गर्मी बर्दाश्त करनी होगी। शुक्रवार को कुरारा क्षेत्र में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 33 डिग्री सेल्सियस रहा। गर्म हवाओं व उमस भरी गर्मी में लोग बिलबिलाते नजर आए।

जिले में गर्मी अपना लगातार सितम ढा रही है। शुक्रवार को सुबह से ही सूरज ने आग उगलना शुरू कर दिया। सुबह आठ बजे से ही मौसम में गर्मी बढ़ने लगी थी। इस समय न्यूनतम पारा 31 डिग्री रहा। समय बढ़ने के साथ पारा भी चढ़ना शुरू हो गया। आठ से 10 बजे के बीच पारा सबसे तेजी से बढ़ा। दोपहर 12 बजे तक पारा 45 पार कर गया। इसके साथ चली गर्म हवाओं से तपन और बढ़ गई। पंखा, कूलर तक गर्म हवा उगलने लगे। लोग गर्मी से अकुलाहट महसूस करते रहे।मौसम के तल्ख तेवर देख लोगों ने घरों में ही रहना उचित समझा। इससे बाजार की चहल पहल में भी असर दिखा। दोपहर दो बजे तक पारे ने 46 डिग्री के आंकड़े को छू लिया। जिससे राह चलते लोगों के गर्मी से गले चटकने लगे। एक घंटे तक पारा इसी लेवल पर बना रहा। शाम के समय सूरज जब अस्त हुआ, तब कहीं जाकर पारा गिरने पर तपन से राहत मिल सकी।

केवीके अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक 23 जून तक मानसून आने की संभावना जताई गई है। कहा कि दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री व न्यूनतम 33 डिग्री सेल्सियस रहा है। बादल छाए रहने से लोगों को धूप से कुछ राहत मिली।

## 24 तक बढ़ा ग्रीष्म अवकाश अब 25 से खुलेंगे विद्यालय

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शासन ने सभी परिषदीय स्कूलों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को 15 जून से बढ़ाकर 24 जून कर दिया है। अब 25 जून को विद्यालय खोले जाएंगे। जहां 30 जून तक विद्यालयों में अन्य गतिविधियां, साफ-सफाई एवं स्कूल चलो अभियान आदि कार्यक्रम कराए जाएंगे। एक जुलाई से पूर्व की भांति सभी विद्यालय संचालित होंगे।

शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने सभी बीएसए को निर्देश जारी कर कहा है कि कक्षा एक से आठ तक के सभी परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित है। कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान एवं गर्मी के दृष्टिगत ग्रीष्मकालीन अवकाश 24 जून तक बढ़ाया जाता है। वहीं 25 जून से शिक्षक, शिक्षिका, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर अन्य प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। 28 जून से छात्र-छात्रा विद्यालय में सुबह साढ़े सात बजे से 10 बजे तक उपस्थित रहेंगे।

वहीं 25 जून से 30 जून तक विद्यालयों में अन्य गतिविधियां, साफ-सफाई, स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों में नामांकन बढ़ाए जाने सहित अन्य कार्य कार्यक्रम चलाए जाने के आदेश दिए हैं। कहा कि एक जुलाई से सभी विद्यालय पूर्व की भांति सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक संचालित किए जाएंगे। बीएसए आलोक सिंह ने कहा कि शासन ने ग्रीष्मकालीन को 15 जून से बढ़ाकर 24 जून कर दिया है। शासन के आदेशों का पालन कराया जाएगा।

## अधिवक्ता संघ ने मांगा ठंडा पानी

**हमीरपुर।** अधिवक्ता संघ ने तहसील परिसर में पेयजल सहित शौचालयों की साफ सफाई कराए जाने आदि समस्याओं को लेकर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवानदास दीक्षित व कोषाध्यक्ष अमरमणि शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि सदर तहसील परिसर में लगे दोनों फ्रीजर गर्म पानी दे रहे हैं, जिससे वादकारियों व अधिवक्ताओं को ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। दो हैंडपंपों में एक का पानी पीने योग्य नहीं है। इनमें गंदा पानी भरा रहता है। दोनों वाटर कूलर सही कराए जाने व हैंडपंपों के प्लेटफार्म ऊंचे किए जाने की मांग की। इसके साथ ही पानी की टंकियों व सुलभ शौचालय को नियमित रूप से साफ सफाई कराए जाने की मांग की।

## 18 को आएगी किसान सम्मान निधि

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बुधवार को 17वीं किस्त 18 जून को जारी होगी। इससे खरीफ फसल की तैयारियों में जुटे किसानों को सहूलियत मिलेगी। सम्मान निधि के लाभ से वंचित किसान उस कृषि निदेशक कार्यालय में पहुंचकर समाधान करा रहे हैं।

केंद्र सरकार की ओर से किसान सम्मान निधि का लाभ किसानों को दिया जा रहा है। यह योजना वर्ष 2019 में शुरू हुई थी। अब तक किसानों को 16 किस्तों में सीधे लाभ दिया गया है। साल में तीन बार सम्मान निधि की राशि किसानों के बैंक के खाते में सीधे भेजी जाती है। प्रत्येक किस्त दो हजार रुपये रहती है। इस तरह एक साल में छह हजार रुपये का लाभ किसानों को मिल रहा है। वहीं तमाम किसान ऐसे हैं जिनको योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसी का खाता नंबर व आधार नंबर दुरुस्त नहीं है तो किसी को अन्य कारणों से योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कृषि विभाग के मुताबिक कुल एक लाख 93 हजार 409 पंजीकृत किसान हैं। इनमें एक लाख 57 हजार 976 किसानों की ई-केवाईसी हो चुकी है। वहीं करीब डेढ़ लाख किसानों की आधार, भूमि सत्यापन व ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। इनमें 20 हजार किसानों की ई-केवाईसी पेंडिंग है।

### कई बार कागज जमा किए मगर नहीं मिला लाभ

कुरारा ब्लाक के डामर गांव निवासी किसान लीलाधर कुशवाहा ने कहा कि योजना की शुरुआत से ही प्रयास कर रहा है। एक बार लेखपाल ने कृषि विभाग में जाकर कागजात जमा करने को कहा था। इसके बाद की बार ब्लाक गया। कागज जमा किए, लेकिन सारे प्रयास असफल रहे हैं। अब योजना का लाभ लेने का विचार ही छोड़ दिया है।

> यदि किसी कारणवश सम्मान निधि की राशि बैंक खाते में नहीं आ रही है तो किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय में समस्या दूर करा सकते हैं।
>
> – हरिशंकर भार्गव, उप कृषि निदेशक

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- हादसे में चार लोग हुए घायल महिला का पति भी जख्मी
- बिना इलाज कराए अस्पताल से भागे घायल बाइक सवार

**अमृत विचार।** राजमार्ग में हुई मोपेड व बाइक की टक्कर में घायल एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति समेत दूसरी बाइक में सवार महिला व दो युवक भी घायल हो गए। सभी घायलों को सरकारी अस्पताल मौदहा लाया गया, जहां महिला को मृत घोषित करते ही आरोपी बाइक सवार अस्पताल से भाग निकले। कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी रामजीत निषाद अपनी पत्नी सुमन (55) को अपनी मोपेड में लेकर अपनी रिश्तेदारी में एक 8 वर्षीय बालक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के बाद उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ग्राम गुढ़ा गया था। शुक्रवार की दोपहर जब वह अपनी पत्नी को मोपेड में लेकर अपने गांव लौट रहा था। तभी राजमार्ग पर गहबरा चौकी के समीप पीछे से आ रहे बाइक सवारों ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी। जिससे सुमन मोपेड से उछल कर राजमार्ग पर गिर पड़ी। वहीं टक्कर मारने वाले बाइक में सवार दोनों युवक व एक महिला भी बाइक समेत सुमन के ऊपर गिर पड़े। इस घटना में सभी के गंभीर रूप से घायल होने के चलते राहगीरों की मदद से उन्हें लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने सुमन को देखते ही मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी होते ही आरोपी बाइक सवार दोनों युवक व महिला घायल अवस्था में बिना इलाज कराए अस्पताल से भाग निकले। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। महिला अपने पीछे तीन पुत्रों व एक पुत्री को बिलखता छोड़ गई है। घायल रामजीत ने बताया कि आरोपी बाइक सवारों में वह एक युवक को जानता है, जिसका नाम उसने रघुनाथ पुत्र मुन्नीलाल वर्मा निवासी ग्राम भवानी बताया है।

### बाइक से गिरकर अधेड़ गंभीर रूप से घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा भौली मार्ग में बाइक असंतुलित होने से बाइक में सवार 55 वर्षीय अधेड़ गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के जमरेही तीर गांव निवासी फूल सिंह (55) पुत्र कालीचरण अपने एक रिश्तेदार के साथ गांव से बाइक से कस्बा आ रहा था। तभी भौली गांव के पास बाइक असंतुलित होकर फिसल गई। जिसमें सवार फूल सिंह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय सीएचसी लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## शिविर में रक्तदान के लिए 24 लोग आए

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से जिला चिकित्सालय में विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। शुक्रवार को इस अवसर पर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कई गणमान्य व्यक्तियों एवं नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस दौरान लोगों को यह संदेश दिया गया कि रक्तदान करना जनकल्याण का काम है, हमारे रक्तदान से किसी का अमूल्य जीवन बच सकता है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने व स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोगों को समय-समय पर रक्तदान करने एवं रक्तदान के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। शिविर में 24 महादानियों ने रक्तदान किया। इस दौरान सीएमओ डॉ.गीतम सिंह, प्रभारी सीएमएस डॉ.आरएस प्रजापति, ब्लड बैंक प्रभारी हरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, अभिषेक तिवारी, प्रियंका पाठक, अरविंद, एआरटीओ अमिताभ राय आदि मौजूद रहे। डीएम-एसपी ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## सार-संक्षेप

### युवती को ले जाने में पिता-पुत्र पर रिपोर्ट

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर कर ले जाने पर पीड़ित पिता ने एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने थाने में दी तहरीर में बताया कि पीछे 6 जून को मेरी 20 वर्षीय पुत्री घर से गायब हो गई। जिसकी काफी खोजबीन की, लेकिन नहीं मिली। काफी खोजबीन करने के बाद जानकारी हुई कि गांव का प्रमोद उर्फ छैंया पुत्र लालाराम मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर कर अपने साथ कहीं ले गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रमोद और छैंया के खिलाफ युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है । पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच-पड़ताल के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### चौकी प्रभारी पर लगाए गंभीर आरोप

**हमीरपुर।** चंद्रपुरवा बुजुर्ग के ग्रामीणों ने फैक्ट्री एरिया चौकी प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर उच्च स्तरीय जांच कर उसके स्थानांतरण की मांग की है। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के चन्दपुरवा बुजुर्ग के ग्रामीण जगभान, गजराज, रविकरन जगरूप, कमता, कुरैशा, रेनू श्याम बाबू आदि ने एसपी को दिए पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि सुमेरपुर स्थित फैक्ट्री एरिया चौकी प्रभारी राहुल मिश्रा उनके गांव के रोहित तिवारी का खास रिश्तेदार है। जिससे रोहित तिवारी द्वारा जुआ सट्टा, शराब आदि के कारोबार से अवैध वसूली कर दोनों में बंदरबांट किया जाता है। कहा कि उक्त लोगों द्वारा आए दिन ग्रामीणों को परेशान कर उगाही की जाती है। जिससे सभी ग्रामीण परेशान है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से फैक्ट्री एरिया चौकी प्रभारी की उच्च स्तरीय जांच करवा कर कानूनी कार्यवाही करते हुए स्थानांतरण की मांग की है।

## डीएम ने नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**हमीरपुर।** 26 जून तक नशामुक्त भारत पखवाड़ा चलाया जा रहा है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं संभ्रांत नागरिकों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई।

नशामुक्त भारत पखवाड़ा के अन्तर्गत सभी स्कूल, कॉलेजों में समस्त प्राचार्यों द्वारा छात्रों को नशामुक्त रखने के लिए शपथ दिलाने के साथ ही सेमिनार, कार्यशाला आदि का आयोजन करने एवं जागरूकता रैली निकालने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए है। ग्रामीण / शहरी क्षेत्रों में संबंधित एसडीएम के निर्देशन में नशीले पदार्थों के सेवन के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। डीएम राहुल पांडेय एवं एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा ने नागरिकों से अपील किया है कि वे नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहें अपने और अपने परिवार की खुशहाली तथा देश की तरक्की के लिए नशामुक्त भारत बनाने में अपना सहयोग करें।

## 21 जून को मनेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- डीएम ने बैठक कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की

**अमृत विचार।** 15 से 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह एवं 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में हुई।

उन्होंने कहा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जनपद में भव्यता के साथ मनाया जाएगा। स्टेडियम में वृहद स्तर का कार्यक्रम आयोजित होगा। तहसील, ब्लाक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग से लोगों को जोड़ने के लिए प्रभावी ढंग से प्रयास कर जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि दशम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम '' योग स्वयं एवं समाज के लिए निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सुबह छह बजे से प्रारम्भ होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। इसमें व्यापार मंडल, स्कूलों के छात्र.छात्राओं आदि को भी जोड़ा जाए। अलग अलग बीमारियों से ग्रस्त तथा अलग अलग आयु के लोगों को उनकी सुविधा एवं लाभ के अनुसार योग के विभिन्न आसनों को बताया जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर 15 जून को योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम से किया जाएगा। 16 जून को वन चेतना केंद्र में, 17 जून को यमुना तटबंध में, 18 जून को कल्पवृक्ष परिसर में, 19 अमृत सरोवर गुन्देला मुस्करा में, 20 जून को आंबेडकर पार्क तथा 21 जून को बड़ा कार्यक्रम स्टेडियम परिसर में संपन्न होगा।

## अधूरे कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- डीएम की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक हुई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न कार्य योजनाओं को समय से पूरा करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामों को ओडीएफ प्लस किए जाने के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में चयनित समस्त 32 ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत पूर्ण करते हुए धनराशि व्यय शत प्रतिशत करा ली जाय। साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में चयनित 146 ग्राम पंचायतों में भी कार्य यथाशीघ्र करा लिए जाए। वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित अवशेष समस्त 152 ग्राम पंचायतों की कार्ययोजना बनाते हुए शासन से क्रेडिट लिमिट मंगाए जाने के लिए समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में पूर्ण कराए गए आरआरसी में संचालन कराया जाय। जिस के लिए समस्त खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं.) समस्त जिला कन्सलटेन्टों को पर्यवेक्षण एवं संचालन कराए जाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए।

व्यक्तिगत शौचालयों के संबंध में निर्देश दिए कि समस्त विकास खंडों में पात्र लाभार्थियों का ही चयन किया जाय। प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष विकास खंडों में मांग के अनुरूप ही फीडिंग व इसका अप्रूवल किया जाय। गोवर्धन परियोजना अन्तर्गत विकासखंड गोहांड की ग्राम पंचायत जराखर एवं जखेड़ी में बन रहे बायोगैस प्लांट की संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण कराते हुए दोनों प्लांटों को तत्काल संचालित कराने के निर्देश दिए।

वहीं ग्राम पंचायत पौथिया में बन रहे प्लास्टिक संग्रह स्थल की तत्काल संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण कराते हुए यूनिट का संचालन कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, बीएसए आलोक सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा, सहित प्रधान, समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं.) व बीडीओ, जिला समन्वयक, प्रेरक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक | शांति व्यवस्था भंग करने वाले अराजक तत्वों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

# पूरी शांति के साथ मनाएं बकरीद : डीएम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा की अध्यक्षता में आगामी त्योहार ईद उल-अजहा (बकरीद) को लेकर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से धर्मगुरुओं व संभ्रांत नागरिकों के साथ जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न। बैठक में पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने की अपील की गई।



शुक्रवार को जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक लेते डीएम व एसपी। अमृत विचार

बैठक में ईद उल-अजहा (बकरीद) जनपद के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए अधिकारियों ने त्योहार को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने, किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने व आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। कहा कि कुर्बानी के लिए स्थान का चिन्हांकन पहले से हो, इसके अतिरिक्त विवादित/संवेदनशील स्थानों पर कुर्बानी न हो। कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट के निस्तारण की उचित व्यवस्था व कार्य योजना के संबंध में चर्चा की गई। कहा कि आसपास के लोगों को जागरूक करें कि इंटरनेट मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह या कुर्बानी से संबंधित वीडियो बनाकर गलत तरीके से पोस्ट न करें। ऐसा करने वालों की पहचान करके वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नमाज के समय ईदगाह एवं मस्जिदों के आस पास सफाई व सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था रखने के संबंध पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी को शासन द्वारा त्योहार के संबंध में निर्गत गाइड लाइन एवं निर्देशों के संबंध भली भांति अवगत कराया गया तथा त्योहार पर शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। बैठक में समस्त अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित जनपद के संभ्रांत नागरिक व संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## पिता-पुत्र पर ग्राम समाज की भूमि कब्जाने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण करने व फोन से सरकारी सेवक को धमकाने सहित अन्य सुसंगत धाराओं में लेखपाल ने पिता पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सुमेरपुर क्षेत्र के इंगोहटा गांव में तैनात लेखपाल महेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी रामगोपाल व दुर्गेश ग्राम समाज की बंजर भूमि के कुछ भाग पर पिलर कराकर पक्का अवैध निर्माण कार्य कराने की फिराक में है। जिसकी जानकारी होने पर उसने उसी दिन शाम करीब पांच बजे मौके पर जाकर रामगोपाल को निर्माण न कराने व तत्काल खोदे गए गड्ढे पूर्व की भांति करने को कहा था। बताया कि शाम करीब सात बजे उसके बेटे दुर्गेश का उसके मोबाइल में फोन आया, जो नशे में धुत था। कहा कि प्रधान से मिल लेना, मेरी प्रधान से बात हो गई है। उसने कहा कि तुम लोग ग्राम समाज की सरकारी भूमि को क्षति न पहुंचाएं और खोदे गए गड्ढे पूर्व की भांति पुरवा दें। तब उक्त दबंग ने कहा कि अगर तुम्हारी हिम्मत है, तो आकर निर्माण कार्य रोक लेना, आज रात्रि में निर्माण कार्य करूंगा। धमकी दी कि तुम उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो और उक्त लोगों ने रात्रि में ही निर्माण कार्य सामग्री मंगाकर मौके पर डलवा दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### युवक के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ फोन पर गंदी-गंदी गालियां देने व छेड़खानी करने पर पीड़ित युवती ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित युवती ने थाने में दी तहरीर में बताया कि सुनील पुत्र रमेश अहिरवार बेवजह पीछा कर मुझे परेशान करता है और फोन पर गंदी-गंदी गालियां देता है। बीते 9 जून को फोन पर मुझे गंदी-गंदी गालियां दी और जब विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पिता-पुत्र ने अधेड़ को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के जुल्हैटी इलाके में पुराने विवाद के चलते पिता पुत्र ने पड़ोसी अधेड़ के साथ गाली गलौज कर जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। राठ कस्बे के जुल्हैटी इलाके के निवासी रमेश पुत्र मोहनलाल ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा हुआ था तभी पुराने विवाद के चलते मोहल्ले का निवासी मनोज और उसका पिता रतन उसके घर के दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो उक्त दोनों लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। बताया कि घटना के बाद उसने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।

### वाहन की टक्कर से तीन बाइक सवार घायल

**महोबा।** अलग-अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। विकासखंड पनवाड़ी के ग्राम काशीपुर निवासी रामस्वरूप पुत्र दीनदयाल, रवि कुमार पुत्र सुरेंद्र, टंटू पुत्र सत्यवीर बाइक से पनवारी से भरवारा जा रहे थे तभी रास्ते में बाइक एक अज्ञात वाहन से टकरा गई, जिससे तीनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। बाइक सवार हेलमेट न लगाए होने के कारण सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### दंपति समेत चार लोगों ने खाया जहर

**महोबा।** कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम सुगीरा निवासी राम प्रसाद (22) पुत्र प्यारेलाल ने किसी बात से क्षुब्ध होकर जहर खा लिया परिजनों से जिला अस्पताल महोबा पहुंचाया। कस्बा कुलपहाड़ के मोहल्ला किशोरगंज निवासी आर्यन (17) पुत्र दुली चंद ने घर पर जहर खा लिया। इसी तरह थाना खरेला की ग्राम पहरेथा निवासी प्रशांत (27) पुत्र शिवकुमार में जहर खा लिया। पति के जहर खाने की जानकारी होते ही उसकी पत्नी शालिनी पत्नी प्रशांत ने भी जहर खा लिया। दोनों की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जिला अस्पताल भेज दिया।जहां पर चारों को भर्ती कर दिया गया। शालिनी की हालत नाजुक है।

### राशन लेने से पहले करना होगा ई-केवाईसी

**उरई।** माधौगढ़ तहसील में जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने सभी कोटेदारों के साथ बैठक की। जिसमें क्षेत्रीय सभी उचित दर दुकानों में खाद्यान्न वितरण के समय ई पॉश मशीन के जरिए राशन कार्ड में शामिल सभी सदस्यों की ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया गया है। जूम मीटिंग के माध्यम से सभी कोटेदारों को उक्त कार्य को तत्काल प्रभाव से पूर्ण करना है।

# कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगाकर जान दी

## नीम के पेड़ पर लटकता मिला शव, पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल

**संवाददाता बसरेहर, इटावा**



मौके पर जांच पड़ताल करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव चौबिया में साहूकारों के कर्ज से परेशान हो एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



विकास।

ग्राम निवासी विकास कुमार जाटव पुत्र स्व. वीरेन्द्र सिंह जाटव ने साहूकारों से कर्ज ले रखा था। जिसके कारण वह काफी समय से परेशान चल रहा था। 13 जून को अपने खेतों में धान की पौध लगाकर शाम को घर नहीं पहुंचा। सुबह गांव के लोग खेतों की तरफ शौच क्रिया के लिए निकले तो देखा कि गांव से कुछ दूरी पर नीम के पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका हुआ है। गांव वालों ने चौबिया ग्राम प्रधान अनिल कुमार को सूचना दी।

ग्राम प्रधान ने उसकी पहचान विकास कुमार जाटव के रूप में करते हुए परिवार वालों को सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन वहां पहुंच गए। वहीं चौबिया थाना प्रभारी मंसूर अहमद मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### दबंगों ने मां-बेटा के साथ की मारपीट

**बकेवर, इटावा।** कस्बा लखना के खेड़ा मुहाल में शराब के नशे में धुत दबंगों ने मां बेटे को गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। खेड़ा मुहाल निवासी महिला राजबेटी ने बताया कि वह अपने दरवाजे पर बैठी पुत्र के साथ बातचीत कर रही थी। मोहल्ले के ही जितेंद्र कुमार उर्फ शोले व रिंकू शराब के नशे में दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। महिला ने गाली-गलौज करने से मना किया तो आरोपी लाठी डंडे से मारपीट करने लगे। मां को पिटता देख पुत्र आकाश बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की। चीख पुकार सुनकर पास पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

## सड़क के किनारे मिला वृद्ध का शव

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी गढ़ी गांव के पास सड़क के किनारे एक वृद्ध व्यक्ति का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची राठ कोतवाली पुलिस के द्वारा मृतक के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शव ग्रह में रखवाया गया है। फिलहाल प्राप्त शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा मृतक शिनाख्त के प्रयास किया जा रहे हैं।

कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि रात में कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी गढ़ी गेट के अंदर सड़क किनारे एक वृद्ध व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस की टीम के द्वारा शव की शिनाख्त कराए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं। बताया कि उन्होंने शव को शिनाख्त के लिए सीएचसी के शव ग्रह में रखवा दिया है। बताया कि मृतक व्यक्ति की उम्र लगभग 70 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है। उसने सफेद रंग का कुर्ता पजामा पहना हुआ है एवं पैरों में काले जूते भी पहने है। बताया कि मृतक के शव के पास में ही उसका डंडा भी पड़ा हुआ था। बताया कि मृतक की शिनाख्त के प्रयास किया जा रहे हैं तथा शिनाख्त हो जाने के बाद ही शव का पंचनामा होगा।



फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

# लोगों की जिंदगी बचाने के लिए 25 लोगों ने किया रक्तदान

**कार्यालय संवाददाता उरई**

**अमृत विचार।** रक्तदान करना जनकल्याण का काम है, हमारे रक्तदान से किसी का जीवन बच सकता है। लोग खुद भी रक्तदान करें और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। यह बात जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने जिला अस्पताल व राजकीय मेडिकल कॉलेज में विश्व रक्तदाता दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कही।

रक्तदान शिविर में राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ आर के मौर्या, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रशान्त निरंजन, विभागध्यक्ष एनीथीसिया डॉ सुनित सचान, नोडल ऑफिसर डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह सहित 30 व जिला अस्पताल में 25 नागरिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस दौरान आम जनमानस को यह संदेश दिया गया कि इस बार विश्व रक्तदाता दिवस का विषय 'दान का जश्न मनाने के 20 साल, धन्यवाद रक्तदाताओं' है। इस स्लोगन के साथ ही स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करने एवं रक्तदान के प्रति जागरूक किया जाता है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रक्तदान करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ नरेंद्र देव शर्मा सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## संयुक्त निदेशक को महिला अस्पताल में मिली गंदगी

**महोबा।** संयुक्त निदेशक परिवार नियोजन राजेश मोहन गुप्ता ने शुक्रवार को महिला जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई न पाए जाने और सफाई कर्मचारी आईसीयू में ठंडक में सोता पाए जाने पर संयुक्त निदेशक ने नाराजगी जताते हुए महिला अस्पताल के सीएमएस को लताड़ लगाई। साथ ही सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए। महिला अस्पताल में बिना स्वीकृति के 12 लड़कियां काम करते पाए जाने पर अधीक्षक से जवाब तलब किया है।

संयुक्त निदेशक ने आधा दर्जन नर्स के रजिस्टर में हस्ताक्षर तो पाए, लेकिन अस्पताल में सिर्फ एक नर्स उपस्थित मिली। 15 दिनों से गायब है जबकि नियम अनुसार 10 दिन से ज्यादा गायब होने पर आउटसोर्सिंग कर्मचारी की सेवा समाप्त किए जाने का प्रावधान है इसके बाद भी सीएमएस ने सेवा समाप्त नहीं की। अस्पताल की अव्यवस्थाएं देखकर संयुक्त निदेशक नाराज दिखाई दिए। उन्होंने तिदिन बेड की चादर बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन अलग-अलग रंग की चादर बदली जाए। उन्होंने बताया कि बिना स्वीकृति के 12 लड़कियां काम करती पाई गई।

# अपहरण कर मांगी 30 हजार रुपये की फिरौती

**संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)**

**अमृत विचार।** बाइक सवार का कार सवारों ने अपहरण कर लिया और उसके बाद मारपीट कर पत्नी से तीस हजार रुपये की फिरौती मांगी। पड़ोसी जनपद की पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मौदहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी धीरेंद्र उर्फ मंगल पुत्र राजाराम ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह वैवाहिक कार्यक्रम में फोटो ग्राफी का काम करता है। बीते 13 जून की शाम वह एक तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल होने छिमौली डेरा गया था। वहां से बाइक से लौट रहा था, तभी रास्ते में महेश पुत्र रामरूप निषाद ने अपने आधा दर्जन अज्ञात साथियों के साथ चार पहिया वाहन से बाइक में टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दी और पीड़ित को अपहृत कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने अपहृत के साथ मारपीट कर उसकी पत्नी सुनीता के फोन पर फोन कर 30 हजार रुपये की मांग की। रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।

अपहृत की पत्नी ने तत्परता दिखा यूपी 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दी। जिस पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस की, जो उस समय पड़ोसी जनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र पर थी। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने जसपुरा पुलिस को मामले से अवगत कराया। जिसके बाद जसपुरा पुलिस ने आरोपियों को अपहृत सहित गिरफ्तार कर मौदहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

# राहगीर को टक्कर मार कर दो डंपर भिड़े

**संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)**

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे 34 में सुबह 10 बजे नरायनपुर गांव में पैदल जा रहे राहगीर को टक्कर मार कर दो डंपर आमने-सामने भिड़ गए। उनके पीछे दो प्राइवेट सवारी वाहन भी भिड़ गए। इस घटना में राहगीर के अलावा किसी को चोट नहीं लगी है। राहगीर को एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल भेजा गया है।

शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे एक डंपर कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर की तरफ जा रहा था। नरायनपुर गांव के समीप एक डंफर कानपुर से कबरई की ओर आ रहा था। यहां पर टेढ़ा के मजरा इसौली का निवासी पिंटू 30 वर्ष पुत्र रामशरण पैदल जा रहा था। इसको टक्कर मारकर कबरई की तरफ जा रहा डंपर कानपुर की ओर जा रहे डंपर से भिड़ गया।



नेशनल हाईवे पर क्षतिग्रस्त खड़े वाहन। अमृत विचार

इसी बीच कस्बे से सवारियां लादकर हमीरपुर जा रहे दो डग्गामार वाहन कानपुर की तरफ जा रहे डंफर में पीछे से जा भिड़े। फिलहाल इन दोनों वाहनों में सवार कोई भी यात्री हताहत नहीं हुआ है। एक डंपर के केबिन के पिचक जाने से चालक अंदर ही फंस गया। जिसे ग्रामीणों ने खिड़की को तोड़कर बाहर किया और घायल राहगीर पिंटू को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर इसको सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## सार-संक्षेप

### सवा लाख की बकरियां लाद ले गए चोर

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** गुरुवार की रात आधा दर्जन लोग लोडर साथ लेकर आए और टेढ़ा गांव के हार में खेतों में डेरा डाल कर रहे रहे दो परिवारों की आधा दर्जन बकरियां लोडर में लादकर ले गए। बकरियों के कीमत 1.20 लाख के आसपास है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को नामजद तहरीर सौंपी है।

टेढ़ा गांव निवासी बबलू प्रजापति ने पुलिस को दी गई तहरीर में अवगत कराया है कि बीती रात गांव निवासी सुम्मा अपने साथी मनुआ, मैयादीन, सुरेश, ननुहा निवासी सिकहुला जिला बांदा के साथ खेतों में बने डेरे में लोडर लेकर आए और मेरे सीने पर चाकू रखकर डेरे में बंधी तोतापरी बकरियों को लाद कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। चोरी की गई बकरियां तोतापरी प्रजाति की है। इनकी कीमत 1.20 लाख के करीब है। उसकी चार तथा दो बकरियां कंचन रानी की है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बैजेमऊ में एक सप्ताह चली श्रीमद् भागवत कथा के समापन में गया भोज भंडारे की विशाल आयोजन किया गया जिसमें आजाद भारत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश द्विवेदी सहित सैकड़ों की संख्या कथा प्रेमी भक्तों ने भाग लिया व प्रसाद ग्रहण पुण्य लाभ अर्जित किया। विकासखंड के नदी किनारे स्थित आखिरी गांव चौबीसी क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध ग्राम बैजेमऊ गांव निवासी राजभईया मिश्रा ने बजरंग बली आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करने बाद अंतिम दिन गया भोज का विशाल आयोजन किया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद भारत पार्टी के सुरेश द्विवेदी अपने साथियों के साथ कथा स्थल पर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया साथ में क्षेत्र के सैकड़ो भागवत कथा प्रेमी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुन्य लाभ अर्जित किया।

### युवक पर छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के एक गांव की निवासी महिला ने मझगवां थाने में लिखित तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के अंदर घरेलू कार्य कर रही थी तभी उसी दौरान गांव का ही एक दबंग व्यक्ति उसके घर के अंदर घुस आया। आरोप लगाते हुए कहा कि दबंग व्यक्ति ने गलत इरादे के चलते उसका हाथ पकड़ कर उसे जमीन पर पटक दिया तथा उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़खानी करने लगा। बताया कि उसके द्वारा विरोध करने व शोर मचाने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़ा हुआ तथा कुछ देर के बाद वापस उसके घर के अंदर घुस आया और उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। बताया कि उसके साथ मारपीट होती देखकर जब उसकी पुत्री उसे बचाने के लिए दौड़ी तो दबंग ने उसकी पुत्री के साथ भी मारपीट कर दी। तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। बताया कि उसने मझगवां थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में मझगवां थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### ब्लॉक कार्यालय में पानी का संकट

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** ब्लॉक प्रमुख के निर्देश के बाद भी ब्लॉक परिसर में लगा वाटर कूलर ठीक न होने से ब्लॉक कर्मियों के साथ यहां आने वाले फरियादी ठंडे पानी के लिए तरस रहे हैं। ब्लॉक परिसर में एकमात्र हैंडपंप मुख्य गेट के बगल में लगा है। यह पिछले कई माह से खराब है। जल संस्थान इसको ठीक करने में हाथ खड़ा कर चुका है। जल संस्थान का कहना है कि इस हैंडपंप के बोर में बरगद की जड़ों ने डेरा जमा इसको बर्बाद कर दिया है। इस वजह से इसका ठीक होना मुश्किल है। रिबोर ही इसका दूसरा विकल्प है। हैंडपंप के खराब होने के बाद प्यास बुझाने का दूसरा विकल्प वाटर कूलर ही है। यह पिछले एक माह से खराब पड़ा है। यहां तैनात रहे प्रभारी खंड विकास अधिकारी डिप्टी कलेक्टर शांतुन कुमार सिनसिनवार ने इसको ठीक कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। डिप्टी कलेक्टर के यहां से हटने के बाद ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने एपीओ मनरेगा विकास चंद्र को वाटर कूलर ठीक कराने के निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट किया था कि इसको ठीक कराकर आने वाला खर्च उनसे लेकर भुगतान कर दिया जाए। इसके बाद एपीओ वाटर कूलर को ठीक करने में जरा भी दिलचस्पी नहीं दिखाई और वाटर कूलर अभी खराब पड़ा है। इससे कार्यालय आने वाले फरियादी एवं ब्लॉक कर्मी परेशान है। एपीओ ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख के निर्देश मिले हैं। वह जल्दी ही इसको ठीक कराएंगे।

### अवैध कार्य व अपराधियों पर रहेगी पैनी नजर

**रामपुरा,जालौन।** तहसील क्षेत्र के थाना रामपुरा में थानाध्यक्ष के स्थानांतरित होने पर उनकी जगह पर आए थानाध्यक्ष योगेन्द्र पटेल ने चार्ज ग्रहण करते हुए बताया कि उनकी सेवा की शुरूआत पीएसी बल से हुई वर्तमान में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी थी। वहीं पूर्व में डकोर,गोहन,कोटरा, कैलिया,रेंढर थानों में थानाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी रही। जनपद जालौन के पूर्व सुलतानपुर हरदोई आदि जनपदों में भी सेवा रही है।

### राम के वनवास की कथा सुन हर आंख हुई नम

**जालौन।** उदोतपुरा गांव में लक्ष्मनजू के मंदिर परिसर में चल रही रामकथा के चौथे दिन कथा वाचक ने राम वनवास की कथा का वर्णन किया। कथा वाचक पंडित संजय पांडेय ने अयोध्या का वर्णन करते हुए कहा कि राजा दशरथ चाहते हैं कि श्रीराम का राज्याभिषेक किया जाए और अपने गुरु वशिष्ठ से राज्याभिषेक के लिए कहते हैं। इससे देवता व्याकुल हो उठते हैं और माता सरस्वती से प्रार्थना करते हैं कि मंथरा की बुद्धि को भ्रमित कर दें, क्योंकि अगर श्रीराम राज्य के कार्यों में उलझ गए तो राक्षसों का वध कौन करेगा। इसके बाद और कैकेयी-मंथरा का संवाद होता है। मंथरा कैकेयी को राजा द्वारा दिए गए वचनों को याद दिलाती है और कैकेयी राजा दशरथ को जाकर इन्हीं वचनों को याद दिलाती है। वह राम को वनवास और भरत को राज्य सौंपने की जिद करती है। इसके बाद राजा दशरथ न चाहते हुए भी श्रीराम को वनवास जाने का आदेश दे देते हैं। राम वनवास की कथा को सुनकर भक्तों की आखें नम हो गईं। इस मौके पर पारीक्षित नैपाल सिंह राजावत, रामश्री देवी, प्रताप सिंह राजा, देवेंद्र तोमर, रामजीवन सिंह, कल्लू राजावत, राजाबाबू चौहान, संतोष सिंह, कृष्णा राजावत, सुधा देवी, रामकुमारी, श्वेता, सपना, पप्पी, अंजली रहे।

# कुर्बानी की वीडियो बनाकर वायरल न करें

**संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)**

**अमृत विचार।** कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक में अधिकारियों ने कहा कि कुर्बानी की वीडियो बनाने का प्रयास न करें। न ही इसे वायरल करें। अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्रवाई भुगतने के लिए तैयार रहें। बैठक से पहले जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा, एएसपी मायाराम, एसडीम राजेश चंद्र व क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी सहित पुलिस बल ने कस्बे के मलीकुआं चौराहे से थाना चौराहा होते हुए रूट मार्च किया।

कस्बे में छह स्थानों पर सार्वजनिक कुर्बानियां होगी। इनके अपशिष्ट निस्तारण का विशेष प्रबंध के निर्देश दिए। बिजली पानी की लोगों ने मांग की। बिजली विभाग के अधिकारियों के कमेटी में न पहुंचने पर अपर पुलिस अधीक्षक ने नाराजगी जताई। इन अधिकारियों को उप जिलाधिकारी के साथ अलग से बैठक के लिए निर्देश दिए। प्रशासन ने जहां शांति व्यवस्था के कडे प्रबंध का आश्वाशन दिया। नगर पालिका ने 13 सूअर पालकों को नोटिस जारी की। कहा कि किसी भी दशा में तीन दिन बकरीद की नमाज से कुर्बानियां तक बंद रखें अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में मौजूद बड़ी ईदगाह के मुतवल्ली जनाब हाजी जावेद साहब ने बताया कि बड़ी ईदगाह में ठीक 7 बजे ईदुल अदहा बकरीद की नमाज होगी।



शांति कमेटी की बैठक लेते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

# स्वीमिंग पूल के मालिक को बेरहमी से पीटा, तोड़फोड़

**संवाददाता, राठ (हमीरपुर)**

**अमृत विचार।** कस्बे के गलिहा रोड में स्थित स्विमिंग पूल में हुए मामूली विवाद के चलते लगभग एक दर्जन युवकों ने मालिक की बेरहमी से पिटाई कर उसे मरणासन्न कर दिया। स्विमिंग पूल में भी जमकर तोड़फोड़ की। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा घायल को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

कस्बे के चौबट्टा मोहल्ला निवासी प्रमोद सोनी पुत्र रमेश ने तहरीर देकर बताया कि कस्बे के गलिहा रोड इलाके पर वह एक स्विमिंग पूल संचालित करता है। बताया दो दिन पूर्व गलिहा रोड मोहल्ले के ही राज नाम के एक युवक ने स्विमिंग पूल की कैंटीन के कर्मचारी आकाश के 300 रुपये चोरी कर लिए थे। जिसके बाद उसने चोरी करने वाले युवक को डांट दिया था। बताया कि उसी खुन्नस के चलते आरोपी अपने लगभग एक दर्जन साथियों के साथ उसके स्विमिंग पूल पर आ धमका और उस पर अनर्गल आरोप लगाते हुए उसके साथ अपने सभी साथियों के साथ उसकी बेरहमी से पिटाई करने लगा। उन्होंने बताया कि दबंग के द्वारा की गई मारपीट से उसे गंभीर रूप से चोटें आई हैं। बताया कि उसने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।

# घर-घर परिवार नियोजन सेवाएं पहुंचाने पर जोर

**कार्यालय संवाददाता उरई**

**अमृत विचार।** शहरी स्वास्थ्य समन्वय समिति की त्रैमासिक बैठक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सीएमओ कार्यालय में हुई। जिसमें सिटी प्लान की समीक्षा की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन सेवाओं को जनसमुदाय तक पहुंचाने के लिए सभी को जिम्मेदारी निभानी होगी।

शहरी स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस और छाया दिवस सभी वार्डों में नियमित रुप से आयोजित किए जाए। जहां आंगनबाड़ी और आशा कार्यकत्री नहीं है, वहां अतिरिक्त दिवस आयोजित किए जाए। इसमें शिक्षा विभाग और आईसीडीएस विभाग का भी सहयोग लिया।

उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों द्वारा हेल्थ मैनेजमेंट एंड इनफोरमेशन सिस्टम (एचआईएमएस) पोर्टल पर रिपोर्टिंग सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जाए। जिससे डाटा संग्रह में कोई दिक्कत न हो। शहरी बाल विकास परियोजना अधिकारी विमलेश आर्या ने कहा कि उनके स्तर का जो भी सहयोग होगा, किया जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह ने विश्व जनसंख्या दिवस को सफल बनाने पर चर्चा की। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के जिला प्रतिनिधि शरद श्रीवास्तव ने शहरी स्वास्थ्य में अब तक हुए कार्यों का ब्योरा भी रखा। उन्होंने परिवार नियोजन सेवाओं को बढ़ाने पर जोर दिया। शहरी स्वास्थ्य कोआर्डिनेटर संजीव कुमार चंदेरिया ने परिवार रजिस्टर को दुरुस्त रखने पर जोर दिया। बैठक में चोब सिंह आदि मौजूद रहे।

**मनमानी** | सुमेरपुर नगर पंचायत का मामला, कार्य शुरू होते ही जमीन मालिकों ने रोका निर्माण कार्य

# निजी भूमि में सुंदरीकरण का करा दिया टेंडर

**संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)**

**अमृत विचार।** गायत्री तपोभूमि प्रांगण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने खाली पड़ी पुश्तैनी जमीन पर नगर पंचायत ने प्रस्ताव बनाकर सुंदरीकरण आदि का कार्य करने का टेंडर कराकर कार्य शुरू करा दिया। जानकारी होने पर इस भूमि के सभी खाताधारक मौके पर पहुंचकर कार्य ठप करा दिया है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने कस्बा निवासी महेश तिवारी,मंझले तिवारी, कामता तिवारी, राकेश तिवारी, राधेश्याम तिवारी, मदन गोपाल तिवारी, लक्ष्मण तिवारी आदि की पुश्तैनी जमीन है। राधेश्याम तिवारी ने बताया कि गाटा संख्या 2961 में उनकी एक एकड़ 36 डिसमिल जमीन पूर्वजों के समय से दर्ज है। गायत्री तपोभूमि के समीप होने के कारण पूर्वजों ने धार्मिक आयोजनों आदि के लिए इसको हमेशा खाली छोड़ रखा था। विगत दिनों नगर पंचायत ने इस भूमि को पार्क में तब्दील करने की नीयत से इंटरलॉकिंग, फुटपाथ, फाउंटेन, रेलिंग निर्माण, सुंदरीकरण, लाइटिंग आदि के निर्माण के लिए 39.73 लाख का टेंडर कराकर निर्माण के लिए मौके पर सामग्री पहुंचा दी।



निजी भूमि पर निर्माण कार्य करते श्रमिक। अमृत विचार

निर्माण कार्य शुरू होने पर इस भूमि से संबंधित सभी खाताधारक मौके पर पहुंचे और आपत्ति जताते हुए कार्य को ठप करा दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने बताया कि खाता धारकों ने आपत्ति जताकर आपसी सहमति बनाने के लिए समय मांगा है।

इस वजह से कुछ दिन के लिए कार्य रोका गया है। वही सह खातेदार राधेश्याम तिवारी का कहना है कि यह पुश्तैनी जमीन उनकी है और वह तपोभूमि के कार्यों के लिए इसको हमेशा खाली छोड़ रखेंगे। इसमें किसी तरह का सरकारी निर्माण मंजूर नहीं है।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दंड स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# भारत की बढ़ती मान्यता

इटली के अपुलीया में आयोजित तीन दिवसीय ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) औद्योगिक देशों का शिखर सम्मेलन राष्ट्रों के समूह के रूप में पश्चिमी देशों के राजनीतिक विकास में एक निर्णायक क्षण साबित होने वाला है। सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इजराइल व फिलस्तीन के संघर्ष से मानवीय संकट खड़ा हो गया है। जी-7 में शामिल अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा में चुनाव होने हैं। जबकि जापान में सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में जी-7 के फैसलों का नतीजा महत्वपूर्ण होगा। शिखर सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए अहम मुद्दों पर विचार विमर्श का अनूठा अवसर है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बेहतर भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। गौरतलब है कि सात देशों के इस समूह का भारत हिस्सा नहीं है मगर इटली की तरफ से बुलावा आने के बाद प्रधानमंत्री ने आउटरीच देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। भारत अभी तक 10 बार जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल हो चुका है। भारत की नियमित भागीदारी स्पष्ट रूप से भारत की बढ़ती मान्यता और उन प्रयासों के योगदान की ओर संकेत करती है, जो भारत शांति, सुरक्षा, विकास और संरक्षण सहित वैश्विक चुनौतियों को हल करने की कोशिश में लगातार कर रहा है। भारत के लिए, जी-7 शिखर सम्मेलन अमेरिका और यूरोप के साथ भारत की बढ़ती साझेदारी के वैश्विक आयाम को विस्तार देने का एक अवसर है। यानी सम्मेलन भारत और पश्चिम के बीच नए वैश्विक समझौते की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में उभर सकता है। कुछ महीने पहले जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने कई विवादास्पद मुद्दों पर दुनिया के अन्य सदस्य देशों के साथ सहमति बनाने में शानदार भूमिका निभाई। हमेशा भारत का उद्देश्य ग्लोबल साउथ के हितों और चिंताओं को दुनिया के सामने लाना रहा है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। भारत, एशिया और वैश्विक दक्षिण में अपनी साझेदारी को मजबूत करना जारी रखे हुए है, पश्चिम के साथ अधिक उत्पादक साझेदारी भारत के राष्ट्रीय हितों की बढ़ती श्रृंखला को सुरक्षित करने में मदद करती है और भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई गहराई जोड़ती है। भारत के अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ जहां मजबूत रिश्ते हैं, वहीं चीन भारत की वैश्विक आकांक्षाओं के लिए सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में एक पश्चिमी धुरी जिसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के साथ-साथ क्वाड के साथ मजबूत द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग शामिल है, भारत को चीन का मुकाबला करने में मदद कर सकता है।

# सपनों पर प्रहार करती वर्तमान परीक्षा प्रणाली




अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

भारतीय परीक्षा प्रणाली में बदलाव पर पुनर्विचार करना जरूरी हो गया है। व्याप्त खामियों को समय रहते सुधार लेना ही हितकर होगा। चीन, अमेरिका और यूरोपीय देशों में मूल्यांकन और आकलन के पैमाने हमसे भिन्न हैं। हमारी परीक्षा प्रणाली प्रतिस्पर्धा के कारण इसे तनावपूर्ण बना देती है।

पारदर्शिता आए दिन छात्रों के लिए चुनौती बनती जा रही है। आयोजकों में उत्तरदायित्व की कमी साफ नजर आती है। बच्चे बहुत मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं और जब कभी पेपर लीक की खबर या दोबारा परीक्षा होने की खबर आती है तो उनका मनोबल टूट जाता है। छात्रों की मेहनत का अनुकूल परिणाम उन्हें देना जरूरी है। बच्चों में आलोचनात्मक कौशल विकसित करना भी जरूरी है। इसके अतिरिक्त समस्या समाधान कौशल भी जिसके अभाव में अनहोनी घटती रहती है। रटने या क्लास रूम की संस्कृति से इतर वास्तविक परिवेश से उनका सामना हो वरना आज बच्चा पढ़ाई में इतना व्यस्त है कि इन वर्षों के दौरान वह समाज से दूरी बना लेता है। परिणाम स्वरूप आने वाले वर्षों में सामंजस्य स्थापित करना मुश्किल हो जाता है। साथ ही स्कूलों में छात्रों का रचनात्मक मूल्यांकन हो। हालांकि शिक्षा व्यवस्था में कई परिवर्तन आए। जैसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 आया। विभिन्न स्तरों पर सर्व शिक्षा अभियान चलाया गया,लेकिन अधिक फर्क नहीं आया। नई शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है। खामियां अभी भी बाकी हैं।



कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है,जो मई के महीने में आयोजित होनी थी,परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए,लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है।

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। तकनीकी गड़बड़ियों के चलते बोनस मार्क्स की बात हो या कुछ और दाल में काला जरूर है। यही नहीं, पिछले पांच सालों में विभिन्न राज्यों में 40 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं जिसमें कांस्टेबल, शिक्षक भर्ती और पटवारी जैसी कई परीक्षाएं हैं। ऐसी गड़बड़ी की जांच के लिए विशेष जांच एजेंसी की जरूरत है। साथ ही दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही भी। पेपर रद होना छात्रों के लिए हमेशा निराशाजनक होता है। खासकर ग्रामीण और गरीब पृष्ठभूमि के छात्र इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। कई माता-पिताओं ने परीक्षा की तैयारी के लिए अपनी जरूरतों पर लगाम लगाकर अपने बच्चों को कोटा भेजा था। नीट में भी कई छात्रों का यह दूसरा और तीसरा प्रयास था। दोबारा परीक्षा कराने से अकादमी कैलेंडर भी प्रभावित होता है। परीक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े होने लगते हैं।

कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है,जो मई के महीने में आयोजित होनी थी,परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए,लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है। आज सभी छोटे बड़े शहरों में इस परीक्षा की कोचिंग के लिए बहुत सारे संस्थान खुल गए हैं। हालांकि इनमें विशेषज्ञों और सुविधाओं के बारे में जानकारी लेना एक अलग पर महत्वपूर्ण विषय है। दिल्ली के करोल बाग,मुखर्जी नगर क्षेत्र में हजारों छात्र किराए के कमरों में रहकर इस परीक्षा की तैयारी करते हैं। वहां पर लोगों ने अपने घरों का व्यावसायिक इस्तेमाल बेहतरीन तरीके से किया है। छोटे-छोटे कमरे जहां दिन भर बल्ब जलाकर उजाला करना पड़ता है, भारी भरकम किराया,फिर भी कुछ बनने की चाह में छात्र वहां रहते हैं।


परीक्षा के लिए योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री है। यह बीई और एमबीबीएस की डिग्री भी हो सकती है। केवल भारतीय नागरिक ही इस परीक्षा के पात्र हैं। 21 से 32 वर्ष का कोई भी भारतीय नागरिक इस परीक्षा को दे सकता है। हालांकि आरक्षित वर्ग के लिए उम्र की अधिकतम सीमा में ढील दिए जाने के प्रावधान हैं। प्रयासों की संख्या सामान्य अभ्यर्थी के लिए छह है। ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी के लिए नौ और एससी और एसटी के लिए 37 साल की उम्र तक असीमित हैं। तीन चरणों में होने वाली यह परीक्षा मैराथन ही कही जा सकती है। पहले प्रीलिम्स, फिर मुख्य परीक्षा और अंत में इंटरव्यू। सामान्य अध्ययन इस परीक्षा का महत्वपूर्ण भाग है। एनसीईआरटी की किताबों से भी मदद मिलती है। प्रारंभिक परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न होते हैं जबकि मुख्य परीक्षा में वर्णनात्मक। निबंध लेखन के अलावा भारतीय संस्कृति, विश्व का इतिहास, भूगोल और सामाजिक परिदृश्य पर जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। सामान्य अध्ययन में संविधान, शासन प्रणाली, राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय संबंध जैसे विषय महत्वपूर्ण हैं।

पर्यावरण, आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त दो वैकल्पिक विषय जिसे उम्मीदवार अपनी रुचि के अनुसार चुन सकता हैं। जरूरी नहीं कि स्नातक में गणित पढ़ने वाला अभ्यर्थी गणित विषय को लेकर ही परीक्षा दे। वह समाजशास्त्र या मनोविज्ञान जैसे विषय भी ले सकता है। मुख्य परीक्षा की कट ऑफ को क्लियर करने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। मेरिट के अनुसार विभिन्न सेवाओं में उनका चयन किया जाता है। आए दिन विभिन्न परीक्षाओं पर घपले के जो बादल मंडरा रहे हैं,उसे देखकर आज हर परीक्षा के आयोजन पर संदेह होता है। उम्मीद यही करेंगे कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी या संस्था अपनी गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखने में कायम रहेगी ताकि शिक्षा के मूल्य पर कोई संदेह न हो और छात्रों के भविष्य के साथ किसी तरह का खिलवाड़ भी नहीं।

## प्रसंगवश

# विकल्पहीनता में विकल्प की आशा

लोकतांत्रिक राजतंत्र और वाणिज्यतंत्र के हाथों कठपुतली की तरह नाचते हुए आज का मानव एक ऐसी स्थिति तक पहुंच चुका है,जहां उसे वीभत्स भविष्य की संभावनाओं की आहट होने लगी है। परमाणु अस्त्रों की भयावह छाया में जहां युद्ध की विभीषिका होगी,शोषण की क्रूरता होगी और होगा अराजकता का तांडव, प्रदूषण का घुटन होगा, विश्रृंखलित समाज होगा और होंगे अनैतिक मूल्य। वैज्ञानिक प्रगति और सभ्यता के विकासक्रम में पूंजीवादी और साम्यवादी दोनों ही पद्धतियों से यद्यपि मानव का भौतिक स्तर ऊंचा हुआ है,परंतु उसके नैतिक स्तर में जितनी गिरावट आती जा रही है, उतनी गिरावट पहले कभी नहीं थी।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

औद्योगिक और भौतिक मूल्यों को प्रधानता देने वाली आज की वैज्ञानिक सभ्यता ने जिस समाज का संश्लेषण किया है,उसकी जीवंतता नष्ट प्रायः है। समाज का स्वतः विकासमान ऑर्गेनिक नेचर विलुप्त होता जा रहा है। विगत पांच दशकों से विश्व के लगभग सभी देशों में एक वैकल्पिक समाज और व्यवस्था की खोज की छटपाहट स्पष्ट दिख रही है। आज सारे विश्व के समक्ष एक गंभीर प्रश्न है उस मानवीय संस्कृति और समाज के निर्माण का जिससे मानवता की रक्षा हो सके,जो व्यष्टिवाद और समष्टिवाद के द्वंद्व में विनष्ट हो रहा है।

विगत पांच दशकों के विश्व का इतिहास साक्षी है कि एक ओर औद्योगिक और भौतिक मूल्यों की संस्कृति का दुष्चक्र,दूसरी ओर वैकल्पिक संस्कृति के निर्माण के खोज की अकुलाहट भरी खीज, दिशाहीन विद्रोह, झूठ, घृणा, हिंसा पर आधारित राजनीति और वैचारिक दासता आदि ने ऐसा संशय और संभ्रम उत्पन्न कर दिया है जैसा मानवीय सभ्यता के इतिहास में इसके पूर्व कभी नहीं था। इस संशय और संभ्रम के निवारण की किरणे आचार्य विनोबा भावे के नवविचार के दर्शन में प्रस्फुटित होती दिख रही हैं। गांधी के विचार और दर्शन को आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रसार देने वाले भूदानयज्ञ के संत विनोबा ने लोकजीवन और उसके व्यवस्था की संरचना को हिंसा मुक्त और जीवंत बनाने के लिए जो सिद्धांत प्रतिपादित किए उन पर विचार मंथन आज बहुत प्रासंगिक हो गया है। इस वैज्ञानिक युग में राजनीति और धर्मपंथ कालबाह्य -आउट डेटेड हो चुके हैं। अब विज्ञान और अध्यात्म ही रहने वाला है। जाने के पहले राजनीति और धर्मपंथ बहुत तकलीफ देंगे,लेकिन इन्हें जाना ही है। लाख कोशिशों पर भी ये बचेंगे नहीं।

आधुनिक युग में भी सामाजिक परिवर्तन और पुनर्निर्माण के लिए दो ही शक्तियों का प्रयोग किया जा रहा है-हिंसा और दंड शक्ति,यह हिंसा और दंड शक्ति चाहे राज्य की हो या धर्मपंथ की। राजनीति के दुष्चक्र में शासन कर रहे लोकतंत्र, एकतंत्र, समाजवाद, साम्यवाद ने पूरी दुनिया को एक यांत्रिक राजनैतिक तथा संवेदनहीन आर्थिक संगठन के नीचे दबा दिया है। दुनिया ने धर्म के मूल तत्व ज्ञान को समझने के बजाय धर्मपंथ को निषेध के रूप अधिक ग्रहण किया। विनोबा ने देखा एक छोर है-ध्यान, धारणा, समाधि ,भजन कीर्तन में डूबे रहना-मोक्ष की कामना में व्यक्ति अपना चित शुद्ध कर रहा है। समाज का चित शुद्ध नहीं है तो व्यक्ति के चित शुद्धि का कोई अर्थ नहीं है।

प्रह्लाद ने नृसिंह भगवान से प्रार्थना की इन दीनजनों को छोड़कर मैं अकेले मुक्त नहीं होना चाहता। प्रह्लाद का अनुसरण करते हुए बाबा का अभूतपूर्व अद्वैत चिंतन है,वे कहते हैं कि बाबा व्यक्ति रहा ही नहीं,बाबा समूह है और समूह के नाते ही यह देह है। बाबा सामूहिक मुक्ति के पक्षधर हैं। विनोबा ने एक स्थल पर कहा की सर्वसम्मति तब तक नहीं हो सकेगी जब तक राजसत्ता चलती रहेगी और जिसको संतपुरुष माना,आचार्य माना ऐसे पुरुष की भी सत्ता राजसत्ता से कम रुकावट वाली नहीं होती। पुरुष विशेष का युग गया। एकता की आकांक्षा समग्र विश्व में इस समय भरी है। अब जो महापुरुष पैदा होंगे उनकी खूबी होगी की वे सर्वसम्मति की शक्ति से काम करेंगे।

विनोबा के चिंतन को एक वाक्य में परभाषित करते हुए कहा जा सकता है कि प्राचीन चेतनवाद अध्यात्म युगों से इसलिए सार्थक है कि वह युगयुगीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समेटे हुए है तथा आज का प्रयोगवादी विज्ञान प्राचीन आध्यात्मिक मूल्यों को समेट कर ही अपनी सार्थकता सिद्ध कर सकेगा।

# ऐतिहासिक मोड़ पर यूरोप



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप का सबसे बड़ा युद्ध यूक्रेन की जमीन पर चल रहा है जिसमें एक तरफ रूस है और दूसरी तरफ सारे नाटो देश। इस लड़ाई में एक तरफ काफी धन की बर्बादी हो रही है,दूसरी तरफ तेल और गैस समेत बहुत सारे प्राकृतिक संसाधन,जिन पर यूरोप की संपदा निर्भर करती थी, रूस से आने बंद हो गए हैं। अगली बड़ी समस्या यह है कि पूरा मध्यपूर्व जिसमें पश्चिमी एशिया और उत्तरी अफ्रीका शामिल हैं- लीबिया, सीरिया, इराक और लेबनान से लेकर अफगानिस्तान तक- पूरा इलाका अभी उजड़ा पड़ा है और वहां से बड़ी संख्या में लोग भागकर यूरोप जा रहे हैं।

दसियों लाख लोग भगदड़ की तरह तुर्की और इटली के रास्ते यूरोप के शहरों में भर गए हैं। पेरिस और बर्लिन से लेकर मिलान और वारसा तक कई मशहूर शहर,जो सदियों से अपने सुंदर रख-रखाव के लिए जाने जाते रहे हैं,अभी विशाल झुग्गी-झोपड़ियों से कसे नजर आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान यह हो रहा है कि यूरोप का कम पढ़ा-लिखा मैनुअल लेबर वाला तबका या तो बेरोजगार हो गया है या उसको बहुत कम मजदूरी पर काम करना पड़ रहा है। महंगाई और बेरोजगारी की शक्ल में जाहिर हो रहे इन दोनों मुद्दों को लेकर यूरोप में काफी गुस्सा है।

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं। दोनों मसले सबसे ज्यादा तीखे ढंग से फ्रांस,जर्मनी और इटली की अति राष्ट्रवादी पार्टियों ने उठाए हैं और यूरोपीय संसद के चुनाव में उनके वोट 2019 के मुकाबले डेढ़ से दो गुने हो गए हैं। इन नतीजों का एक संदेश साफ है कि यूक्रेन की लड़ाई में अधिक से अधिक कुर्बानी देने की अमेरिकी पुकार यूरोप में पहले से कम सुनी जाएगी। यूरोपीय संसद को समझना हो तो यह यूरोप के एकीकरण के सात स्तरों और कानून बनाने से जुड़े तीन स्तरीय ढांचे में से एक है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप समझ गया कि आपस में युद्ध का रास्ता उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। एकजुटता की कोशिशों के क्रम में अब से 71 साल पहले यूरोपियन पार्लियामेंट का गठन हुआ,हालांकि इसके लिए हर पांच साल पर होने वाले चुनाव 1979 से होने शुरू हुए।

यह संसद एक त्रिस्तरीय व्यवस्था के बीच में पड़ती है। सबसे ऊपर यूरोपियन कमीशन है, एक कार्यकारी ढांचा,जो किसी जरूरी मुद्दे पर कोई प्रस्ताव सांसद के सामने रखता है। यूरोपीय संसद उस पर बहस और वोटिंग करती है। अंत में राष्ट्रीय सरकारों के प्रतिनिधियों को लेकर गठित 27 सदस्यीय यूरोपियन काउंसिल आखिरी तौर पर यूरोपीय संसद की राय को स्वीकारती है,नकारती है,उसमें कोई सुधार करती है या फिर उसका कोई सदस्य उसे वीटो कर देता है। यूरोपीय संसद में अभी 720 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में इसमें 705 सीटें थी। सबसे ज्यादा यूरोपीय सांसद जर्मनी से, फिर फ्रांस, इटली और स्पेन से चुनकर आते हैं और सबसे कम, छह-छह सीटें माल्टा और लक्जमबर्ग को मिली हुई हैं। यूरोपीय संसद में अलग-अलग मिजाज की पार्टियों को मिलाकर बने गुटों में ये सांसद बैठते हैं। धुर वाम से लेकर धुर दक्षिण तक एक बड़ा पॉलिटिकल स्पेक्ट्रम यूरोपीय संसद में नजर आता है।

इस बार के चुनाव नतीजों का एक और खराब पहलू जो यूरोपियन यूनियन की ताकत या अधिकारों में कमी का दबाव बनने का है। इसकी वकालत करने वाली पार्टियों ने पहली बार लगभग एक चौथाई सीटें जीत ली हैं,जो उनके इतिहास का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। एस्टेब्लिशमेंट की जो पार्टियां हैं,उनमें जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन जैसे मध्य-दक्षिणपंथी दलों ने सबसे ज्यादा 191 सीटें जीती हैं। उसके बाद 125 के लगभग सीटें सोशल डेमोक्रेट्स ने जीती हैं। विपरीत विचारधारा के बावजूद इन दोनों मध्य-दक्षिण और मध्य-वाम दलों को इस्टैब्लिशमेंट की पार्टी कहा जाता है,क्योंकि ये यूरोपियन यूनियन का होना सुनिश्चित करती हैं। यानी यूरोपियन यूनियन के अस्तित्व पर फिलहाल कोई खतरा नहीं है।

फ्रांस में इमानुएल मैक्रों की पार्टी रिनासां जैसे लिबरल मिजाज के यूरोपीय दल और पर्यावरण के लिए लड़ने वाली ग्रीन पार्टियां कमजोर हुई हैं, जबकि यूरोपीय संघ के बजाय राष्ट्रों की पहचान पर ज्यादा जोर देने वाली पार्टियां मजबूत हुई हैं। इससे ऐसा लगता है कि अगले पांच सालों में, खासकर अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के चुन लिए जाने की स्थिति में अमेरिका और यूरोप का नया कॉम्बिनेशन यूक्रेन के लिए नुकसानदेह साबित होगा।

## सोशल फोरम

# सही राह

एक बार स्वामी विवेकानंद को नदी पार जाना था। स्वामी जी नदी किनारे खड़े नाव का इंतजार कर रहे थे। इतने में दो साधु आए। उन्हें भी नदी पार ही जाना था। उन्होंने विवेकानंद को पहचान लिया और उनसे नदी के तट पर खड़े होने का प्रयोजन पूछा। स्वामी जी ने बताया कि उन्हें नदी पार जाना है,इसलिए नाव का इंतजार कर रहे हैं।

इस पर दोनों साधु थोड़ा खिल्ली उड़ाने वाले अंदाज में बोले 'बड़ा नाम सुना था तुम्हारा तो,लेकिन तुम तो बड़े साधारण साधु निकले। हमें देखो हम कैसे नदी पार करते हैं। ये कह दोनों साधु पानी पर ऐसे चलने लगे जैसे हम जमीन पर चलते हैं। इस पर स्वामी जी हैरान होते हुए बोले'ये विद्या आपने कैसे सीखी'अरे ये विद्या नहीं सिद्धि हैं। 12 वर्ष हिमालय पर तपस्या करने से हमें ये सिद्धि प्राप्त हुई है। इस पर स्वामी विवेकानंद हंसते हुए बोले 'जो काम मल्लाह को एक धेला देने से हो जाए। उसके लिए आपने अपने जीवन के कीमती 12 वर्ष बर्बाद कर दिए। आप सोचिए इन 12 वर्षों में जन कल्याण के कितने कार्य आप कर सकते थे। सच है कि



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी,उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है।

हमारे देश में धार्मिक नौटंकियां होती रहती हैं। सालों भर कहीं न कहीं कुछ न कुछ चलता रहता हैं। अगर इन कामों की जगह लोगों ने कुछ सार्थक किया रहता तो दुनिया आज कितनी बेहतर रहती और कुछ नहीं तो ऐसे अवसरों पर सभी पेड़ लगाने और नदियों को साफ करने का ही प्रयास करते तो न ये ये देश गर्मी में जलता न प्यासा मरता।

हम देश और समाज हित में ऐसी परंपरा विकसित करने में नाकाम रहे। परंपराएं विकसित जरूर हुई हैं, लेकिन वो सब केवल एक खास वर्ग के हित के लिए ही विकसित हुई हैं। अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी,उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है। एक बहुत बड़े समूह की ऊर्जा व्यर्थ के कामों में नष्ट हो रही है। काश इन्हें कोई सही राह दिखा पाता।

-फेसबुक वॉल से

# फिर सिर उठाते आतंकवाद पर हो कड़ा प्रहार

नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान जम्मू में हुए आतंकी हमलों में पाक की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक,पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं,लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं।

अचानक आतंकी हमले बढ़ने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान,खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक,प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया,क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन और कारोबार बढ़ने से भी पाक परस्त आतंकवादी नाराज हैं, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए,लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी 'शहीद' हुए हैं। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को 'स्थानीय मदद' है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई 'स्थानीय आतंकवादी' नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता। करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया,उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। इसलिए आतंकी सोची-समझी साजिश के तहत वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जम्मू और कश्मीर के खूबसूरत इलाके 24 घंटे खुले हैं। पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।

# भारत में मध्यम वर्ग

किसी समाज में मध्यम वर्गीय वे लोग होते हैं,जो श्रमिक वर्ग या अभिजात्य वर्ग के नहीं होते। व्यवसाय करने वाले, प्रबंधक, सामान्य डॉक्टर, सीए, इंजीनियर,शिक्षक, सिविल सेवक वेतन भोगी आमतौर पर मध्यम वर्ग में आते हैं। हाल में छह लाख सालाना से 18 लाख आय वालों को मध्यम वर्ग में माना गया।

अक्सर पूछा जाता है कि मध्यम वर्ग और वर्किंग क्लास में क्या अंतर होता है। मेरे मामा जी अक्सर कहा करते हैं कि इंसान को उतने ही पैर फैलाने चाहिए जितनी लंबी चादर हो यानी आपके पास जो है उसी में खुश रहना चाहिए। दिखावा एक मृग मरीचिका है,जबकि आजकल मध्यम वर्ग दिखावे में अपना धन अपव्यय कर रहा है। इसकी जगह वो अपने बच्चों को अच्छे से शिक्षित कर उनका भविष्य बनाने में लगे तो बेहतर होगा। मध्यम वर्ग की महिलाएं अगर किटी पार्टियों में अपना समय खराब न कर अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और देख-रेख दें तो बेहतर होगा। अधिकतर देखा गया है कि बच्चा बड़ा होकर वही बनता है,जो उसके माता-पिता चाहते हैं। हर बच्चे के अंदर की प्रतिभा को जगाने का काम उसके माता-पिता और शिक्षक से बेहतर कोई नहीं कर सकता। यही वर्किंग क्लास की मानसिकता कही जा सकती है। आधुनिक समाज में गायब हो रहे माध्यम वर्ग की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। क्योंकि आय की असमानता ने मध्यम वर्ग को खोखला बना दिया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बड़े पैमाने पर शीर्ष पर बैठे लोगों को और अधिक मजबूत बना दिया है। (शीर्ष 1 प्रतिशत के पास 40 प्रतिशत संपत्ति आ गई है) दूसरी तरफ बेतहाशा महंगाई,सुरसा के मुख की तरह बढ़ती बेरोजगारी और स्थिर होती सेलरी ने मध्यम वर्ग के आकार को कम कर दिया है। माध्यम वर्ग ही है, जो सबसे ज्यादा टैक्स भरता है। दिखावे के चक्कर में मध्यम वर्ग पिसता चला जा रहा है। क्या हमारा मध्यम वर्ग अपने को वर्किंग क्लास समझकर अपने हिस्से की लड़ाई को आगे ले जा सकेगा। यह एक बड़ा प्रश्न है।

# सड़क किनारे अतिक्रमण को बुलडोजर से ढहाया गया

## नगर पालिका ने सड़क पर पड़ी गिट्टी बालू और ईंट जब्त किया

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** सिटी मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में नगर पालिका व लोक निर्माण विभाग ने सड़क पर कब्जा करने वालों के खिलाफ शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान नगर पालिका ने सड़क पर पड़ी गिट्टी बालू और ईंट को जब्त कर लिया। साथ ही लोक निर्माण विभाग की जगह पर बाउंड्री बनाने वालों की दीवारों को भी गिरा दिया।


अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी ढहाई गई अवैध दीवार। अमृत विचार

'अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। यदि किसी प्रकार का दोबारा कब्जा किया जाता है तो उनके खिलाफ नियमानुसार आर्थिक दंड लगाया जाएगा, साथ ही विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।'
अजीत कुमार जायसवाल, सिटी मजिस्ट्रेट

अतिक्रमण हटाओ अभियान उरई नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंडी गेट से राठ रोड तक चलाया गया। इस पूरी सड़क पर अवैध तरीके से लोगों ने कब्जा कर लिया था। लोगों ने बाउंड्री वॉल के साथ-साथ ईंट, सीमेंट, सरिया, बालू सड़क पर रख कर अतिक्रमण किया गया था। जिससे सड़क पर आवागमन बाधित हो रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट ने नगर पालिका, लोक निर्माण विभाग अधिकारियों की सयुंक्त टीम ने अभियान चलावा कर अवैध कब्जा खाली कराया। विजय विक्रम पैलेस के पास अवैध बनाई गई बाउंड्री को भी बुलडोजर से गिराया गया।


कार्यक्रम में तकरीर पेश करते मौलाना। अमृत विचार

# जश्ने ख्वाजा गरीब नवाज में दीन पर चलने की नसीहत

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** हर महीने की तरह ख़्वाजा गरीब नवाज का जश्न चांद की छठवीं तारीख को बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जाता है। इसी सिलसिले में बीती रात को उस्मानिया मस्जिद में ख्वाजा गरीब नवाज का 101वां ज़श्न धूमधाम से मनाया गया।

मस्जिद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शहर के तमाम उल्मा, इस्लामिक विद्वानों ने शिरकत कर दीनी जानकारी दी। उस्मानिया मस्जिद के इमाम हाफिज अतहर बरकाती ने बताया यह प्रोग्राम 101 महीने से उस्मानिया मस्जिद में आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पीर पैगम्बरों ने सभी लोगों को सच्चाई नेकी और ईमानदारी पर चलने की नसीहत दी है। सभी लोग सच्चाई के रास्ते पर चलें। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफिज अब्दुल कादिर साहब ने की। अकबरी मस्जिद के इमाम हाफिज शान निजामी ने अपने संबोधन में कहा कि इल्म हासिल करो अपने बच्चों को दीनी दुन्याबी दोनों तालीम दिलाओ। मौलाना हसीन अलीमी ने तकरीर में कहा कि अपने ईमान की हिफाज़त करो। ख्वाजा गरीब नवाज ने हिन्दुस्तान में अपने अखलाक और मोहब्बत से लोगो के दिलों को खुश किया। हाफिज इरफ़ान रजा, हाफिज मीजान आदि ने भी जश्न में शिरकत की।

# पुलिस फोर्स ने क्षेत्र में किया पैदल मार्च

**कालपी जालौन।** आगामी पर्वो को देखते हुए स्थानीय कोतवाली पुलिस के नवांगतुक प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने बाजारों तथा सार्वजनिक स्थानों पर पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। साथ ही चेकिंग अभियान चला कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की।

गुरुवार की शाम को कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, एडिशनल इंस्पेक्टर क्राइम मो. अशरफ, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह, उप निरीक्षक राजेश कुमार, रामगंज चौकी इंचार्ज मोहित यादव, महमूदपुरा चौकी इंचार्ज संतोष शुक्ला, टरनंनगंज चौकी के कार्यवाहक इंचार्ज वसीम अहमद, महेश सिंह के साथ पुलिस फोर्स नगर के फुल पावर चौराहे में इकट्ठा हुए। चौराहे से ही पैदल मार्च शुरू किया गया। इस दौरान नगर पुलिस अधिकारियों ने फुट मार्च के दौरान जनता से संवाद कर जनता को सुरक्षा का अहसास कराया। आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस यह कवायद कर रही है।

# आज सम्पूर्ण समाधान दिवस, शिकायतें सुनेंगे

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद अब फिर संपूर्ण समाधान दिवस शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में शनिवार को माधोगढ़ तहसील मुख्यालय में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। फरियादी पहुंच कर अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं।


डीएम राजेश कुमार पाण्डेय।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाने से समाधान दिवस बंद कर दिया गया था। अब शनिवार 15 जून को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जालौन में, मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उरई में, अपर जिलाधिकारी (वित्त) की अध्यक्षता में माधौगढ़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

# विकास कार्यों में डाल रहे अड़ंगा

**माधौगढ (जालौन)।** साहब! दवंग विकास कार्यों में व्यवधान उत्पन्न कर रहे है। इन लोगों पर कठोर कार्यवाही की जाए। इस संबंध में ब्लॉक माधोगढ़ की ग्राम पंचायत अहेता के ग्राम प्रधान हरिकृष्ण दिवाकर ने एक शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी विशेश्वर सिंह को दिया है। बताया कि विपक्षी रमेश मुकेश एवं पूर्व प्रधान व उनके सहयोगियों द्वारा ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यों में अवरोध पैदा किया जा रहा है। मुझे परेशान करने के लिए झूठी एवं फर्जी शिकायतें की जा रही हैं। विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न कर गांव के विकास को रोका जा रहा है। प्रधान हरिकृष्ण दिबाकर ने एसडीएम से गुहार लगाई है कि उक्त लोगों पर कानूनी कार्रवाई हो।

# खिड़की काट कर यात्रियों को बचाया !

- **एनडीआरएफ ने स्टेशन के पास बने माल गोदाम के पास किया मॉकड्रिल**

**अमृत विचार।** उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल और एनडीआरएफ के द्वारा संयुक्त रूप से उरई स्टेशन की पांचवी लाइन नई माल गोदाम पर गुरुवार को मॉकड्रिल किया गया। जिसमें झांसी से दुर्घटना राहत ट्रेन पहुंची दोपहर 12 बजे मॉक ड्रिल शुरू किया गया। सबसे पहले 5 लाइन पर खड़े कोच में मॉकड्रिल हुई। जिसमें दर्शाया गया कि अगर ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है तो सबसे पहले कटर के द्वारा कोच की खिड़की काटी गयी। इसके बाद कोच में स्काउट गाइड के जवान पहले से मौजूद यात्रियों की भूमिका में थे। जैसे ही ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होती है जवानों ने तत्काल कटर के द्वारा खिड़की काटी और कटी खिड़की से अंदर कोच में प्रवेश किया और स्ट्रेचर पर यात्रियों को निकाल कर एंबुलेंस से चिकित्सा टीम के पास भेजा गया। इसके बाद कोच को ऊपर भी छत काट कर फंसे यात्रियों को रस्सी से निकाला गया। इस तरह से दर्जनों यात्रियों की जान बचा ली गी। स्काउट कैडेट्स में राजवीर, अनुभव प्रजापति, प्रांजुल परिहार, अभिषेक विश्वकर्मा, नवीन कुमार, नमन रावत, भारत कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा। इस पूरे मॉक ड्रिल के दौरान रेलवे के संरक्षा विभाग परिचालन कमर्शियल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, टीआरडी, स्वास्थ्य विभाग आरपीएफ, जीआरपी जिला प्रशासन नगर पालिका ने पूरा सहयोग किया। अपर मंडल रेल प्रबंधक आर डी मौर्या अपनी जानकारी दी की उरई स्टेशन पर इस प्रकार का पहला मॉक ड्रिल कार्यक्रम किया गया जिसमें रेलवे विभाग के साथ-साथ जिला प्रशासन ने भी सहयोग किया वरिष्ठ मंडल संरक्षा गिरीश कंचन ने कहा कि रेल में संरक्षा का विशेष महत्व है बिना संरक्षा के रेल का परिचालन संभव नहीं है। एनडीआरएफ के कमांडेंट सूर्यकुमार मौर्य ने बताया कि अचानक कोई आपदा आती है तो वहां नजदीकी लोगों को सहयोग करना चाहिए। स्टेशन अधीक्षक एसके खरे, आरपीएफ इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार यादव, जीआरपी दरोगा लायक सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, डीपी सिंह, गंभीर सिंह, सीमा सिंह, रुदल साहनी, धर्मेंद्र पटेल, बीके पाल, ओपी पटेल आदि रहे।

## सार-संक्षेप


एसपी को ज्ञापन देने जाते पीड़ित पक्ष के लोग। अमृत विचार

### हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन

**उरई (जालौन)।** सिरसाकला थाना क्षेत्र के ग्राम जरगांव निवासी एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने पुलिस कार्यालय पहुंच कर हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया। कहा कि आरोपी समजौते के लिए दबाव बना रहे हैं। बात न मानने पर धमकी दे रहे हैं। सिरसाकला थाना क्षेत्र के ग्राम जरगांव निवासी वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने ग्रामीणों के साथ पुलिस कार्यालय पहुंच कर एसपी को ज्ञापन देकर बताया कि उसके भतीजे पुष्पेन्द्र सिंह सेंगर के साथ आरोपियों ने एकराय होकर मारपीट की और उसे गंभीर घायल कर दिया। जिसकी नामजद रिपोर्ट गोलू, केशव, माधव, शिवा के खिलाफ 16 मई को दर्ज करायी थी। पुष्पेंद्र के शरीर में काफी चोटें आई थी। गंभीर हालत होने पर कानपुर ले गया जहां उपचार के दौरान 29 मई को मौत हो गयी। जिसका पोस्टमार्टम होने के बाद मुकदमा धारा 302 में तरमीम हो गया है लेकिन एक महीने बीतने के बाद भी पुलिस ने केशव को गिरफ्तार नहीं किया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए वह बराबर न्यायालय में भी प्रार्थना पत्र दे रहा है। वहीं आरोपी समझौते का दबाव बना रहा है। पीड़ित ने आरोपी को गिरफ्तार किये जाने की मांग एसपी से की है।


टैबलेट वितरण के दौरान मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

### युवा सशक्तिकरण के तहत किया गया टैबलेट वितरण

**उरई (जालौन)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई (जालौन) के ऑडीटोरियम में राजकीय आईटीआई उरई, कालपी एवं माधौगढ़ (जालौन) के प्रशिक्षु छात्र–छात्राओं को तकनीकी सशक्तिकरण के लिए टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गिरजा चौधरी चेयरमैन नगर पालिका उरई ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। चेयरमैन ने सभी प्रशिक्षुओं को टैबलेट बांटते हुआ कि उन्होंने शिक्षा का महत्व एवं शिक्षा से सम्पूर्ण विकास की महत्व की जानकारी दी। प्रशिक्षु छात्र–छात्राएं टैबलेट पाने पर बहुत खुश नजर आए। इस मौके पर नोडल संस्थान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती नूपुर कश्यप, सुरेश चन्द्र वर्मा, नरेन्द्र सिंह भदौरिया, संजय कुमार शुक्ला अनुदेशक धर्मेन्द्र, भगवत, कपिल कुमार, कपिल देव, रणजीत, राघवेन्द्र सिंह, भोला प्रसाद, साविर खांन, तौफीक, संजय कुमार, अजय कुमार, नरेन्द्र हरगोविन्द, विकास सिंह, धनश्याम एवं समस्त आईटीआई स्टाफ ने सभी प्रशिक्षुओ के उज्जवल भविष्य की कामना की। सभासद सनी चौहान व शादाब सिद्दीकी भी मौजूद रहे।

### सांसद ने कार्यालय में सुनीं समस्याएं

**उरई।** नवनिर्वाचित सांसद नारायणदास अहिरवार ने जालौन रोड स्थित सरकारी कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर शुक्रवार को दर्जनों लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने समस्याओं के जल्द निराकरण का भरोसा भी लोगों को दिया। इस दौरान एट क्षेत्र से आये कुछ ग्रामीणों ने दलित वस्ती के अंदर बिजली पोल और लाइन डलवाये जाने की मांग उठाई। इस पर उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी इस समस्या को हल करवाने का भरपूर प्रयास करेंगे। सांसद ने कहा कि सुबह 10 से लेकर दोपहर 02 बजे तक कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याओं को सुनने का काम करेंगे। इस मौके प्रमुख रूप से पहाड़गांव जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि एवं प्रदेश सचिव अनुसूचित जनजाति बृजमोहन (बब्लू) अहिरवार नरछा, रंजीत अहिरवार, राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**उरई।** जिलाधिकारी व अध्यक्ष उरई क्लब की अध्यक्षता में उरई क्लब व टॉउन हाल की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने उरई क्लब मार्केट की दुकानों की स्थिति एवं टाउन हॉल में चल रहे सुंदरीकरण कार्य की समीक्षा की। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि उरई क्लब मार्केट में वर्तमान में 74 दुकान है, जिसमें नौ दुकान रिक्त हैं। कुछ आवंटी समय से किराया जमा नहीं कर रहे हैं ऐसे आवंटियों को नोटिस भी दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त दुकानों के आवंटी समय से किराया जमा करें, माह मई तक का किराया प्रत्येक दशा में एक सप्ताह के अंदर जमा कराना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समय पर किराया जमा न किए जाने पर दुकान निरस्त किए जाने हेतु नोटिस निर्गत किया जाए। 09 निरस्त दुकानों को तत्काल पगड़ी नीलामी द्वारा आवंटित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक जुबेर बेग, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, आशुतोष चतुर्वेदी, उप जिलाधिकारी सदर सुरेश कुमार पाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# बाढ़, बचाव एवं राहत कार्यों के लिए प्रशासन ने शुरू की तैयारी

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने जनपद में संभावित बाढ़ के दौरान बचाव एवं राहत कार्यो के संचालन की कार्ययोजना तैयार किये जाने के सम्बंध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित स्टियरिंग ग्रुप की बैठक की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना समय से कर ली जाए। तटबंधो की सुरक्षा के लिए चल रहे कार्यो को जल्द पूरा करा लिया जाए। बाढ़ के दौरान तटबंधो की सुरक्षा एवं कटान के प्रभावी नियंत्रण के लिए समय से आवश्यक सामग्री की आवश्यकता सुनिश्चित करा ली जाए। बाढ़ क्षेत्र का सघन भ्रमण कर तटबंधो के रैटहोल, रैनकट इत्यादि कटान सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक मरम्मत कार्य समय से करा लिए जाय।

डीएम वे सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान तथा राहत कैम्प हेतु स्थान का चयन किया जाए। बाढ़ के दौरान वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न, पशुओं के लिए भूसे आदि की व्यवस्था के लिए समय पूर्व ही टेण्डर इत्यादि की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए।

उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व के अनुभवों का लाभ लेते हुए ऐसी प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें कि आपदा के समय जन-धन का नुकसान न होने पाए तथा राहत एवं बचाव कार्य भी निर्बाध ढंग से संचालित किये जा सकें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों मे बाढ़ से पूर्व चिकित्सा एवं टीकाकरण शिविर आयोजित कर शत-प्रतिशत पशुओं का उपचार एवं टीकाकरण सुनिश्चित करा लें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष अपर जिला अधिकारी के नियंत्रण में कलेक्ट्रेट प्रांगण में 8-8 घंटे की तीन पाली में कलेक्ट्रेट के एक सहायक दो चपरासी तथा दो होमगार्ड तैनात किए जाएं, इस नियंत्रण कच्छ में टोल फ्री नंबर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बाढ़ नियंत्रक कक्ष का टेलीफोन नंबर 05162-252432 है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिवकांत द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट एफसी अजीत कुमार जायसवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ। एन. डी. शर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता बेतवा नहर प्रखंड प्रथम सहित सबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से होमगार्ड घायल

**संवाददाता कालपी।** कोतवाली कालपी से डूयूटी करके घर वापस जा रहे होमगार्ड की हर्रायपुर गढगुवां मोड़ पर सामने से आ रही मोटरसाइकिल से की भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए। लोगों ने सीएचसी कालपी पहुंचाया। जहां गंभीर हालत देख दोनों को जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह कोतवाली कालपी की ज्ञानभारती चौकी से रात्रि डूयूटी करके होमगार्ड शिव प्रसाद उर्फ सुरेन्द्र पाल बाइक से वापस अपने घर गांव पीतमपुरा जा रहा था। हर्रायपुर से आगे गढगुवां मोड़ पर सामने से आ रही मोटरसाइकिल से भिड़ गई। जिससे होमगार्ड व दूसरा मोटरसाइकिल चालक राकेश निवासी बैरई घायल हो गए। दोनों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी में भर्ती कराया। जहां से घायलों को जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया।

# डीएम के आदेश पर रिश्वत लेने वाला लेखपाल सस्पेंड

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** गुरुवार को कोंच तहसील में तैनात लेखापाल चंद्र शेखर शर्मा का रिश्वत लेते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में कोंच तहसील में बैठकर ऑनलाइन आवेदन किए गए आय, जाति, विकलांग आदि प्रार्थना पत्रों के आवेदनों में रिपोर्ट लगाने के नाम पर 150 से 200 रुपए प्रत्येक आवेदक से लेता दिख रहा था। आरोप तो यह भी है की लेखापाल चंद्र शेखर शर्मा बिना कुछ लिए कागज में हाथ तक नहीं लगता था। वारासत आदि के मामलो में रिश्वत में मोटी रकम वसूल करता था। गुरुवार को तहसील कोंच परिसर के रिश्वत लेते किसी ने लेखपाल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में वायरल वीडियो सही पाया गया। शुक्रवार को लेखपाल को निलंबित कर दिया।


वायरल वीडियो में घूस लेते दिखा था लेखपाल।

'गुरुवार को एक लेखपाल द्वारा रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसकी जांच में लेखपाल द्वारा रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। जिसपर लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है।'
सुशील कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी कोंच

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र राहुल शर्मा के दुर्व्यवहार और गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कृत्य से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है। **मुकेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद शर्मा निवासी– ग्राम– संगावली, थाना जसवंतनगर, जिला– इटावा**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **बदाला पत्नी रामकुमार और रूपन पत्नी रामकुमार** दोनो नाम एक ही महिला के है जो **ग्राम पंचायत–रेवरी सैदपुर, थाना–डीह तहसील–सलोन, जिला– रायबरेली** की निवासी है। जिनका आधार नं0–798860321394 है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले अभिलेखों में फैसल परवेज अंसारी पुत्र तुफैल अहमद अंसारी था। अब सिर्फ फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद है। मुझे अब फैसल परवेज के ही नाम से जाना जाए। **फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद म. न. 6/2/53 कोठापार्चा, नियर राजा बहादुर मार्केट, फैजाबाद, अयोध्या**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पालिसी संख्या 214355856 में मेरा नाम केन्द्र प्रसाद वर्मा व आधार तथा पासबुक में **सतगुरु प्रसाद पुत्र नान्हे वर्मा निवासी गुरवा, भरथा कलां पोस्ट शंकरपुर, थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती** है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है किसी को आपत्ति हो तो भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नानपारा में 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले अभिलेखों में फैसल परवेज अंसारी पुत्र तुफैल अहमद अंसारी था। अब सिर्फ फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद है। मुझे अब फैसल परवेज के ही नाम से जाना जाए। **फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद म. न. 6/2/53 कोठापार्चा, नियर राजा बहादुर मार्केट, फैजाबाद, अयोध्या**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रोहित कुमार पुत्र सियाराम निवासी– ग्राम–महंगूपुर, थाना– नवाबगंज, जनपद–गोण्डा,** मैं अपने पुत्र विराज जिसका चाल–चलन व स्वभाव ठीक नहीं है। इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

15 से 21 जून तक जनपद के सभी विकास खंडों, नपा, टाउन एरिया में होंगे योगाभ्यास कार्यक्रम

# माइक्रोप्लान तैयार कर योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाएं : डीएम

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** डीएम राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जनपद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि 15 से 21 जून तक जनपद मुख्यालय सहित समस्त विकास खण्डों एवं नगर पालिका, नगर पंचायत में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में डीएम ने शासन की मंशा के अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिनांक 15 से 21 जून 2024 तक पूरे एक सप्ताह को योग सप्ताह के रूप में मनाए जाने से संबंधित सभी तैयारियों, गतिविधियों की समीक्षा की। संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि



बैठक करते डीएम राजेश कुमार पांडेय। अमृत विचार

सभी विभाग इस संबंध में अपने-अपने विभाग से संबंधित को वृहद स्तर पर सफल बनाना सुनिश्चित करें। योग सप्ताह का शुभारंभ 15 जून को राजकीय मेडिकल में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित की जाए।

डीएम ने कहा कि योग सप्ताह मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब लोग योग को अपनी जीवन शैली में एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि योग सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले समस्त योगाभ्यास कार्यक्रमों को आयुष कवच एप पर अपडेट किया जाए। साथ ही आयुष कवच एप के बारे में लोगों को प्रचार-प्रसार के जरिए अवगत कराते हुए इसके उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि इस संबंध में जिला स्तरीय समिति का भी गठन कर लिया जाए। आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रमों का फोटो अवश्य बनाए जाएं। इसके लिए एक नोडल अधिकारी भी नामित कर दिया जाए।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून 2024 को इंदिरा गांधी स्टेडियम के प्रांगण में आयोजित होने वाले बृहद योगाभ्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाए।

18 जून को सला घाट में नोडल अधिकारी डॉ ज्योति चन्द्र, 19 जून को पचनद में नोडल अधिकारी अम्बर शाहू व 21 जून को व्यास मंदिर पर नोडल अधिकारी पूर्णमा चटर्जी की मौजूदगी में योग किया जाएगा। योग दिवस 21 जून को लेकर कार्यक्रम स्थल इंदिरा गांधी स्टेडियम प्रांगण में आयोजन से सम्बंधित समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, जिला क्रीड़ाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेकिस शिक्षा अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को योगाभ्यास स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया है। डीएम ने कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कहीं कोई अव्यवस्था न हो।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त की जाए, शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए, पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिये गये। सीडीओ शिवाकांत द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, सीएमओ नरेंद्र देव शर्मा, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ सतेंद्र पटेल सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# सूरज के कड़े तेवरों से 'झुलसा' दिन, 'भभक' उठी रात

## दोपहर के वक्त चरम पर पहुंची धूप, दोआबा में 44 से नीचे नहीं जा रहा पारा

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। गुरूवार को 44 डिग्री पर रहे अधिकतम पारे के बाद शुक्रवार को मौसम एकदम बदल गया। सुबह बादल डेरा डाले रहे। लेकिन, गर्माहट बकरार रही। वहीं एक पहर बाद सूरज के तेवरों से दोआबा झुलस उठा। हीट वेव ने लोगों की बेचैनी बढ़ा दी। अधिकतम ताप 44 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम पारा 33 डिग्री होने से रात भी भभक उठी। जिससे शहरी परेशान रहे। हालांकि आने वाले दिनों में गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है।

गुरूवार को अधिकतम पारा 44 डिग्री दर्ज किया गया था। जो सामान्य से करीब चार डिग्री अधिक था। रात का पारा 32 डिग्री होने की वजह से लोग कूलर-पंखों के सामने से हटने की हिम्मत नहीं जुटा सके। यह सामान्य से तीन अधिक थी। जरा भी बत्ती गुल होने पर कमरे भभक रहे थे। वहीं शुक्रवार सुबह 5.25 बजे सूर्योदय हुआ। घने-मध्यम बादल शहर को घेरे थे। करीब आठ बजे कुछ ही पल में आकाश साफ हो गया। इसके बाद हल्की-मध्यम धूप ने दस्तक दी। इसके बाद लगातार बादल-हल्की धूप का मेल बरकरार रहा। जिससे जमीन भभक उठी और तीखी गर्माहट महसूस हुई। हालांकि सूरज के तल्ख तेवर न होने से लोगों को परेशानी नहीं हुई। जिससे सड़क, बाजार, चौक-चौराहों पर रौनक रही। पर, घर, मकान, दुकानों में लोग बिना कूलर, पंखे, एसी के नहीं रह सके। जैसे-जैसे वक्त बढ़ा गर्माहट भी रौ में आती गई। दोपहर ढाई बजे के आसपास गर्मी चरम पर रही। शाम का मौसम सुहावना हुआ। लोग घरों से निकल आए। निकल लटके-झटके दिखाकर बादल सरक लिए। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में गर्मी से राहत की उम्मीद नहीं है। लू बरकरार रहेगी। अधिकतम ताप में भी बढ़ोतरी की संभावना है।


नलकूप के हौद में नहाकर गर्मी शांत करते युवा। अमृत विचार


कडी धूप में इस तरह निकले लोग। अमृत विचार

### डॉक्टरों ने दी सलाह

- फतेहपुर। जिला अस्पताल के बालरोग विशेषज्ञ डा. मूलचन्द्रा की मानें तो मौसम से बचकर रहें। जरूरी काम हो, तब ही घरों से निकलें। खास तौर से बच्चों का बचाव करें। मौसम फल खीरा-ककड़ी, लीची, नींबू, आम का पना का इस्तेमाल करें। इन दिनों में डायरिया की संभावना अधिक होती है। स्वच्छ व ताजा भोजन करें। इन दिनों आंखों की समस्या की ज्यादा संभावना रहती है। लिहाजा, काले चश्मे का इस्तेमाल करें। चेहरा ढंककर ही बाहर निकलें। अधिकांश समय घर में ही बिताएं। कोई समस्या होने पर अस्पताल में चेकअप कराएं।

### जवाब दे रहे कूलर-पंखे

- मध्यम वर्गीय परिवारों में लगातार पंखा और कूलर चल रहे हैं। सुबह आठ बजने के बाद से ही वातावरण पूरी तरह से गर्म हो जाता है। खेत में काम करने वाले मजदूर भी काम छोड़कर घर लौटने लगते हैं मजदूर पसीना बहाने से कतराते हैं। आलम यह है कि लोग गर्मी से राहत पाने के लिए एसी और कूलर का सहारा ले रहे हैं। गर्मी की वजह से पंखे की हवा अब पूरी तरह से बेमानी साबित हो रही है।

### गांवों से शहर तक एक जैसा मौसम

शुक्रवार को गांवों से शहर तक मौसम एक सा रहा। लोग आकाश निहारते रहे। लेकिन, नहीं पसीजे। जमीन से छूट रहे भभके ने लोगों को पसीने से तर-ब-तर कर दिया। बाजार, गली-मोहल्लों, सार्वजनिक स्थानों पर भरी दुपहरी सन्नाटा रहा। दिन में आती-जाती बत्ती ने लोगों के बेहाल कर दिया। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पर मुसाफिरों का बुरा हाल हुआ। शहर के अधिकांश इलाकों में सन्नाटा पसरा रहा।

# डिजिटल समाधान में फर्जीवाड़ा, जांच तक नहीं हुई

औंग। क्षेत्र के विपक्षी पार्टियों के पदाधिकारियों का आरोप है कि इधर कई सालों से ग्रामीण स्तर पर सरकारी नुमाइंदे स्थलीय जांच करते नहीं देखे गए। जब से भारत डिजिटल हुआ तब से शिकायतें और उनका निस्तारण ऑनलाइन चल रहा है यानी कि अधिकारी खेल रहे हैं और लोग अपनी पीड़ा का तमाशा देख रहे हैं। चाहे लोगों की निजी समस्या हो या सार्वजनिक तुरन्त ऑनलाइन समाधान दर्ज करके सरकार को गुमराह करने का काम किया जा रहा है।

राज्य सरकार गौशालाओं के लिए समय समय पर भारी भरकम बजट देती रहती है और इसके खर्च के बाउचर भी ऑनलाइन देखे जा सकते हैं लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या सत्तापक्ष के प्रतिनिधि ने जमीनी हकीकत जानने की कोशिश नहीं की। इस भयानक गर्मी के दौरान गोशालाओं में शीतल छाया की व्यवस्था कहीं देखने को नहीं मिलती है।

जबकि प्रत्येक वर्ष लाखों रुपए वृक्षारोपण के नाम खर्च कर दिए जाते हैं। पुराने कांग्रेसी नेता करचलपुर निवासी रामशंकर शुक्ला ने चुटकी लेते हुए कहा है कि गाय की सरकार है और गाय पर ही अत्याचार है। सरकार तो साधुओं की बताई जाती है लेकिन साधुओं जैसे कार्य कहीं देखने को नहीं मिल रहें हैं। सिर्फ ऑनलाइन ही देखा जा सकता है जिसे जमीन में गूगल भी नहीं ढूंढ सकता है।

# नहरों-रजबहों में उड़ रही है धूल

- धान रोपाई तक के लिए नहीं मिल पा रहा पानी
- कागजों में छोड़ा जा रहा पानी धरातल पर बूंद नहीं

संवाददाता, खागा

अमृत विचार। जिले में सिंचाई के सरकारी संसाधनों से किसानों का भला नहीं हो पा रहा है। एक ओर नहर और माइनरो में धूल उड़ रही है तो दूसरी तरफ राजकीय नलकूप भी बेमकसद साबित हो रहे हैं। इसलिए किसानों को फसल की महंगी सिंचाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जिले की कुछ नहरों में तो पानी छोड़ा गया, लेकिन खखरेरु क्षेत्र के कई रजबहे आज भी सूखे पड़े हैं।

किसानों को पानी न मिल पाने के कारण आसपास होने वाली खेती बुरी तरह प्रभावित हो रही है जिसकी वजह से समय रहते फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। सरकारी संसाधन फेल होने के कारण किसानो की फसलें सूख रही हैं।

किसान निजी नलकूपों से महंगी सिंचाई करने को मजबूर हो रहे हैं, किसानों का कहना है यदि नहर और माइननरो में पानी छोड़ा जाए तो किसानों को बड़ी राहत मिल सकती है।

लेकिन गर्मी के समय नहर और माइनर सूखे पड़े हुए हैं जिसके कारण किसानों की फसल की सिंचाई नहीं हो रही है। किसान परेशान है किसानों का कहना है की जरूरत होने पर कभी भी नहर में पानी नहीं छोड़ा जाता नहरो में मई जून में अगर पानी छोड़ा जाए तो किसानों के लिए बड़ी राहत है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं।

किसान गौकरण सिंह, महेंद्र सिंह, उमाकांत, अशोक कुमार त्रिपाठी, हरिश्चंद्र, बाबूलाल सिंह, मुस्ताक अहमद, रशीद अहमद, अबरार अहमद, इस्तखारुल आदि ने बताया कि जरूरत पर नहरों में पानी कभी नहीं आता है इसलिए फसल को समय से पानी नहीं मिल पा रहा मजबूरन महंगी सिंचाई देने को मजबूर हैं यह समय धान की रूपाई करने का है और नहर सुखी पड़ी हुई है।

कुछ किसानों ने बताया की खखरेरु क्षेत्र की कुछ छोटी नहरे ऐसी भी है जहा सदियों से एक बार भी पानी नहीं छोड़ा गया।

देखा जाए तो एक ओर सरकार किसान की दुगनी आय का ढिंढोरा पीट रही है वही किसानों को पानी मुहैया कराने में असमर्थ दिखाई दे रही है क्योंकि अधिकारी मात्र कागजों में पानी चला रहे हैं। इससे किसानों का भला नहीं हो रहा है।


सूखी पड़ी नहर। अमृत विचार

### क्या कहते हैं किसान


कई दशक बीत जाने के बाद भी आज तक नहर में पानी नहीं छोड़ा गया जिससे क्षेत्र का किसान अपनी फसल को या तो निजी नलकूप से सिंचाई करता है। या फिर महंगे दामों पर सिचाई कर अपना गुजर बसर कर रहा है।
हृदेश कुमार पाण्डेय, लोहारपुर


10यह समय धान की रोपाई का चल रहा है और नहर में धूल उड़ रही है। किसान अपनी मजबूरी पर आंसू बहा रहा है आखिर क्षेत्र का किसान करे तो करें अधिकारी सिर्फ कागज में पानी छोड़ रहे हैं। क्षेत्र की नहरे सूखी पड़ी हुई है।
अनिल सिंह, चकिया

# गर्मी में घड़े और सुराही की बढ़ी मांग

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। 44 डिग्री पारा, ..तेज धूप और चलती लपट और 'मटके.. ले..लो.. मटके' की आवाज। प्रचंड गर्मी के बीच गरीबों के फ्रिज यानी मिट्टी घड़े-सुराही की डिमांड बढ़ गई है। खास बात यह है कि जगह-जगह इनका बाजार एक बार फिर से सज उठा है। घर-घर न सिर्फ यह पहुंच रहे हैं बल्कि लोगों की पसंद पर हावी हैं। हालांकि अबकी इनके ग्राहक काफी अधिक हैं।बाजारों में टोंटीदार सुराही, घड़े घर-घर पहुंच रहे है। अबकी इनकी कीमत 150 रुपए से शुरू होकर 350 रुपए भी अधिक है। छोटी-बड़ी सुराही की कीमत भी अलग-अलग है। सादा मिट्टी के छोटे-छोटे घड़े भी बाजार में मन मोह रहे हैं। बड़े मटकों की कीमती अधिक है। हालांकि अप्रैल के शुरूआती दिनों में चढ़े पारे ने मटके, सुराही, मिट्टी बर्तनों का बाजार शुरू हो गया है। लेकिन, इन दिनों अचानक इसमें तेजी आई हे। नगर के शहर, रानी कालोनी, वीआईपी रोड, चौक बाजार, देवीगंज में मिट्टी के बर्तनों का बाजार सज गया है। हालांकि पिछले साल की अपेक्षा इस बार इनके दामों में कुछ इजाफा हुआ है। पर, लोगों के घरों में घड़े का एक कोना आज भी फिक्स है। लिहाजा, लोग घड़ों का आज भी वही तरजीह देते हैं।


घड़े व सुराही की लगी दुकान अमृत विचार

- 150 से 350 रुपये तक बिक रहे मिट्टी के पात्र

### जून में बढ़ी मांग

मिट्टी के बर्तन बेच रहे रमेश प्रजापति बताते हैं कि अप्रैल से ही बाजार चल रहा था। मई में अच्छी बिक्री है। लेकिन, जून में इसकी ज्यादा मांग है। सबसे ज्यादा सुराही, मिट्टी की कढ़ाई, टोंटीदार घड़ा, ढक्कन, इसके अलावा पुराने तरह की मिट्टी की भगोनी, भी लोगों को पसंद आ रही है। फेरी लगा रहे किशोर सिंह बताते हैं कि घड़े बिकने पर 500 से 700 रुपए की कमाई हो जाती है। वह शहर के गली-मोहल्लों में जाकर बेचते हैं। वहीं शहर स्थित दुकान लगाए अन्य दुकानदार बताते हैं कि इन दिनों मिट्टी के घड़े और सुराही का ज्यादा डिमांड है।

### इनके पानी के बात और

शहर स्थित बाजार में मिट्टी के घड़े देख रहे बुजुर्ग रामकिशोर गुप्ता कहते हैं कि मिट्टी के बर्तनों की बात ही कुछ अलग है। घड़ा-सुराही के पानी के सौंदेपन की बात फ्रिज में नहीं।

# सड़क हादसों में दो लोगों की गई जान

- किशनपुर व थरियांव थाना क्षेत्र में हुए हादसे

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। गुरूवार की रात जनपद के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। किशनपुर और थरियांव थाना क्षेत्र में हुए हादसों की जानकारी पर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक को कानपुर रेफर कर दिया गया और दूसरे को मृत घोषित कर दिया गया। उधर कानपुर में इलाज के दौरान पहले व्यक्ति की भी सांसें थम गईं।

किशनपुर थाना क्षेत्र के नरोत्तमपुर निवासी श्यामबाबू पाल गुरूवार की शाम मोगरिहापुर की तरफ से सब्जी व कुछ जरूरी काम के लिए नरैनी कस्बा बाइक से जा रहे थे। तभी नरैनी से पहले गाजीपुर विजयीपुर सड़क में श्री ज्वाला प्रसाद डिग्री कालेज के पास खराब रोड होने के कारण बाइक फिसल कर गिर गई और श्यामबाबू मुंह के बल गिर गये। गंभीर रूप से घायल श्यामबाबू पाल को हरदो सीएचसी भिजवाया गया, जहां से डाक्टर ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेपुर कर दिया। जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी तरह थरियांव थाना क्षेत्र के भारतपुर गांव के रहने वाले जय सिंह यादव गुरूवार रात खेत में लगी धान की नर्सरी देखने जाते समय हाईवे पार कर रहे थे।

तभी अज्ञात वाहन चालक ने पीछे से टक्कर मार दिया और मौके से गाड़ी लेकर भाग गया। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा और तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही।


पोस्टमार्टम हाउस में गुमसुम बैठे मृतक के परिजन। अमृत विचार

# निरक्षरता पर नवभारत का वार, उल्लास एप हमराह

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। कहते हैं कि पढ़ने लिखने की कोई उम्र नहीं होती है। सीखने और समझने की ललक और और किसी भी काम को कर गुजरने की इच्छा शक्ति ही किसी भी शख्स की कामयाबी जरिया बनती है। इसी थीम को अमली जामा बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग अब 15 वर्ष से ज्यादा उम्र के निरक्षर व्यक्तियों को साक्षर बनाने का काम करेगा। इसके लिए सर्वे कराया जा रहा है।

बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से होने वाली यह कवायद नवभारत साक्षरता के तहत होगी। अभियान के तहत 15 वर्ष के ऊपर के निरक्षरों को चिह्नित करके उल्लास एप से साक्षर बनाया जाएगा। विभाग के स्तर पर गांव-गांव वॉलंटियर बनाए जाने का अभियान चलाया जाएगा। उल्लास ऐप के माध्यम से निराक्षरों का सर्वे करने के बाद कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग के लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत सर्वे के बाद चिह्नित वॉलंटियर्स को मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित करेंगे। साथ ही ऑनलाइन व ऑफलाइन कक्षाओं का संचालन कराया जाएगा। गांव में वालंटियरों को चिह्नित करने का काम शुरू कर दिया गया है।

## एसपी ने किया परेड का निरीक्षण

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने शुक्रवार को रिज़र्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण कर ट्रैफिक नियमों के बारे में चर्चा की गई। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर में भ्रमण कर परिवहन शाखा, बैरक, आरओ प्लांट, यूपी-112, भोजनालय, वर्दीस्टोर, क्वार्टरगार्द आदि का निरीक्षण कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए।

## पुलिस ने बालिकाओं को किया जागरूक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया है।

# लो वोल्टेज व फाल्ट से बिजली का संकट

- बिजली विभाग नहीं संभाल पा रहा व्यवस्था, उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लू के थपेड़े और तापमान 44 तक पहुंचने से बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई है। हाल यह कई मोहल्ले टूफेस से जूझ रहे है वही लो वोल्टेज और फाल्ट की समस्या आ खड़ी है। भीषण गर्मी से उपभोक्ता बिलबिला उठे है। शिकायत ज्यादा आने से बिजली विभाग व्यवस्थाए नहीं संभाल पा रहा है। जून माह के शुरूआत में आंधी व कई जगह बूदाबांदी होने से मौसम ने करवट ली थी। इससे मौसम में थोड़ी सी नरमी दिखी थी लेकिन तीसरा सप्ताह में एक बार फिर भीषण गर्मी से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

हाल यह कि दोपहर में बाजार में सन्नाटा पसर जाता है। चल रही लू व 44 तक तापमान पहुंचने से हर कोई बेहाल है। यदि नगर की बिजली व्यवस्था पर नजर डाली जो पटरी से उतर गई है। लोकल फाल्ट, लो वोल्टेज, टूफेस की समस्या से बिजली निगम भी परेशान हो गया है। दिनभर में बिजली घर पर टूफेस, लो वोल्टेज की शिकायतों की भरमार है। हाल यह है कि उपकेंद्र पर तैनात एसएसओ भी परेशान हो उठे है। शहर के हरिहरगंज, आबूनगर, शांतिनगर, पटेल नगर, पत्थरकटा समेत शायद ही कोई मोहल्ला हो जहां इस तरह की दिक्कतें सामने न आ रही हों। बिजली से चलने वाले उपकरण काम नहीं कर रहे है। शिकायत दर्ज होने के बाद घंटो आपूर्ति ठीक करने में लग रहे हैं।

### लाइनमैन काट रहे रकम

किसान यूनियन ने अभी हाल ही में लाइनमैन को लेकर बिजली सही करने को लेकर सुबिधा शुल्क की आवाज उठायी थी। ज्ञापन भी दिया था लेकिन शिकायत के बाद कुछ नहीं हुआ और उनका यह रवैया जारी है। शिकायत दर्ज होने के बाद लाइनमैन बिजली सही करने के लिए जाते है तो उपभोक्ताओं को सुबिधा शुल्क देना पड़ता है। लोगों का कहना है बिजली विभाग खुफिया तरीके से जांच कराए तो असल स्थिति साफ हो सकती है।

## सरकंडी के संदीप पाल बने सेना में अधिकारी

असोथर। सरकंडी के मेधावी छात्र संदीप कुमार पाल सेना का हिस्सा बन गये हैं। लेफ्टिनेंट बनकर देश की सेवा करेंगे। बता दें कि उन्हें सेना में अधिकारी बनने का जज़्बा शुरू से ही था। यह मुकाम कड़ी मेहनत से हासिल हुआ है और जनपद फतेहपुर के साथ गांव का नाम रोशन किया है। संदीप को लेफ्टिनेंट की वर्दी में देख कर माता पिता सहित परिवार गदगद है। जीत सिंह के डेरा में जश्न का माहौल है। असोथर थाना क्षेत्र के गांव सरकंडी के मजरे जीत सिंह का डेरा निवासी इंद्रसेन पाल खेती किसानी करते हैं। उनके बेटे संदीप कुमार पाल की प्राथमिक शिक्षा गांव के ही विद्यालय में हुईं थीं।


संदीप कुमार।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

शिविर | कई रक्तदाताओं ने कराया रजिस्ट्रेशन, 94 यूनिट ब्लड संग्रहीत

# खून की कमी से जूझ रहे ब्लड बैंक को मिली 'संजीवनी'

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जिला अस्पताल में संचालित ब्लड बैंक खून की कमी से जूझ रहा था। विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर शुक्रवार को ब्लड बैंक में डीएम व एसपी की मौजूदगी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बता दें कि ब्लड बैंक में 250 यूनिट रक्त सुरक्षित रखने की क्षमता है। शिविर के दौरान तमाम युवा आगे आए और ब्लड बैंक को 94 यूनिट ब्लड डोनेट किया।

जिला अस्पताल में ब्लड बैंक खून की कमी से अभी तक बीमार नजर आ रहा था। रक्त की मांग बढ़ने पर ब्लड का संकट गहरा रहा था। रक्त कोष में खून की कमी से मरीज डोनर के सहारे हैं। शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस के मौके पर ब्लड बैंक में शिविर का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित कर 94 यूनिट रक्त जमा कराया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी सी. इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही इंडियन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किये जा रहे सेवाकार्यों का उत्साहवर्धन भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज डॉ आरपी सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इश्तियाक अहमद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रभाकांत सिंह, डॉ निशात शहाबुद्दीन नोडल इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, रक्तकेन्द्र प्रभारी डॉ वरदवर्धन सहित इंडियन रेडक्रास सोसाइटी रक्त संचरण समिति दीपाली वर्मा, कौशल श्रीवास्तव, अशोक शुक्ल, बृजकिशोर एवं सुरेश श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख, चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।


स्वरोजगार संबंधी प्रशिक्षण में भाग लेते छात्र। अमृत विचार

### ब्लड सेपरेशन यूनिट का नहीं मिल रहा लाभ

जिला अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट बनकर तैयार हो गई है मगर इसका संचालन शुरू न होने से लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि सेपरेशन यूनिट से एक यूनिट रक्त से तीन मरीजों की जान बच सकेगी। जिला अस्पताल में ब्लड सेपरेशन यूनिट बनकर तैयार होने के बाद मशीन आ गई है। कर्मचारियों को प्रशिक्षण सहित अन्य औपचारिकताएं होने के बाद भी यूनिट की शुरुआत न हो सकी। सेपरेशन यूनिट में एक यूनिट ब्लड से प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और क्रायोप्रेसीसीपिटेट का लाभ मिल सकेगा। अभी तक प्लेटलेट्स और प्जाज्मा के लिए मरीजों को महानगर का सहारा लेना पड़ता है। घायलों और सिजेरियन में ब्लड चढ़ाने की जरूरत होती है वहीं डेंगू और आग से झुलसे मरीजों को अलग-अलग तत्व की जरूरत पड़ती है।

# ऑनलाइन ठगी के 5.45 लाख वापस

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के बजाजा गली कस्बा निवासी प्रकाश गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को 16 मई को एक शिकायती पत्र दिया था। उसने बताया था कि फेसबुक पर अडानी टोटल गैस पंप देने के नाम से बने फर्जी विज्ञापन को देखने के बाद उसने नम्बर पर सम्पर्क किया था। सम्पर्क करने के बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा बात करते हुये अलग-अलग तारीखों में करीब 8.90 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिये गये। पुलिस ने आवेदक के 5.45 लाख रूपये की एकमुश्त धनराशि आवेदक के बैंक खाते में वापस करा दिया गया है। पुलिस ने आवेदक के 5.45 लाख रूपये की एकमुश्त धनराशि आवेदक के बैंक खाते में वापस करा दिया गया है। एसपी ने साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम को लगाया था।

## एक नजर

### दो घरों में आग से गृहस्थी जली, मवेशी झुलसे

**रूरा।** थाना क्षेत्र के सरसी गांव में शुक्रवार की दोपहर दो घरों में आग लग गई। जिससे एक घर की गृहस्थी जल कर राख हो गई। सरसी निवासी संतोष ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में घर में आग लग गई। जिससे गृहस्थी जल गई। आग इतनी बढ़ गई कि पड़ोस के रहने वाले संतोष के घर के छप्पर में लग गई और नीचे बंधी भैंस झुलस गई। दमकल के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

### डाउन ट्रैक पर मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**रूरा।** थाना क्षेत्र के सराय गांव के पास शुक्रवार की सुबह दिल्ली-हावड़ा रूट के डाउन रेलवे ट्रैक के समीप खंभा नंबर 1026/24-25 के बीच में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। मृतक के शरीर में कोई कपड़ा नहीं था और बाएं हाथ की कलाई में सिल्वर रंग की सोनाटा घड़ी पहने हुए था। लोगों की सूचना पर पहुंचे सिठमरा चौकी इंचार्ज जसवीर सिंह ने मौके पर छानबीन की और शिनाख्त के प्रयास किए। लेकिन मृतक के पास पहचान की कोई वस्तु न होने से शिनाख्त नहीं हो सकी। उन्होंने शव को मोर्च्युरी में रखवाकर आसपास क्षेत्र में जानकारी भेजकर पहचान के प्रयास शुरू किए हैं।

### बाइक की टक्कर से सफाई कर रहा युवक घायल

**पुखरायां।** मुख्य मार्ग पर साफ-सफाई कर रहे युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। पुखरायां कस्बा के वार्ड नंबर तीन आंबेडकर नगर के पंकज ने बताया कि उनका भाई सोनू नगर पालिका के सफाई कर्मी बड़े भाई सागर के बदले मुख्य मार्ग के बरसाती पुलिया के पास झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर रहा था। तभी बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया। स्थानीय लोग उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ. आरती सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### हादसे में घायल वृद्ध की मौत

**कानपुर।** रावतपुर गांव निवासी वृद्ध 60 वर्षीय भारत गुरुवार को साइकिल से गोल चौराहे की तरफ जा रहे थे, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। हादसे में वृद्ध घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां गुरुवार देर रात दम तोड़ दिया। नाती राधे ने बताया कि उनके अलावा उसका कोई नहीं था।

# पिता-पुत्रों पर गैर इरादतन हत्या की एफआईआर, गिरफ्तारी नहीं

**फॉलोअप**

संवाददाता, राजपुर

- करीमनगर में पिटाई से घायल युवक की मौत का मामला

**अमृत विचार।** करीमनगर गांव में बुधवार को विवाद के बाद एक युवक पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे व राड से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। कानपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी। मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्रों के खिलाफ गैर इरादन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के करीमनगर गांव निवासी श्रीराम ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उसका बेटा देव सिंह उर्फ चंदू (30) घर से खाना खाकर ट्यूबवेल पर सोने जा रहा था। तभी पड़ोस का रहने वाला प्रेमपाल नशे में धुत होकर आया और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर प्रेमपाल ने घर की महिलाओं और परिजनों को बुला लिया। सभी ने एक राय होकर लाठी-डंडे व लोहे की राड से हमला कर दिया। जिससे बेटे के सिर में गंभीर चोटे आई। घटना की सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर हमलावर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने घायल देव सिंह को सिकंदरा सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां गंभीर हालत होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गुरुवार को उसकी इलाज के दौरान देव सिंह ने दम तोड़ दिया। पिता श्रीराम ने पड़ोसी सत्यनारायण, उसके बेटे प्रेमपाल व राधेश्याम सहित दस अन्य लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। एसओ महेश कुमार ने बताया कि सत्यनारायण व उसके दोनों बेटों के खिलाफ गैर इरादन हत्या की रिपोर्ट दर्जकर तलाश की जा रही है।

### पुलिस की कार्रवाई से परिजन संतुष्ट नहीं

देव सिंह की मौत पर परिजनों ने 15 नामजद समेत पांच अज्ञात लोगों पर लोहे की राड व लाठी-डंडे से हमला कर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गैर इरादन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। परिजन कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। शुक्रवार को मृतक के पिता श्रीराम ने एएसपी राजेश पांडेय को शिकायती पत्र देकर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

# 82 पंचायतों में आज से सहायकों की भर्ती

**तैयारी**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- शासन से रिक्त पदों पर भर्ती के लिए मिली हरी झंडी, आज से शुरू होंगे आवेदन

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायतों में रिक्त पड़े पंचायत सहायकों के पदों पर तैनाती के लिए शासन स्तर से हरी झंडी मिल गई है। जिले की 82 ग्राम पंचायतों में सहायकों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया 15 जून से शुरू होगी। इसके लिए शासन ने तिथिवार कार्यक्रम जारी कर दिया है।

जनपद की ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को ऑनलाइन योजनाओं का लाभ ग्राम पंचायत स्तर पर ही दिए जाने के लिए पूर्व के वर्षों में पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई थी। लेकिन कई ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सहायकों द्वारा विभिन्न कारणों से इस्तीफा दे दिया गया। वहीं कई जगहों पर कार्य न करने की दशा में ग्राम पंचायत की संस्तुति पर पंचायत सहायकों पर अनुशासनहीनता की कार्रवाई करते हुए कार्यमुक्त कर दिया गया।

पिछले दिनों शासन की ओर से रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर सूचना मांगी गई थी। जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रिक्त पद वाली ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

### इन ब्लाकों की ग्राम पंचायतों में होगी भर्तियां

- **अकबरपुर :** भटौली, भिखनापुर, गौरियापुर, हसानापुर, कुढ़वा, कुईतखेड़ा, लहरापुर, निबौली बुजुर्ग, सुमेरपुर, तोड़ा मोहम्मदपुर।
- **अमरौधा :** ग्राम पंचायत बहेरीमाह, बम्हरौली घाट, बरौली, चकचालपुर, जहांगीरपुर, जुनैदपुर, महेरा, नगसिया, रनियां, रुरगांव।
- **डेरापुर :** बिरिया डेरापुर, किशवाखेड़ा, नंदपुर, नोनारी बुजुर्ग, सलेमपुर डेरापुर, सिठमरा।
- **विकासखंड झींझक :** ग्राम पंचायत औरंगाबाद हीरामंशा।
- **विकासखंड मैथा :** ग्राम पंचायत भैरों शाहजहांपुर, ढाकन शिवली, जसवंतपुर, काशीपुर, खलकपुर।
- **विकासखंड मलासा :** ग्राम पंचायत बम्हनौती, बरगवां, भरतौली, बिहारी, बैजापुर, गुरगांव, हारामऊ, जाफराबाद, कैलई, केशी, किशोरपुर, लेवामऊ, मोहम्मदपुर, मुरलीपुर, सिहारी, टोडरपुर।
- **विकासखंड राजपुर :** ग्राम पंचायत भाल, डाढ़ापुर, दुर्गाजपुर, गौहानी बांगर, गुबार, निन्हौरा, रातापुर, उदैतपुर।
- **विकासखंड रसूलाबाद :** ग्राम पंचायत बहादुरपुर, दया, गंभीरा, इंदलपुर लालू, कठारा, मौजमपुर, मिर्जापुर लकोटिया, सिसाही।
- **विकासखंड संदलपुर :** ग्राम पंचायत अगवासी, अकना, भंदेमऊ, चकही, जलालपुर डेरापुर, खालागांव, पिंडार्थू।
- **विकासखंड सरवनखेड़ा :** ग्राम पंचायत आलापुर, भैथाना, गजनेर, करबक, करचल, कटेठी, मंगटा, मुबारकपुर लाटा, उमरन।

# जांच के लिए तैयार रहें पंचायतें: सीडीओ

## खराब प्रदर्शन और कार्यों में रुचि नहीं लेने वाले ग्राम पंचायत सचिवों को फटकार और नोटिस के निर्देश

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में ग्राम सचिवों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गौशाला, शौचालय, मुख्यमंत्री आवास, मनरेगा, एनआरएलएम समेत वित्तीय समावेश की चर्चा की गई।

शुक्रवार को सीडीओ लक्ष्मी एनत्र ने अंतिम चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि प्राथमिकता में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान में जलभराव, नाली, नालों के चोक आदि की समस्या किसी भी स्थिति में नहीं होनी चाहिए। यदि आवश्यकता हो तो लेबर आदि की सहायता से बारिश से पहले सभी नालों में शत-प्रतिशत साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने 21 जून को होने वाले योग दिवस पर भी सभी ग्राम सचिवों को ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजन के लिए पूर्व से तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं 32 ग्राम पंचायत में गठित गंगा समिति की बैठक आयोजित कराए जाने के साथ ही ग्राम पंचायत की तरफ से साफ सफाई व्यवस्था हेतु डस्टबिन आदि की उपलब्धता कराने को कहा। एक जुलाई से संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग अभियान में सभी एडीओ पंचायत की जिम्मेदारी तय करते हुए सेक्टर वार सफाई अभियान के अंतर्गत झाड़ी कटाई आदि संचालित करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में पंचायत सहायक की उपलब्धता सचिवालय में सुनिश्चित की जाए। पूर्व से ही जिन पंचायत सहायकों के आवेदन अग्रसारित किए जाएं। उनमें यह सुनिश्चित किया जाए कि पंचायत सहायक कंप्यूटर की जानकारी रखता है या नहीं। जिससे ग्रामीणों का कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावित न हो।

मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. ने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि ग्रामीण स्तर पर हो रहे किसी भी कार्य का यदि भुगतान किया जा चुका है, लेकिन प्रारंभ या पूर्ण नहीं हुआ है। वह 30 जून तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कार्रवाई को तैयार रहें। उन्होंने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के अनुसार केंद्रीय व राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले ग्राम सचिव को कड़ी फटकार लगाई और कार्यों में रुचि न लेने वाले ग्राम सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### गढ़ी महेरा के सचिव और प्रधान को नोटिस के निर्देश

अंत्येष्टि स्थल निर्माण की समीक्षा के दौरान विकासखंड झींझक अंतर्गत ग्राम गढ़ी मेहरा में भुगतान होने के बावजूद कार्य बाधित चलने की शिकायत पर ग्राम सचिव अवधेश सिंह व ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सीडीओ ने जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्राम पंचायतों में खराब प्रगति के दृष्टिगत कड़ा रोष व्यक्त करते हुए सभी सचिवों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि भ्रमण के दौरान औचक निरीक्षण किए जाएंगे। अभिलेख पूर्ण न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बैठक में बकरीद शांति से मनाने की अपील

**डेरापुर।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर डेरापुर थाने में एसडीएम भूमिका यादव व सीओ शिव ठाकुर की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें लोगों से से शांतिपूर्वक तरीके से त्योहार मनाए जाने की अपील की गई। शुक्रवार को बैठक करते हुए एसडीएम ने कहा कि सभी लोग हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल काम करते हुए त्योहार मनाएं। जिससे गांव का नाम एकता के लिए जनपद में आगे लिया जा सके। हिंदू और मुसलमान सभी मिलजुल कर एक दूसरे के त्योहारों में शरीक होते हैं। जिससे अन्य जगह के लोगों को सीख लेनी चाहिए। इस दौरान थाना प्रभारी अनिल कुमार, चौकी इंचार्ज अमरेंद्र प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज राहुल कुमार, प्रधान डब्लू कटियार, अतुल अग्निहोत्री, ओमजी तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### वार्षिक स्थानांतरण नीति से शिक्षकों का तबादला करने की मांग

**कानपुर देहात।** बेसिक स्कूलों में शिक्षक शिक्षण कार्य के साथ ही दिए गए हर दायित्व का पूरे मनोयोग और जिम्मेदारी से निर्वहन कर रहा है। विगत सरकारों की अदूरदर्शी नीत के तहत अनावश्यक रूप से दूर-दूर के जनपदों के शिक्षकों को दूरस्थ जनपदों में नियुक्ति किया गया। शिक्षक लगातार अंतरजनपदीय स्थानांतरण की मांग करते रहे हैं। कई बार स्थानांतरण हुए भी तत्कालीन अधिकारियों द्वारा मनमाने एवं पारदर्शी ढंग से बनाए गए नियम के कारण लंबे समय से कार्यरत शिक्षक स्थानांतरण से हर बार वंचित रहते गए। ऐसे में वार्षिक स्थानांतरण नीति के तहत परिषदीय शिक्षकों का भी तबादला किया जाना उचित एवं न्याय संगत है। ये बातें राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री व जिलाध्यक्ष आदित्य कुमार शुक्ल ने कहीं। उन्होंने कहा कि परिषदीय शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए भी एक पारदर्शी नियमित वार्षिक स्थानांतरण नीति जिसमें वरिष्ठ अध्यापक को वरीयता हो। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिक्षकों को भी स्थानांतरण नीति में शामिल करते हुए उनका भी अंतरजनपदीय स्थानांतरण करने की मांग की है।



विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान का संकल्प लेते चिकित्सा कर्मी। अमृत विचार

### रक्तदान करने की अपील

**डेरापुर।** सीएससी में शुक्रवार को अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारियों ने लोगों को विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान करने की अपील की गई। डेरापुर सीएससी में तैनात एक्सरे टेक्नीशियन राजवर्धन सिंह गौर ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। ताकि रक्तदान को बढ़ावा दिया जा सके। ताकि दूसरे को जीवन दान दिया जा सके। इसलिए इस महादान में सभी को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी अन्य व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पर जाती है। ऐसे इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरूरतमंद की मदद हो सके। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। इस मौके पर डॉ. अनुपम सिंह, राजवर्धन सिंह, हितेंद्र मित्तल, रामकुमार, नीरज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे का स्वागत करते सपाई।

### इटावा सांसद के सिकंदरा आगमन पर स्वागत

**सिकंदरा।** इटावा लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद जितेंद्र दोहरे के सिकंदरा विधानसभा में प्रथम आगमन पर पीतमपुर गांव में सपा कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर जोरदार तरीके से स्वागत किया। इस दौरान सांसद ने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया औरयुवा कार्यकर्ताओं से खुशी का इजहार कर गले से लगाया। सांसद ने कहा कि हर समाज के लोग हमारे अपने लोग हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें अवगत करा सकते हैं। हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान जिला महासचिव पवन कटियार, पूर्व प्रधान नौशाद अली, राशिद खान सिकंदरा नगर अध्यक्ष, अनुराग कटियार समाजसेवी, सत्यम यादव, वसीम कुरैशी जिला उपाध्यक्ष, कलाम कुरैशी व्यापार मंडल अध्यक्ष आदि लोग मौजूद रहे।

### अचेत मिले युवक की थम गईं सांसें

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के जौरवा भट्ठे के पास एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। एम्बुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवासपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मंगलपुर क्षेत्र के भूंठा गांव निवासी सुनील कुमार (32) पुत्र रामकुमार शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे जौरवा भट्ठे के पास अचेत अवस्था में पड़ा मिला। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हवासपुर ले जाया गया, जहां डॉ. वैभव कटियार ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

### सवारियों से भरे पिकअप में टक्कर मार पलटा लोडर

**रनियां।** थाना क्षेत्र के बजरंग चौराहे पर कानपुर से अकबरपुर जा रहा तेज रफ्तार पिकअप बगल में चल रहे पिकअप को टक्कर मारते हुए पलट गया। जिससे करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा की मदद से दोनों वाहनों को हाईवे किनारे कराकरयातायात सुचारू कराया। रनियां थाना के बजरंग चौराहे के समीप पाइप लादकर जा रहा पिकअप अनियंत्रित होकर सवारी भरकर अकबरपुर जा रहे पिकअप से टकरा गया और हाईवे पर ही पलट गया। वहीं दूसरे पिकअप में बैठी सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक च सवारियों को चोट नहीं आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पिकअप को हाइड्रा की मदद से हाईवे के किनारे कराया। इस दौरान करीब दो घंटे तक लगे जाम में फंसकर लोग परेशान रहे।

# डंपर के टायरों में लगी आग दमकल टीम ने पाया काबू



खासबरा के सामने डंपर के टायरों की आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**राजपुर।** क्षेत्र के खासबरा मोड़ के सामने अचानक से सड़क पर जा रहे डंपर के टायरों में आग लगने से हड़कंप मच गया। पुलिस की सूचना पर सिकंदरा से पहुंची दमकल टीम ने डंपर के टायरों में लगी आग पर काबू पाया।

कालपी थाना क्षेत्र के जोल्हूपुर मोड़ निवासी डंपर चालक प्रभात कुमार ने बताया कि शुक्रवार को वह कालपी घाट से डंपर में मौरंग लादकर सिकंदरा आया था। मौरंग बेचने के बाद दोपहर में खाली डंपर लेकर घर लौट रहा था। तभी राजपुर के खासबरा जाने मोड़ के सामने डंपर के टायरों में आग लग गई। सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों व आसपास के लोगों की मदद से ट्रक चालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सिकंदरा फायर स्टेशन में सूचना दी। दमकल टीम के परमजीत, श्याम शंकर यादव, महेंद्र सिंह, यशपाल सिंह ने आग पर काबू पाया। जिससे एक बड़ी घटना होने से बचाव हो गया। राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि डंपर चालक की सूचना पर दमकल टीम ने आग पर काबू पाया है।

# आसमान से बरसी आग, पारा 45 डिग्री पार

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



धूप व गर्मी से बचाव को मुंह बांधकर जाती महिलाएं व युवतियां। अमृत विचार

- न्यूनतम तापमान भी 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज, फिलहाल पांच दिन गर्मी से नहीं मिलेगी राहत

**अमृत विचार।** जिले में शुक्रवार को सुबह से आग बरसना शुरू हो गई। तापमान में उछाल आने एवं गरम हवा चलने से लोगों के तन झुलसते रहे। अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री तक पहुंच गया। चिलचिलाती गर्मी से लोग बेहाल रहे।

जनपद में सुबह के समय से ही गर्मी पड़ने लगी और तापमान में उछाल आने से दोपहर के समय 45 डिग्री पार कर गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह आठ बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगीं। जिससे गली-मोहल्लों से लेकर हाईवे तक सुनसान रहे। मौसम की उग्रता देखकर बच्चों व बुजुर्गों ने घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं दिखाई।

वहीं बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। बढ़े तापमान से कूलर और पंखे भी जवाब दे गए। इनसे गर्म हवा आने लगी। जिससे लोगों को घरों में भी राहत नहीं मिल सकी। तपती धूप से बचने के लिए लोग बाजार व सड़कों पर छांव ढूंढते नजर आए। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन हल्के बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश के कोई आसार नहीं हैं। दिन व रात का तापमान सामान्य से अधिक होने के कारण फिलहाल गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

### 18 जून तक चलेगी हीटवेव, एडवाइजरी जारी

**कानपुर देहात।** मौसम विभाग के अनुसार 14 जून से 18 जून तक हीट वेव (लू) की संभावना है। आपदा विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा ने देते हुए बताया कि गर्म, लाल शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उल्टे श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मिचली, थकान, कमजोरी या चक्कर आना, मूत्र न होना आदि लू लगने के मुख्य लक्षण है। इससे मनुष्य के शरीर के उच्च तापमान से आंतरिक अंगों विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुंचता है और उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है। उन्होंने बताया कि लू से बचने के लिए पर्याप्त पानी पिए और हल्के सूती कपड़े पहनें। सिर ढंकें और छतरी का उपयोग करें। हाथों को साबुन और पानी से बार-बार धोएं। अनावश्यक घर से बाहर न निकलें।

#### छायादार स्थान पर बांधें मवेशी

आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि पशुओं को जहां तक संभव हो, घर के भीतर रखें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो किसी छायादार स्थान में रखें। जानवरों को बंद स्थान पर न रखें। इन्हें जल्दी गर्मी लगने लगती है। ध्यान रखें कि जानवर पूरी तरह साफ हों और उन्हें ताजा पीने का पानी दें। पानी को धूप में न रखें। दिन के समय उनके पानी में बर्फ के टुकड़े डालें। पालतू जानवर का खाना धूप में न रखें।

### परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक बढ़ीं

**कानपुर देहात।** भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक के लिए बढ़ा दी गई हैं। वहीं बच्चों के लिए स्कूल 27 जून तक बंद रहेंगे। 28 जून से छात्र-छात्राएं विद्यालय में सुबह साढ़े सात बजे से दस तक उपस्थित रहेंगे। एक जुलाई से विद्यालय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक संचालित किए जाएंगे और निर्धारित समय सारणी के अनुसार शैक्षिक कार्य किया जाएगा। 25 जून से 30 जून तक की अवधि में विद्यालय में साफ-सफाई, स्कूल चलो अभियान, छात्र नामांकन बढ़ाने के लिए अलग से विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे।

**कवायद** जनपद की 618 ग्राम पंचायतों और 13 नगर निकायों में स्थान चिह्नित

# बारिश में 22 विभाग लगाएंगे 60 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



पौधरोपण को लेकर बैठक करते डीएफओ एके द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति व जिला वेटलैंड समिति की बैठक हुई। इस दौरान पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान के तहत जिले में 22 विभागों द्वारा 60 लाख से अधिक पौधों के रोपण को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में डीएफओ एके द्विवेदी ने बताया कि पेड़ लगाओं-पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 के रूप में 22 विभागों की ओर से 618 ग्राम पंचायतों व 13 नगरीय निकायों में चयनित स्थलों पर 60.19 लाख पौधे रोपे जाएंगे। इसके लिए सभी दस ब्लाकों में 29 पौधशालाओं में 75.20 लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। सभी विभागों की मांग के अनुरूप अमरूद, नीबू, जामुन, ऑवला, कटहल, बेल, इमली, शीशम, सागौन, नीम, अर्जुन आदि पौधों को तैयार किया गया है। डीएफओ ने विभागवार लक्ष्य व उससे संबंधित तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के लिए नोडल अधिकारियों से अपेक्षा कि वह कार्ययोजना के अनुसार गड्ढ़ों के खुदान का कार्य दस दिन के अंदर करा लें। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग को ग्राम वन, नगर विकास विभाग को नंदन वन, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बाल एवं उद्योग विभाग द्वारा मियावॉकी पद्धति से पौधरोपण व खाद्य वन बनाने के लिए सुझाव दिए।

उप निदेशक कृषि राम बचन राम ने बताया कि कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कराए जाने वाले पौधरोपण के पौधे अधिक से अधिक संख्या में जीवित रहें। इसके लिए किसानों को विभिन्न गोष्ठियों के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। बैठक में उपायुक्त श्रम एवं रोजगार प्रेमप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि गत वर्ष की भॉति इस वर्ष भी 50 ग्राम वनों की स्थापना तथा पांडु नदी व नून नदी के कैचमेंट क्षेत्र में विभिन्न ग्राम पंचायतों के माध्यम से लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण किया जाएगा।

# घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, राजपुर

- एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश तेज

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव के घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पड़ोसी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

राजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को वह पत्नी के साथ वह रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में गया था। उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। तभी पड़ोस में रहने वाले पवन मिश्रा ने घर में घुसकर उसकी नाबालिग बेटी के मुंह में कपड़ा बांधकर तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया। घटना के बाद बेटी बेहोश हो गई।

होश आने पर युवक ने घटना की बात उजागर करने पर जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गया। बुधवार को जब वह अपने घर पहुंचा तो बेटी ने आपबीती सुनाई। शुक्रवार को पीड़िता को लेकर परिजन थाने पहुंचे और पुलिस से गुहार लगाई। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर पवन मिश्रा के खिलाफ पाक्सो व दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एक नजर

### सरकारी डॉक्टर के घर खोले गए वेलनेस सेंटर की शासन ने मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार , लखनऊ :** त्रिवेणी नगर में सरकारी डॉक्टर के घर खोले गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की शिकायत पर शासन ने रिपोर्ट तलब की है। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अफसर शुक्रवार को लीपापोती में जुटे रहे। इस मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भी ट्वीट के जरिए की गई है। त्रिवेणी नगर मारुति पार्क स्थित एक सरकारी डॉक्टर घर पर पहले पीएचसी खुली थी, जिसे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बदल दिया गया। गुरुवार को सोशल मीडिया पर लोगों ने स्वास्थ्य व एनएचम अफसरों को घेरा। मामले की शिकायत ट्विटर जरिए उपमुख्यमंत्री से भी की। वहीं शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के अफसर केंद्र को बचाने के लिए दिन भर जुगत में लगे रहे। केंद्र तत्कालीन सीएमओ डॉ. एसएनएस यादव के कार्यकाल में खुलवाया गया था। सीएमओ डॉ. मनोज के मुताबिक, इस मामले में जवाब तैयार कराया जा रहा है।

### पांच करोड़ रुपये का गलत आईटीसी क्लेम वसूला

**अमृत विचार, लखनऊ :** हुसैनगंज स्थित मेडिकल उपकरण के रखरखाव वाली एक फर्म ने गलत तरीके से आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) का क्लेम कर करीब डेढ़ साल में सरकार से करीब पांच करोड़ रुपये वसूल लिए। जीएसटी टीम ने जांच के बाद कंपनी से पांच करोड़ रुपये वसूले और खाते में जमा कराए। जीएसटी के संयुक्त आयुक्त प्रकाश यादव के निर्देश पर इलेक्ट्रॉनिक डाटा की जांच करने के लिए डिप्टी कमिश्नर अजीत सिंह, सीटीओ दिवाकर दुबे और हर्षित श्रीवास्तव ने हुसैनगंज स्थित को प्रतिष्ठान पर छापा मारा और इलेक्ट्रानिक डाटा और अभिलेख चेक किए। मेडिकल इक्यूपमेन्टस ट्रेडिंग एंड मेन्टीनेन्स कंस्ट्रक्शन का कार्य करने वाली इस फर्म से पंजीकृत व्यापरियों द्वारा खरीद की जाती है। जांच में पाया गया कि फर्म द्वारा कर भुगतान के लिए जीएसटीआर-3बी में जीएसटीआर-2ए से अधिक भुगतान किया गया है। बिना ई-बे बिल लिए बड़ी संख्या में बिल जारी किए जा रहे हैं। इस पर विशेष अनुसंधान शाखा-रेंज बी ने पांच करोड़ रुपये डीआरसी के माध्यम से जमा कराए।

# मोदी के दौरे से पहले योगी ने लिया तैयारी का जायजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18 को काशी आ रहे मोदी करेंगे किसान सम्मेलन को संबोधित

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वाराणसी पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। योगी ने वहां पहले मेंहदीगंज में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और बाद में सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ मीटिंग करके वाराणसी और आस-पास के जिलों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

मुख्यमंत्री सूचना परिसर से साझा की जानकारी के अनुसार, मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने जनसभा स्थल का रूट मैप मुख्यमंत्री को दिखाया और हर प्वाइंट की जानकारी दी।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने सुरक्षा दायरा, आंतरिक सुरक्षा डी और बाह्य सुरक्षा की जानकारी योगी को दी।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य और पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह औढ़े मौजूद रहे। तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी का 18 जून को वाराणसी आगमन प्रस्तावित है।

# अजय सिपाही गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजधानी के बिजनौर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय से एसटीएफ ने पकड़ा
- हत्या के प्रयास के मामले में घोषित था 25 हजार का इनाम

**अमृत विचार:** अंबेडकरनगर के माफिया अजय सिपाही गैंग का सदस्य शुक्रवार को राजधानी के बिजनौर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था। पुलिस ने 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था।

एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त उत्कर्ष सिंह निवासी कादीपुर सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर के गैंगस्टर अजय सिपाही गैंग का सदस्य है। 05 अप्रैल को एक ढाबे पर खाना खाते समय अनुपम सिंह नामक व्यक्ति से उत्कर्ष झगड़ा हो गया था।

इस झगड़े के बाद समझौते की बात हुई तो दोनों पक्ष अगले दिन एकत्रित हुए। समझौते के दौरान उत्कर्ष सिंह ने अविनाश सिंह उर्फ शुभम पर फायर कर दिया। हालांकि इस हमले में अविनाश बाल-बाल बच गया। मामला कादीपुर थाने में दर्ज हुआ था।

तभी से एसटीएफ उत्कर्ष सिंह की तलाश कर रही थी। उपनिरीक्षक सौरभ मिश्रा उत्कर्ष को लेकर सूचनाओं का संकलन कर रहे थे। शुक्रवार को सूचना मिली तो उपनिरीक्षक शिवकुमार अवस्थी आदि बिजनौर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे और वहीं पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# खराब प्रदर्शन करने वाले डीएम समेत कई अधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

## राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाही पर मुख्यमंत्री सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जाएगी राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वालों की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** सरकारी कामकाज में लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। साथ ही दो हफ्ते में रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने के निर्देश दिये हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री ने कई विभागों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने वालों की सूची बनाने के निर्देश दिये थे। बैठक में योगी ने राजस्व संबंधी मामलों में लापरवाही पर खासी नाराजगी जाहिर की थी।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राजस्व से जुड़े अधिकारी हरकत में आ गये हैं। इसी क्रम में राजस्व परिषद चेयरमैन रजनीश दुबे ने हाल ही में राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इसमें उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही पर राजस्व अफसरों, एडीएम, एसडीएम, नायाब तहसीलदार और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

उधर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी राजस्व संबंधी मामलों को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगायी। साथ ही कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वह जल्द ही राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वाले जिलों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे, जिसके बाद इन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

### महोबा, चित्रकूट और मुजफ्फरनगर फिसड्डी

राजस्व विभाग की बैठक में सामने आया कि राजस्व संबंधी मामलों के निपटारों में कई जिले फिसड्डी रहे हैं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ इसमें सुधार लाने के निर्देश दिये। बीते दिनों बैठक में मुख्य सचिव ने पाया कि रियल टाइम खतौनी में कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट और बलरामपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसी तरह वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, मैनपुरी और गोरखपुर में खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण का प्रतिशत काफी कम रहा है। इन जिलों में करीब 50 प्रतिशत ही अंश निधारण का कार्य हुआ है। वहीं स्वामित्व योजना के तहत घरौनी तैयार करने में गोरखपुर, प्रयागराज, बाराबंकी, जौनपुर और गाजीपुर में काफी धीमी गति से कार्य हो रहा है। मुख्य सचिव ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा राजस्व वादों के निस्तारण में महोबा, चित्रकूट, मुजफ्फरनगर, शामली और बागपत फिसड्डी रहे हैं। यहां आठ हजार से अधिक मामले लंबित हैं।

### नामांतरण में कुशीनगर, सोनभद्र तो पैमाइश में लखनऊ और प्रयागराज पीछे

बैठक में सामने आया कि राजस्व वाद के तहत धारा-24 (पैमाइश) में लखनऊ, प्रयागराज, अमरोहा, फतेहपुर और सहारनपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसके साथ ही धारा-34 (नामांतरण) में कुशीनगर, सोनभद्र, रायबरेली, बलिया और अमेठी में पहले से सुधार हुआ है, लेकिन निपटारे का प्रतिशत 95 प्रतिशत से कम है। इसी तरह धारा-80 (कृषिक भूमि का गैर-कृषिक भूमि में परिवर्तन) के अयोध्या में 34, प्रतापगढ़ में 21, गोरखपुर में 12, कानपुर नगर में 10 और बाराबंकी में 7 मामले लंबित हैं। यह सभी मामले एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम के हैं। इसे लेकर मुख्य सचिव जल्द ही पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंप सकते हैं।

# थानों से जुड़े राजस्व ग्रामों में बदलाव शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गृह विभाग ने शुरू की प्रक्रिया कई जिलों की जारी हुई सूची
- थानों को क्षेत्राधिकार के बारे में अवगत कराया जाएगा

**अमृत विचार:** कानून-व्यवस्था के सुधार के क्रम में गृह विभाग ने थानों और उससे जुड़े राजस्व ग्रामों में संसोधन करना शुरू कर दिया है। सीमाओं को देखते हुए कुछ राजस्व ग्रामों के थानों में बदलाव भी किया जाएगा, जिससे आम नागरिक को बेहतर सुविधा मिल सके। इसके अलावा विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना, साइबर क्राइम थाना एवं मानव तस्करी रोधी इकाई को लेकर भी गृह विभाग ने राजस्व ग्रामों को क्षेत्रों को समाविष्ट करना शुरू कर दिया है।

गृह विभाग ने जिला पुलिस एवं प्रशासन को थानों से जुड़े राजस्व ग्रामों की सूची जारी करना शुरू कर दिया है। अमरोहा, झांसी, अमेठी, हापुड़, बिजनौर, अमरोहा, बागपत आदि जिलों की जारी की गई सूची में थानों और उससे जुड़े राजस्व ग्रामों को अंकित किया गया है। नए सिरे से जारी की गई सूची में थानेदारों को उनके सीमा क्षेत्र से जुड़े राजस्व ग्रामों की जानकारी मिल जाएगी। फिलहाल अभी पुरानी व्यवस्था के अनुसार ही नियंत्रण किया जा रहा है। नई सूची जिलों में पहुंचने के बाद जिला स्तर पर ही थानों को उनके क्षेत्राधिकार के बारे में अवगत करा दिया जाएगा। उधर, विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना, साइबर क्राइम थाना एवं मानव तस्करी रोधी इकाई को लेकर भी गृह विभाग ने राजस्व ग्रामों को क्षेत्रों को समाविष्ट करना शुरू कर दिया है। उक्त तीनों थानों का क्षेत्राधिकार पूरा जिला होगा।

बताते चलें कि लंबे समय थानों के सीमा क्षेत्रों में परिवर्तन की जरूरत महसूस हो रही थी। इसके लिए से प्रस्ताव भी भेजे गए थे। गृह विभाग ने आवश्यकतानुसार क्षेत्रों में परिवर्तन करने की न सिर्फ प्रक्रिया शुरू की बल्कि कई जिलों में संसोधन के साथ सूचि भी जारी कर दी।

## मानसून के पहले ही बाढ़ से फसलों के बचाव की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र. में फिलहाल हीटवेव का प्रकोप है और जल्द ही मानसून भी सक्रिय होने जा रहा है। ऐसे में, फसलों के उचित रखरखाव, बाढ़ से बचाव की कार्ययोजना को जमीन पर उतारने की कवायद तेज कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, बाढ़ की नजर से राज्य के 27 अति संवेदनशील, 13 संवेदनशील और 35 सामान्य जिलों में क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप से मिले इनपुट के आधार पर एडवायजरी जारी की जा रही है।

मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार मौसमी प्रकोप से फसलों को बचाने के लिए पहले ही एडवायजरी जारी हो चुकी है। वहीं, प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसमें केले के लिए 30 जून, मिर्च के लिए 31 जुलाई, पान के लिए 30 जून, टमाटर के लिए 30 नवम्बर, शिमला मिर्च के लिए 30 नवम्बर, हरी मटर के लिए 30 नवम्बर और आम के लिए फसलवार बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है।


विधान परिषद के लिए निर्वाचित होने वाले सदस्यों के साथ सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह। अमृत विचार

## आगरा-मथुरा के मध्य हेलीकॉप्टर सेवा 1 जुलाई से

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** पर्यटनमंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटकों की सुविधा के लिए एक जुलाई से आगरा और मथुरा के बीच हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी। इसके लिए 25 जून तक संबन्धित औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाए और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए बौद्ध सर्किट के पर्यटन स्थलों की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग कराई जाए।

पर्यटन मंत्री शुक्रवार को पर्यटन भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बौद्ध स्थलों पर थाईलैण्ड, लाओस, बियतनाम आदि देशों से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। इसलिए इन स्थलों का प्रचार प्रसार इन देशों में जरूर करना चाहिए।

चित्रकूट और मध्य प्रदेश से लगे भाग में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ संबन्धित जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए। चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए संचालित परियोजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाए।

## वर्ग पहेली-101

**बाएं से दाएं**

1. 1. पायल, नूपुर 2. हाथी के पैर में बांधने की ज़ंजीर।
2. 1. कटोरे के आकार की कोई वस्तु 2. पत्तों का बना हुआ दोना 3. हथेली की अंजलि 4. डिब्बा, संदूक, पिटारी, (बॉक्स) 5. मृतक का कपाल, खोपड़ी 6. औषधि आदि पकाने के लिए कपड़े और गीली मिट्टी से लपेटकर बनाया गया एक पात्र 7. कोश 8. गीत का टेक, (केविटी)।

5. मस्जिद का वह ऊंचा चबूतरा जिसपर बैठकर इमाम या मुल्ला उपदेश देते हैं अथवा लोगों को नमाज़

7. बरफ़ के कण, हिम के अति सूक्ष्म टुकड़े, जमी हुई बरफ़ के क्रिस्टलों के समूह।

9. 1. मुगल संबंधी, मुगलों का-सा, मुगली, मुगलों की तरह का 2. एक विशेष प्रकार का व्यंजन

10. 1. मनगढ़ंत किस्सा या कहानी, कल्पित कहानी 2. ब्योरा, विवरण, हाल।

**ऊपर से नीचे**


2. 1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।

3. 1. एड़ी के ऊपर और पिंडली के नीचे की उभरी हुई हड्डी 2. उक्त हड्डी के आस-पास का भाग।

4. शोथ, सूजन।

6. 1. बाहरी या ऊपरी अंग 2. पूजा के आरंभ में किए जाने वाले औपचारिक और बाह्य कृत्य।

8. 1. हिनहिनाना 2. घनघनाना, घंटे का बजाना 3. रक्षा करना 4. किसी काम को करते हुए सोच-विचार करने या बनाने-संवारने के लिए बीच-बीच में ठहरना, धीरे-धीरे धैर्य के साथ करना 5. बनाना, निर्माण करना, संवारना।



### वर्ग पहेली -100 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 कि | | 2 टि | 3 पा | रा |
| 4 रँ | ह | च | टा | | ग | |
| | | पि | | 5 गि | ल | 6 न |
| | 7 प | च | मे | ल | | फ़ |
| | रि | | | गि | | सा |
| | षे | | | ला | | नी |
| 8 नि | क | ष | ण | | | |

## 13 विधान परिषद सदस्यों ने ली शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के लिए निर्वाचित होने वाले सदस्यों ने विधान शपथ ले ली है। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने अशोक कटारिया, आशीष पटेल, किरणपाल कश्यप, धर्मेन्द्र सिंह, बलराम यादव, डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, मोहित बेनीवाल, राम तीर्थ सिंघल, विजय बहादुर, शाह आलम, संतोष सिंह, योगेश चौधरी और विच्छे लाल राम शामिल हैं। शपथ लेने वालों में भाजपा और गठबंधन के 10 और सपा के 3 सदस्य शामिल थे।

# पुराने रूप में आई पुलिस, दो हफ्ते में तीन ढेर, 16 घायल

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** चुनाव समाप्त होते ही उप्र पुलिस फिर पुराने रूप में आ गई है। पुलिस ने माफिया का सफाया करना शुरू कर दिया है। विगत दो हफ्ते में पुलिस ने तीन बड़े अपराधियों को ढेर कर दिया, जबकि एक दर्जन अपराधी पुलिस की गोलियों से घायल हैं। 50 से अधिक अपराधी जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की माने तो अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाइ होने वाली है।

पहली कार्रवाई 10 जून को हुई। मथुरा पुलिस ने 50 हजार के इनामी अपराधी मनोज को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस लंबे समय से मनोज की तलाश कर रही थी। वहीं दूसरी कार्रवाई 4 जून को हुई।

जौनपुर के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के आरोपी प्रशांत सिंह को पुलिस ने जौनपुर में तलाश कर खेतासराय थाना क्षेत्र में ढेर कर दिया। तो वहीं दो दिन बाद 6 जून को एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए बिहार के दो लाख के इनामी अपराधी नीलेश राय को उप्र. के मुजफ्फरनगर में एक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया।

### चल रहा है इलाज

उप्र. पुलिस की एसटीएफ और उप्र. पुलिस की मुठभेड़ में जहां तीन अपराधी मारे गए वहीं 16 अपराधी पुलिस की गोली से घायल भी हुए हैं। घायल अपराधियों का अस्पतालों में इलाज कराया जा रहा है। यह कार्रवाई एक पखवाड़े के भीतर हुई है। पुलिस अपराधियों के पीछे इस कदर पड़ गई है कि कई अपराधियों से प्रदेश छोड़ दिया है।

### ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां

**12 जून-** अंबेडकरनगर निवासी हिस्ट्रीशीटर शैलेंद्र सिंह उर्फ बबलू (25 हजार का इनामी) को ईशीपुर पुल अंडर पास चांदा सुल्तानपुर में गिरफ्तार किया गया।

**11 जून-** 16 वर्षों से पुलिस अभिरक्षा से फरार हत्यारोपी हरैया बस्ती निवासी सुरेश मिश्रा (25 हजार का इनामी) को वाराणसी से गिरफ्तार किया गया।

**08 जून-** हैदरगंज अयोध्या निवासी आदित्य प्रताप सिंह (25 हजार का इनामी) को अयोध्या में गिरफ्तार किया गया।

## सुडोकू-14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 4 | | | |
| 5 | | 8 | | 1 | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | | 5 | | | 3 |
| 8 | 9 | | | | | 3 | 7 | |
| 1 | | | 2 | | 9 | | | 4 |
| | 6 | 4 | | | | | 5 | 1 |
| 7 | | | 5 | | | 4 | | 6 |
| | 5 | | | 6 | | 1 | | 7 |
| | | | 3 | | | 8 | | |


### सुडोकू - 13 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 | 9 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 8 | 9 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 16 जून 02.32 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 08.14 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन अपने संबंधों को किसी से खराब न करें। आप कुछ रचनात्मक कार्यों में प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से आप ज्यादा संतुष्ट नहीं रहेंगे, लेकिन फिर भी आप अपना काम अच्छी तरह से करेंगे।

**वृष:** आज परिस्थितियां आपके आशानुकूल प्रतीत नहीं हो रही हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ तनाव में हो सकते हैं। अपनी परिस्थितियों में कुछ बदलाव की अपेक्षा कर रहे हैं। आप किसी परिजन के ऊपर नाराज हो सकते हैं।

**मिथुन:** आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में कुछ देरी कर सकते हैं जिससे अपेक्षित परिणाम मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। जीवनसाथी की सेहत का विशेष ध्यान रखें। विद्वान लोगों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है।

**कर्क:** आज दूसरे शहरों में रहने वाले भाई-बहन से बात हो सकती है। छुट्टी मनाने के लिए किसी अध्यात्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। आप आत्ममंथन में काफी समय बिता सकते हैं। व्यवसाय में आप कुछ बदलाव की योजना बना सकते हैं।

**सिंह:** आज पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। नशे का सेवन बिल्कुल न करें। माता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धन किसी को उधार न दें। आप कुछ उदास रहेंगे। कटु भाषा का प्रयोग करने से आपके स्वजन भी आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कन्या:** आज आप परिस्थितियों के अनुसार बुद्धिमत्ता पूर्ण निर्णय लेंगे। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धिकारक हो सकता है। आप काफी सक्रिय रहेंगे। कार्यशैली में बदलाव करने से आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**तुला:** आज विदेश यात्रा को लेकर योजना बन सकती है। दूसरों के ऊपर ज्यादा निर्भरता न रखें। किसी अन्य भाषा को सीखने में आप रुचि ले सकते हैं। आपके मन में अजीबो-गरीब विचार चलते रहेंगे, लेकिन आपको काफी स्थिर रहने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक:** आज आपसे अधिकारी वर्ग के लोग परामर्श ले सकते हैं। आपको प्राथमिकता क्रम निर्धारित करने में कठिनाई होगी जिसके कारण आपके कुछ आवश्यक काम छूट भी सकते हैं। दिखावा करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु:** आज आपको एक कठिन काम सौंपा जा सकता है, किंतु आप उसे अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे। आप में काम को लेकर अतिरिक्त उत्साह रहेगा जिससे लोग काफी प्रभावित रहेंगे। आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर:** आज दांपत्य संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। इसीलिए आपको काफी संयम और धैर्य का परिचय देना होगा। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। आप काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन उस अनुपात में आपको परिणाम नहीं मिलेगा।

**कुंभ:** आज क्रोधी व्यवहार का आपके व्यवसाय पर भी असर पड़ सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें, चलते हुए कार्यों पर ही ध्यान दें। विरोधियों से सावधान रहें। आपका मन अशांत रहेगा। अनावश्यक शंका के कारण आपके मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं।

**मीन:** आज सहकर्मी आपसे काफी अच्छा व्यवहार करेंगे। आप तेजी से अटके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। लंबी दूरी की यात्रा न करें। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आप परिजनों को समय देंगे। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
चाइना गेट — सुबह : 09.46
कीमत — रात : 07.00

**&pictures**
कहो ना प्यार है — सुबह : 10.55
हिम्मतवर — रात : 07.30

**Sony Pix**
मैड मैक्स : फरी रोड — सुबह : 09.35
जॉन विक : चैप्टर 2 — रात : 09.00

**Zee Cinema**
रक्षा बंधन — दोपहर : 12.35
द रियल तेवर — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
हीरोज — सुबह : 11.21
दसवीं — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 930 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

## कानपुर मंडी

| | |
| --- | --- |
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500-6600 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 11000-12000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 7700-7800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17100-17200 |
| अरहरस्पेशल1 | 14600-14700 |
| चनादाल | 8100-8200 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7300-7350 |
| मसूरदाल | 7400-7450 |
| उड़ददाल | 9000-13300 |
| उड़द धोवा | 10000-13000 |
| मूँगदाल | 8100-9700 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# फलों के राजा दशहरी आम का स्वाद चखेंगे जर्मनी के लोग

## बैक्टीरिया मुक्त और गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए आम को गुजारा गया तकनीकी प्रक्रिया से

- 1.5 टन का आर्डर मिला, आज निकलेगी पहली खेप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

**अमृत विचार:** अब फलों के राजा दशहरी आम के स्वाद लेने का समय आ गया है। बागवान आम मंडियों में लाना शुरू कर चुके हैं। ऐसे में देश ही नहीं विदेश के लोग भी इसका मजा लेने के लिए आतुर हैं। निर्यात का पहला आर्डर जर्मनी की तरफ से आया है। करीब 1.5 टन आम का भेजा जा रहा है। इसकी पहली खेप शनिवार को निकलेगी। आम की गुणवत्ता बनाए रखने और बैक्टीरिया मुक्त करने के लिए उसे रैपनिंग चैंबर और हॉट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गुजारकर इसके स्वाद को और बेहतर किए जाने का काम शुरू हो गया है। पूरी प्रक्रिया से गुजारे जाने के बाद आम के निर्यात की पैकिंग भी शुरू कर दी गई है।




हॉट वाटर ट्रीटमेंट से गुजारने के बाद आम को सुखाता कर्मचारी। ● एजेंसी

**रूस और इंग्लैंड के लोग भी चखेंगे दशहरी का स्वाद, निर्यातकों के हाथ आए आर्डर:** मैंगो पैक हाउस के संदीप यादव बताते हैं कि आम का तैयार कर निर्यात के लिए उसकी पैकिंग शुरू कर दी गई है। निर्यातकों के पास सिर्फ जर्मनी ही नहीं रूस, इंग्लैंड, दुबई, ओमान और सऊदी अरब के आर्डर भी मिल गए हैं। विदेशों में करीब 30 टन आम की आपूर्ति पहले चरण में होगी। पहली खेप कल रवाना हो रही है।

इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया जर्मनी को निर्यात के लिए आम की गुणवत्ता मैंगों पैक हाउस में पूरी कर ली गई है। पैकिंग शुरू हो गई है। शनिवार को पहली खेप निकलेगी। यह खेप भारत सरकार व जर्मनी सरकार के सामूहिक प्रयास से निर्यात की जा रही है।

### इस तरह बढ़ाई जाती है आम की गुणवत्ता

1. सबसे पहले साफ आम को बगीचे से तोड़कर मैंगों पैक हाउस लाया जाता है।
2. एक आम का वजन वजन करीब 250 ग्राम से अधिक और 400 ग्राम के भीतर होना चाहिए।
3. फिर कटर के माध्यम से इसके डंठल काटे जाते हैं व चेपी निकाली जाती है।
4. इसके बाद हॉट वाटर मशीन में आम को 48 डिग्री पर रखा जाता है जिससे आम के बाहरी और अंदरूनी कीट खत्म हो जाएं।
5. कुछ देर की प्रक्रिया के बाद आम को निकालकर दाग और धब्बे को फिर से साफ किया जाता है।
6. बैक्टीरियामुक्त होने के बाद आम को ठंडा कर उसे फोम नेट जालियों में पैक कर उसे डिब्बे में रखा जाता है।
7. इस पूरी प्रक्रिया में करीब छह घंटे का वक्त लगता है।

# मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5% रहने की उम्मीद

कोलकाता, एजेंसी

- रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने लगाया अनुमान

अग्रणी रेटिंग एवं आर्थिक शोध कंपनी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति के औसतन 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। क्रिसिल ने कहा-मानसून की सामान्य स्थिति को देखते हुए हम उम्मीद करते हैं कि खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी आएगी, जबकि गैर-खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हो सकती है। जिंस कीमतों में नरमी के कारण इसके नरम बने रहने की उम्मीद है।

रेटिंग कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति मई में मामूली रूप से घटकर 4.75 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2024 में 4.8 प्रतिशत थी। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि गैर-खाद्य श्रेणियों ने मुख्य मुद्रास्फीति को नीचे खींचा है, लेकिन चिंता की बात यह है कि खाद्य श्रेणियों अनाज तथा दालों में लगातार वृद्धि हो रही है। क्रिसिल ने कहा कि शहरी अर्थव्यवस्था को सख्त ऋण शर्तों से नियंत्रित किया जा सकता है। हाल के महीनों में बैंक खुदरा ऋण वृद्धि में कमी आई है, जबकि एनबीएफसी को बैंक ऋण देने पर प्रतिबंध लगाने के विनियामक उपायों का असर उपभोक्ता ऋणों पर भी पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया, सरकार के अच्छे पूंजीगत व्यय के बावजूद, राजकोषीय समेकन के कारण इसके पिछले वर्ष की तुलना में कम रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया कि धीमी वैश्विक वृद्धि से वस्तु निर्यात में वृद्धि बाधित हो सकती है।

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,500 |
| चांदी पक्की | 876 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,400 |
| चांदी आभूषण | 89,750। |

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.3 अरब डॉलर बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात जून को समाप्त सप्ताह में 4.307 अरब डॉलर बढ़कर 655.817 अरब डॉलर की नई सर्वकालिक ऊंचाई को छू गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.837 अरब डॉलर के उछाल के साथ 651.51 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था।

इससे पहले, विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर 10 मई को 648.87 अरब डॉलर था। पिछले कुछ सप्ताहों में विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, सात जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.773 अरब डॉलर बढ़कर 576.337 अरब डॉलर हो गयीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.982 अरब डॉलर हो गया।

## एडब्ल्यूएस ने की जेनएआई स्टार्टअप के लिए कोष बनाने की घोषणा

**नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने अपने वैश्विक सृजनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेन-एआई) प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत जेनएआई स्टार्टअप फर्मों के लिए 23 करोड़ डॉलर का कोष बनाने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम एक अक्टूबर से शुरू होगा और 10 सप्ताह तक चलेगा। इसका मकसद एशिया-प्रशांत और जापान (एपीजे) क्षेत्र से 20 और कुल मिलाकर 80 स्टार्टअप फर्मों एवं उनके संस्थापकों की मदद करना है। एडब्ल्यूएस ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए चयनित जेनएआई स्टार्टअप व नेटवर्किंग के अवसर मिलेंगे।

# मई में निर्यात 9% बढ़कर हुआ 38 .13 अरब डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकरी आंकड़ों के अनुसार व्यापार घाटा बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर पहुंचा



भारत का मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 7 महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने मई में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में स्वस्थ वृद्धि के दम पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में वृद्धि दर्ज की है।

आलोच्य अवधि में कच्चे तेल का आयात बढ़ने से देश का कुल आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर था। तेल आयात मई में 28 प्रतिशत बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में तेल आयात 24.4 प्रतिशत बढ़कर 36.4 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, इस साल मई में सोने का आयात मामूली रूप से घटकर 3.33 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 3.69 अरब डॉलर था।

समीक्षाधीन महीने में आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी देश का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जो सात महीनों का उच्चतम स्तर है। पिछली बार अक्टूबर 2023 में यह 31.46 अरब अमरीकी डॉलर रहा था। अप्रैल 2024 में देश का निर्यात घटकर 41.68 अरब अमरीकी डॉलर हो गया था जो अप्रैल 2023 में 41.96 अरब डॉलर था।

## राष्ट्रीय

# एक साथ चुनाव कराने पर समिति की रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष जल्द रखने की योजना

## रिपोर्ट को पेश करना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विधि मंत्रालय एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट को शीघ्र मंत्रिमंडल के समक्ष रखना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा है।

लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था। पूर्व राष्ट्रपति



रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने तथा इसके बाद 100 दिन के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की 15 मार्च को सिफारिश की थी। समिति ने कहा था कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। उसने यह भी सिफारिश की थी कि निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र तैयार करे।

### विधि आयोग 2029 से एकता सरकार के प्रावधान की कर सकता है सिफारिश

सूत्रों के मुताबिक इसके लिए हालांकि कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित कराना होगा। एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों के लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, विधि आयोग भी शीघ्र ही एक साथ चुनाव कराने के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि विधि आयोग 2029 से सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने और सदन के त्रिशंकु होने या अविश्वास प्रस्ताव जैसे मामलों में एकता सरकार के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है।

## प्रतिबंधित ई-सिगरेट के साथ दो गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्यूआरटी ने एक संयुक्त कार्रवाई में दो बदमाशों को गिरफ्तार करके उनके पास से लाखों रुपये कीमत के प्रतिबंधित ई-सिगरेट और गांजा आदि बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का सरगना फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्विक रिस्पांस टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत सेक्टर 18 के पास से बृहस्पतिवार रात को शाहनवाज, निवासी तुगलकाबाद, दिल्ली और रवि कुमार, निवासी जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों के पास से 2480 प्रतिबंधित ई-सिगरेट, चार किलोग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त होने वाला एक ऑटो रिक्शा बरामद हुआ है।



विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पूर्वी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान अधिकारियों से हाथ मिलाया और देश की समुद्री सीमाओं का निरीक्षण किया। ● एजेंसी

## एक नजर

### मणिपुर में प्रतिबंधित गतिविधियों में शामिल होने में एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** मणिपुर में एक प्रतिबंधित संगठन की तोड़फोड़ गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में शुक्रवार को गुवाहाटी के निकट खैगौलेन किपगेन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सोनापुर टोल गेट पर एक वाहन को रोका। उसने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान, ड्रोन में इस्तेमाल होने वाली विशेष बैटरी, 3 .40 लाख रुपये नकद, चार जोड़ी जूते और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### हत्या के मामले में तीन लोगों को उम्रकैद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को अपने दामाद की हत्या के मामले में ससुर सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सारण के विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रघुवंश नारायण ने प्रेम विवाह के कारण दामाद की हत्या करने वाले मांझी थाना के डुमरी निवासी गणेश यादव, राजेश यादव, सुभाष यादव को आजीवन करावास सजा सुनाई।

## कोर्ट ने सीआईडी को पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने से रोका

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सीआईडी को एक पॉक्सो मामले में पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भाजपा नेता येदियुरप्पा को भी इस पॉक्सो मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया। बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला इस वर्ष 14 मार्च को दर्ज किया गया था। सीआईडी के विशेष जांच दल ने बुधवार को पूछताछ के लिए येदियुरप्पा के पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध करते हुए त्वरित (फास्ट ट्रैक) अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

## बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर पुलिस से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

**राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल हमला मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने जमानत अर्जी पर नोटिस जारी किया और दिल्ली पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। कुमार अभी न्यायिक हिरासत में हैं और आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल पर हमला किया था। मामले में कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। कुमार के वकील ने दलील दी कि उन्हें हिरासत में रखे रहने का कोई कारण नहीं है और अदालत से जून में ही मामले पर अगली सुनवाई करने का अनुरोध किया, क्योंकि यह उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। उन्होंने दलील दी, मैं एक ऐसे अपराध को लेकर एक महीने से हिरासत में हूं, जिसमें (पीड़िता को) कोई चोट नहीं लगी है...। वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि मामले में जांच अब भी जारी है।

## उज्जैन में सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, नौ लोग गिरफ्तार

उज्जैन (मप्र), एजेंसी

- पुलिस ने 14.58 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए



मध्य प्रदेश के उज्जैन में पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी में एक सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार कर 14.58 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें टी-20 क्रिकेट विश्व कप और ऑनलाइन गेम पर सट्टा लगाने वाले एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संतोष कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया, "हमें सूचना मिली थी कि पीयूष चोपड़ा नामक व्यक्ति बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी में शामिल है। हमने दो दिनों तक सूचना पर काम किया। पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार शाम को मुसद्दीपुरा और 19 ड्रीम कॉलोनी सहित दो से तीन इलाकों में छापेमारी की।'' उन्होंने बताया कि दलों ने 14.58 करोड़ रुपये की नकदी और पाउंड और डॉलर सहित सात देशों की मुद्राएं बरामद कीं। उन्होंने बताया कि 40 से अधिक मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य गैजेट भी जब्त किए गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जो मध्य प्रदेश के नीमच और पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं, जो इस अवैध गतिविधि में शामिल थे। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि वह कई बार विदेश जा चुका है। सिंह ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने जा रहे हैं कि वह देश से भागे।" उन्होंने कहा कि इस संबंध में आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियों को भी सूचित किया जाएगा।

पकड़े गए आरोपियों के नाम जसप्रीत, रोहित, गुरप्रीत सिंह, मयूर जैन, सतप्रीत सिंह, आकाश मसीही, चेतन नेगी, हरीश और गौरव बताए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामले पंजीकृत किए गए हैं।

## डेरा सच्चा सौदा प्रमुख ने अदालत से 21 दिन की फरलो का किया अनुरोध

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और दुष्कर्म मामले में दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 21 दिन की फरलो के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय ने फरवरी में हरियाणा सरकार से कहा था कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को उसकी अनुमति के बिना और परोल नहीं दी जाए। उच्च न्यायालय तब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को अस्थायी तौर पर रिहा किए जाने को चुनौती दी थी। राम रहीम ने उच्च न्यायालय से निर्णय करने का अनुरोध किया है।

# उच्चतम न्यायालय ने आरोपी कार्यकर्ता की अंतरिम जमानत पर एनआईए का रुख पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी

**एल्गार परिषद मामला**



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से एल्गार परिषद-माओवादी संपर्क मामले में आरोपी कार्यकर्ता महेश राउत की एक याचिका पर निर्देश लेने को कहा। याचिका में राउत की दादी की मौत के बाद के अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की गई है।

न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने मामले में सुनवाई के लिए 21 जून की तारीख तय की। पीठ ने राउत के वकील से पूछा, ''अंतिम संस्कार 26 मई को था तो अब कौन से अनुष्ठान बचे हैं? आपने यह नहीं बताया कि ये कब होंगे ?'' राउत की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिहिर देसाई ने कहा कि यह अंतरिम जमानत अर्जी उनकी दादी की मृत्यु के बाद कार्यक्रमों में शामिल होने के वास्ते गढ़चिरोली जाने के लिए दायर की गई है। शीर्ष अदालत ने राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को लागू करने पर लगी रोक पिछले साल सितंबर में बढ़ा दी थी। एनआईए ने 33 वर्षीय राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

महेश राउत को जून 2018 में गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के फैसले के बाद एनआईए के वकील ने इस आदेश को लागू करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया था ताकि जांच एजेंसी इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे सके।

## बलौदाबाजार आगजनी व हिंसक घटनाओं की होगी न्यायिक जांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में 10 जून को हुई हिंसा की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति करेंगे।

एकल सदस्यीय न्यायिक जांच समिति तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेगी। राज्य शासन ने गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमरगुफा में जैतखांभ की क्षति ग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य शासन ने छह बिंदुओं पर जांच के लिए एकल सदस्यीय न्यायिक जांच का आदेश जारी किया है।

# यूक्रेन नाटो में शामिल होने की योजना छोड़े तो तत्काल संघर्ष विराम : पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन बोला- रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटाए

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को वादा किया कि यदि यूक्रेन अपने कब्जे वाले चार क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह तत्काल यूक्रेन में संघर्ष विराम का आदेश देंगे और बातचीत शुरू करेंगे। कीव के लिए इस तरह का प्रस्ताव अनुपयोगी ही लगता है क्योंकि वह नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल होना चाहता है। वहीं, यूक्रेन ने यह मांग भी की है कि रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटा ले।



पुतिन ने मॉस्को में रूस के विदेश मंत्रालय में एक भाषण में कहा, हम ऐसा तत्काल कर देंगे। रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के सदस्य देशों समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति लाने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है जिसमें रूस शामिल नहीं होगा। पुतिन ने कहा कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का आखिरी समाधान निकालना है।

### यूक्रेन में रूस के हवाई हमले की चेतावनी जारी

**कीव।** यूक्रेन की वायुसेना ने शुक्रवार को रूस की ओर से बड़े पैमाने पर हवाई हमले की चेतावनी जारी की। वायुसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार आज तड़के उत्तरी सुमी और चेर्निहाइव के हवाई क्षेत्र से कई मिसाइल यूक्रेन में प्रवेश कर गए और कीव, पश्चिमी शहर रिव्ने और पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र में स्टारोकोन्स्त्यंतीनिव शहर की ओर बढ़े। यूक्रेन के सरकारी प्रसारक सस्पिल्ने ने कहा कि हवाई अलर्ट के दौरान यूक्रेन की राजधानी और खमेलनित्स्की क्षेत्र में विस्फोटों की आवाजें सुनी गई।

# तनाव के बीच ईरान में सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू

दुबई, एजेंसी

- अमेरिका ने इसे परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर आलोचना का सामना करने के बाद उन्नत सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू किया है और आगामी हफ्तों में अन्य को भी लगाये जाने की योजना है। वहीं, अमेरिका ने इस कदम को परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया है।

नये सेंट्रीफ्यूज लगाये जाने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम में और तेजी आएगी, जो पहले से यूरेनियम का संवर्द्धन कर उसे आयुध स्तर का बना चुका है और कई परमाणु आयुध बनाने के लिए इसका पर्याप्त भंडारण कर चुका है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की स्वीकारोक्ति में, ईरान के अधिक संवर्द्धन करने की योजना का कोई संकेत नहीं मिला है। आईएईए ने कहा कि इसके निरीक्षकों ने सोमवार को सत्यापित किया कि ईरान ने अपने नतांज संवर्द्धन केंद्र में उन्नत आईआर-4 और आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज के तीन 'कासकेड' में यूरेनियम भरना शुरू कर दिया है। कासकेड, सेंट्रीफ्यूज का एक समूह है जो यूरेनियम के संवर्द्धन में तेजी लाता है। ईरान ने उन कासकेड में यूरेनियम का अब तक दो प्रतिशत शुद्धता के साथ संवर्द्धन किया है। ईरान ने यूरेनियम का 60 प्रतिशत तक संवर्द्धन किया है।

### प्यार भरी तकरार



नई दिल्ली में गर्मी के दिनों में एक मैना पेड़ पर दूसरी मैना से एक तितली छीनने की कोशिश करती हुई। • एजेंसी

## एक नजर

### नेपाल में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

**काठमांडू।** पूर्वोत्तर नेपाल के तापलेजंग जिले में गुरुवार रात भूस्खलन से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक फाक्टांगलुंग ग्रामीण नगर पालिका में एक दंपति और उनकी जुड़वां बेटियों की घर के मलबे में दब जाने से मौत हो गई। ग्रामीण नगर पालिका के अध्यक्ष राजन लिम्बु ने बताया कि सभी चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव शुक्रवार सुबह बरामद किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक परिवार द्वारा पाली गई लगभग 50 बकरियां और 10 से अधिक मुर्गियां भी इस आपदा की शिकार हो गयीं। नेपाल में वर्षाजनित आपदाएं आम हैं और नेपाली अधिकारियों का अनुमान है कि इस वर्ष 10 .8 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

### पापुआ न्यू गिनी ने भारत का किया हार्दिक धन्यवाद

**नयी दिल्ली/पोर्ट मोरेस्बी।** भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को भारत की ओर से भेजी गयी 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता शुक्रवार को पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उपस्थित पापुआ न्यू गिनी के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त इनबासेकर एस ने विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको को राहत सामग्री सौंपी। उसने कहा, एंगा प्रांत में भूस्खलन के पीड़ितों के लिए भारत से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एचएडीआर राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जिसे पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री तकाचेंको और रक्षा मंत्री बिली जोसेफ सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने प्राप्त किया।

### नाइजर के अपदस्थ राष्ट्रपति पर चलेगा केस

**डकार (सेनेगल)।** नाइजर की शीर्ष अदालत ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित देश के राष्ट्रपति मोहम्मद बाजौम को एक सैन्य विद्रोह में सत्ता से बेदखल किये जाने के साल भर बाद उनके विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही, कथित देशद्रोह के मामले में सैन्य शासन के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का मार्ग प्रशस्त हो गया। पिछले साल गर्मियों के मौसम में एक सैन्य तख्तापलट के बाद से बाजौम और उनके परिवार के सदस्य नजरबंद हैं। सैन्य शासन के अधिकारियों ने कहा कि उनकी योजना देशद्रोह के आरोपों और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने को लेकर उनपर मुकदमा चलाने की है।

# प्रवासन व आर्थिक सुरक्षा पर चर्चा

## जी-7 सम्मेलन के लिए इटली पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत भारतीय राजदूत ने किया

बारी (इटली), एजेंसी

- इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से की
- प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे



दुनिया के सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह (जी7) ने शुक्रवार को दक्षिणी इतालवी क्षेत्र अपुलिया में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रवासन के साथ ही हिंद-प्रशांत और आर्थिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कृत्रिम मेधा (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक सत्र को संबोधित करेंगे। तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर मोदी इटली पहुंचे जहां भारतीय राजदूत वाणी राव ने उनका स्वागत किया। वह जी7 की पारंपरिक फोटो से पहले विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा आयोजित जी7 के प्रतिभागियों - अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के अलावा प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर सम्मेलन में आमंत्रित 10 अन्य 'आउटरीच' देशों के नेता भी शामिल होंगे। मेलोनी ने कहा, इटली ने जिस एक और महत्वपूर्ण मुद्दे को प्राथमिकता दी है, वह अफ्रीका से जुड़ा है। इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से भी की, जिनकी जड़ें मजबूत हैं और शाखाएं भविष्य की ओर फैली हुई हैं।

### पोप फ्रांसिस जी-7 को संबोधित करने वाले पहले पोप बने

**बारी (इटली)।** पोप फ्रांसिस शुक्रवार को सात देशों के समूह 'जी7' को संबोधित करने वाले पहले पोप बन गये। उन्होंने विश्व के अग्रणी औद्योगिक देशों के नेताओं के समक्ष कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की संभावनाओं और खतरों पर प्रकाश डाला। फ्रांसिस ने दक्षिणी इटली में आयोजित वार्षिक शिखर सम्मेलन में जी7 और अन्य आमंत्रित देशों को संबोधित किया। पोप ने जी7 के प्रत्येक सदस्य और अतिथियों का स्वागत किया। कुछ देश और वैश्विक निकाय ओपनएआई के चैटजीपीटी द्वारा शुरू किए गए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का इस्तेमाल बढ़ने पर एआई पर मजबूत सुरक्षा उपायों के लिए जोर दे रहे हैं।

### यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति की दी सलाह

**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये। यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

### रणनीतिक रक्षा सहयोग तेज करने पर सहमत

**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को द्विपक्षीय मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा सहयोग को तेज करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने क्षितिज 2047 रोडमैप और हिन्द प्रशांत क्षेत्र रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

## रामाफोसा दूसरी बार राष्ट्रपति बनने की ओर अग्रसर

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी ने कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के लिए सिरिल रामफोसा का समर्थन करेगी, जिससे उनका लगातार दूसरी बार इस पद पर आसीन होना लगभग तय माना जा रहा है। डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) के नेता जॉन स्टीनह्यूसेन ने कहा कि उनकी पार्टी ने अब औपचारिक रूप से रामफोसा की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के साथ गठबंधन समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, और समझौते का एक हिस्सा यह है कि रामफोसा राष्ट्रपति होंगे।

# इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्ला, एजेंसी

- उत्तरी वेस्ट बैंक में कबातिया शहर में की गई कार्रवाई

उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए हैं। एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने बताया कि इजरायली पक्ष ने फिलिस्तीनी सुरक्षा समन्वय कार्यालय को सूचित किया कि इजरायली सेना ने कई घंटों तक एक घर को घेरा और गोलीबारी की, जिससे तीन युवकों की मौत हो गयी।

एक वायरल वीडियो क्लिप में एक इजरायली बुलडोजर को मारे गए लोगों में से एक के शव को घर से निकालते और जमीन पर फेंकते हुए दिखाया गया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि तीनों लोग इस्लामिक जिहाद आंदोलन की जेनिन बटालियन के नेता और जेनिन शिविर के निवासी थे। फ़िलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली बलों ने उसके कर्मचारियों पर तब हमला किया जब उन्होंने एक घायल व्यक्ति को पड़ोस से अस्पताल ले जाने का प्रयास किया।

# हूती विद्रोहियों ने दो क्रूज मिसाइल दागीं

दुबई, एजेंसी

- अदन की खाड़ी में एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया

अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में जहाज रोधी दो क्रूज मिसाइल दागीं और एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया, जिससे जहाज में आग लग गयी व एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।

अमेरिकी मध्य कमान' ने बताया कि एम/वी वर्बेना में अब भी आग लगी हुई है और घटना में झुलसे व्यक्ति को चिकित्सा उपचार के लिए अमेरिकी हेलीकॉप्टर से निकटवर्ती एक अन्य जहाज पर ले जाया गया। मध्य कमान ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के स्वामित्व वाले वर्बेना जहाज पर पलाउ का झंडा लगा था। पौलेंड द्वार संचालित विशाल मालवाहक जहाज मलेशिया से चला था और लकड़ी लेकर इटली की ओर जा रहा था। बयान के मुताबिक, एम/वी वर्बेना क्षतिग्रस्त हुआ और उसमें आग लग गयी। चालक दल आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर हूती विद्रोही इस तरह के हमले कर रहे हैं और बृहस्पतिवार को हुआ हमला उनके अभियान का हिस्सा है। ब्रिटेन की सेना के ब्रिटेन समुद्री व्यापार संगठन केंद्र ने गुरुवार को कहा कि एक जहाज पर हमला किया गया जिससे जहाज में आग लग गयी।

# माता-पिता, एक अन्य को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

## पुणे कार हादसा

- तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी


पुणे के कल्याणी नगर में हुई पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के माता-पिता और एक अन्य आरोपी को यहां की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इन तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी। किशोर के रक्त के नमूने कथित तौर पर बदलने को लेकर उसके पिता विशाल और मां शिवानी अग्रवाल तथा बिचौलिया अश्पक मकंदर के खिलाफ जांच की जा रही है।

किशोर के रक्त का नमूना, 19 मई को हुई दुर्घटना के दौरान उसके शराब के नशे में होने या ना होने का पता लगाने के लिए एकत्र किया जाना था। मकंदर पर अग्रवाल दंपति और ससून अस्पताल के चिकित्सकों के बीच बिचौलिए की भूमिका निभाने का आरोप है, जहां ऐसे मामलों में रक्त के नमूने एकत्र किए जाते हैं। आरोप है कि किशोर के रक्त के नमूने को उसकी मां शिवानी अग्रवाल के रक्त के नमूनों से बदल दिया गया। दंपति और मकंदर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने किशोर के माता-पिता को न्यायिक हिरासत में भेजने का, लेकिन मकंदर को और तीन दिनों के लिए पुलिस हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया था।

# शहबाज शरीफ ने मौलाना फजलुर रहमान को गठबंधन में शामिल होने का न्यौता दिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पूर्व सहयोगी जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने और देश में राजनीतिक गतिरोध को दूर करने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया है।



समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बिलावल भुट्टो-जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य छोटे दलों के समर्थन से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शरीफ ने गुरुवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) प्रमुख के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री शहबाज (72) ने मौजूदा राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए एक समिति के गठन का भी प्रस्ताव रखा और मौलाना रहमान से सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने को कहा। जेयूआई-एफ के प्रवक्ता ने बताया कि मौलाना रहमान ने इनकार कर दिया है।

### अचकजई ने नवाज और जरदारी से वार्ता की इच्छा जताई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ वार्ता का नेतृत्व करने के लिए इमरान खान की पार्टी द्वारा चुने गए पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने शुक्रवार को पीएमएल-एन के अध्यक्ष नवाज शरीफ और पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने विपक्षी गठबंधन के मंच तहरीक-ए-तहफ्फुज आईन (टीटीएपी) के माध्यम से वार्ता का नेतृत्व करने के लिए अचकजई को चुना था। अचकजई ने एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान को एक मजबूत सेना की जरूरत है और स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन सेना के खिलाफ नहीं है।

# इराकी राजनयिक को स्वीडन ने तलब किया

कोपेनहेगन, एजेंसी

- इराक में स्वीडन के दो लोगों को सुनाई गई है मौत की सजा

स्वीडन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसके अधिकारियों ने इराक में स्वीडन के दो लोगों को सुनाई गई मौत की सजा के विरोध में शुक्रवार को इराक के प्रभारी राजनयिक को तलब किया। स्वीडिश मीडिया ने हाल के दिनों में बताया कि इराक में एक आपराधिक गिरोह के सदस्य की हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद स्वीडन के दो लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है।

स्वीडन की समाचार एजेंसी टीटी ने शुक्रवार को स्टॉकहोम में विदेश मंत्रालय के हवाले से पुष्टि की कि स्वीडिश पासपोर्ट वाले कम से कम एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई गई है। स्वीडन के विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने एक बयान में कहा, हम मृत्युदंड सुनाने की निंदा करते हैं। हम परिस्थितियों की परवाह किए बिना सदैव और हर जगह इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में उनके अधिकारियों ने स्वीडन के विरोध से अवगत कराया और मांग की कि मृत्युदंड की सजा पर अमल नहीं किया जाए। 'टीटी' ने बताया कि इराक में एक अपराधी की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए स्वीडन के दो अन्य नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। माना जाता है कि इस साल की शुरुआत में हत्या की यह घटना दो स्वीडिश समूहों के बीच गैंगवार से जुड़ी है।

## बॉलीवुड हलचल

### अजय-तब्बू की औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और तब्बू की आने वाली फिल्म औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी फिल्म औरो में कहां दम था में अजय देवगन और तब्बू की मुख्य भूमिका है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अजय देवगन नेट्रेलर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। ट्रेलर के आखिर में अजय देवगन कहते हैं- जब दिल में धुंआ उठा, तब बरसात का मौसम था। सौ दर्द दिए उसने जो दर्द का मलहम था। हमने ही सितम ढाए हमने ही कहर तोड़े.. दुश्मन थे हमी अपनेऔरों में कहां दम था। फिल्म औरों में कहां दम था की कहानी 2002 से 2023 के बीच की कहानी दर्शाती है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी नजर आएंगे। शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक निर्मित और नीरज पांडे निर्देशित यह फिल्म 05 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### सन्नी देओल ने बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जे.पी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉर्डर में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में बैकग्राउंड में सन्नी देओल की आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि 27 साल पहले एक फौजी ने वादा किया कि वो वापस आएगा। उसी वादे को पूरा करने और हिंदुस्तान की मिट्टी को सलाम कहने आ रहा है फिर से। बॉर्डर 2 को भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी।



### 11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। आलिया भट्ट ने फिल्म जिगरा का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम हैंडल से साझा करते हुए रिलीज डेट का खुलासा किया है। वेदांग रैना के साथ आलिया इस फिल्म में धमाल मचाती नजर आएंगी। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म जिगरा का पोस्टर साझा करते हुए लिखा है, 11 अक्तूबर 2024 को जिगरा के साथ सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्टर में आलिया का एनिमेटेड अवतार देखने को मिल रहा है, जिसमें वह पीठ पर बैग टांगे खड़ी नजर आ रही हैं। जिगरा आलिया भट्ट के लिए काफी खास फिल्म है। आलिया फिल्म जिगरा की को-प्रोड्यूसर भी है। बताया जा रहा है कि जिगरा की कहानी एक बास्केटबॉल खिलाड़ी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

## खगोल विज्ञान | विशाल मैगेलन दूरबीन रखा गया है दूरबीन नाम

# 65 मीटर व्यास की होगी दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन

अमृत विचार, नैनीताल

दुनिया की सबसे विशाल दूरबीन 2030 में ब्रह्मांड की निगरानी शुरू कर देगी। इस दूरबीन की सुविधा उपलब्ध होने से खगोल विज्ञान में खोज का दायरा दो सौ फीसद बढ़ जाएगा। इस दूरबीन का नाम विशाल मैगेलन दूरबीन है।

चिली के लास कैम्पानास वेधशाला में यह दूरबीन स्थापित की जाएगी। यह पृथ्वी पर स्थापित की जाने वाली ऑप्टिकल दूरबीन होगी, जो 65 मीटर व्यास की है। इसका डिजाइन बनकर तैयार हो चुका है। साथ ही मिरर का कार्य भी प्रगति पर है। यह कई देशों की साझा परियोजना है। दुनिया की सबसे बड़ी खगोलीय सुविधाओं में से एक बनने वाले टेलीस्कोप का घेरा अपनी अंतिम डिजाइन समीक्षा से गुजर चुका है और अब चिली में निर्माण के लिए तैयार है। यह समीक्षा दूरबीन के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगी। 2030 की शुरुआत तक चालू होने की राह पर है। टेलीस्कोप के डिजाइन में दो वर्ष का समय लगा।



दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन का डिजाइन।

टेलीस्कोप के सुविधा प्रबंधक ब्रूस बिगेलो के अनुसार 65 मीटर लंबा घेरा अब तक निर्मित सबसे बड़ी मशीनीकृत इमारतों में से एक होगा और आधुनिक इंजीनियरिंग और सटीक विनिर्माण की सच्ची उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करेगा। इसका वजन 5,000 मीट्रिक टन है। यह घेरा चार मिनट में पूरा चक्कर लगाने में सक्षम होगा। इसमें 46 मीटर लंबे शटर वाले दरवाजे हैं, जो आसमान की ओर 25 मीटर दूरबीन का हिस्सा आसानी से बाहर निकाल सकेंगे। इसके लिये स्मार्ट बिल्डिंग बनाई जाएगी, जो दुनिया के सात सबसे बड़े दर्पणों की सुरक्षा वाला आधुनिक भवन होगा।

### एक अरब प्रकाश वर्ष क्षमतावान वाली दूरबीन

**नैनीताल :** यह दूरबीन एक अरब प्रकाश वर्ष से अधिक दूर आकाश में खगोलीय पिंडों को ट्रैक कर सकेगी। 36 देशों में टेलीस्कोप का निर्माण, परीक्षण और डिजाइन कार्य चल रहा है। इसकी उन्नत सफल प्रौद्योगिकियां दुनिया भर के वैज्ञानिकों को सशक्त बनाएंगी, जो ब्रह्मांड के विकास, रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति और पहली बार दूर के एक्सोप्लैनेट पर जीवन की खोज में अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगी।